सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 291



12 पाक तनाव बढ़ायेगा तो फिर मिलेगा जवाब




## 25 मिनट में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने मटियामेट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के पंद्रहवें दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत का बदला ले लिया। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ की सटीक पहचान के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमले में मटियामेट कर दिया। इन हमलों में अब तक 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मुरदीके में 30 आतंकियों को मार गिराया गया। दूसरे कैंपों में भी दर्जनों आतंकवादी मारे गये। इस ऑपरेशन में 100 से आतंकियों के मारे जाने की खबर है।

# 24 मिसाइलों से सौ आतंकी ढेर



## आतंकवादियों के नौ ठिकाने जिसपर भारतीय सेना ने साधा सटीक निशाना

**भारतीय वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के चार, लश्कर-ए-तैयबा के तीन और हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। जानकारी के अनुसार यहीं पर कसाब और हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। हमले के बाद आधी रात को वहां चीख-पुकार मच गयी।**

**मुरीदके :** यह आतंकी ठिकाना यह लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का प्रशिक्षण शिविर था। यही से ट्रेंड आतंकियों ने 26/11 मुंबई हमलों को अंजाम दिया था। मुरीदके आतंकियों को प्रशिक्षित करने और उन्हें भारत में भेजने का एक अहम अड्डा था।

**सरजल कैंप :** यह सरजल इलाके के तेहराकलां गांव में जैश-ए मोहम्मद का प्रशिक्षण केंद्र था। यह आतंकियों को हथियारों का प्रशिक्षण देता था और उन्हें भारत में घुसपैठ के लिए तैयार करता था। अंतरराष्ट्रीय सीमा से 8 किलोमीटर दूर स्थित है।

**मेहमूना जोया (सियालकोट):** यह हिज्बुल मुजाहिदीन का प्रशिक्षण शिविर था। हिज्बुल मुजाहिदीन, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है, और यह शिविर उनके लिए नए लड़ाकों को तैयार करने का काम करता था।

**मुजफ्फराबाद, सैयदाना बिलाल कैंप :** पीओके के मुजफ्फराबाद स्थित यह आतंकी ठिकाना जैश ए मोहम्मद का अहम ठिकानों में से एक था। इस कैंप का इस्तेमाल आतंकियों के लॉन्च पैड की तरह किया जाता था। साथ ही आंतकियों प्रशिक्षण केंद्र भी था।

**सवाई नाला कैंप :** मुजफ्फराबाद स्थित आतंकी ठिकाना तंगधार सेक्टर के अंदर 30 किलोमीटर दूर स्थित था। यह लश्कर का एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र था, जहां बड़ी संख्या में लश्कर के कैडरों की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था।

**कोटली :** कोटली शहर में हिज्बुल मुजाहिदीन लश्कर के मरकज राहिल शाहीद का शिविर था। 50 से अधिक आतंकियों की क्षमता वाला यह ठिकाना था। यह क्षेत्र में लश्कर की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। एलओसी से 15 किमी दूर था।

**बरनाला :** यह लश्कर ए तैयबा का प्रमुख आतंकी ठिकाना था। मरकज अहले हदीस नाम से संचालित यह आतंकी कैंप भारत में घुसपैठ की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के लिए जाना जाता था। एलओसी से 10 किलोमीटर दूर स्थित था।

**बहावलपुर, मरकज सुभान अल्लाह :** यह जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय था। भारतीय सेनाओं ने इसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। पुलवामा हमले के लिए आतंकियों को यहीं ट्रेनिंग दी गयी थी। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर है।

**कोटली, मरकज अब्बाद :** कोटली में ही जैश ए मोहम्मद के मरकज अब्बास नामक आतंकी ठिकाना था। जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। यह सेंटर जैश ए मोहम्मद संचालित करता था। यह कोटली मिलिट्री कैंप से 2 किमी दूर स्थित है।

## सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले की क्लिप दिखायी

प्रेस ब्रीफिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने बुधवार की सुबह संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की जानकारी दी और उसकी वीडियो क्लिप भी दिखाई।

**पहलगाम हमले के पीड़ितों के न्याय के लिए ऑपरेशन सिंदूर**




**शुरू किया:** कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन को लेकर बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। भारत ने पाक समर्थित नौ आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से आतंकवादी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा था, जो पाकिस्तान और पीओके दोनों में फैला हुआ है।

दुनिया ने देखा भारत का एयर पावर

## राफेल और सुखोई ने पाक में मचाया गदर

रात 1.44 बजे - भारत का ऐलान : ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च
रात 1.51 बजे - इंडियन आर्मी ने सोशल मीडिया में लिखा : जस्टिस इज सर्व्ड, जय हिंद
रात 2.46 बजे रक्षा मंत्री ने लिखा : भारत माता की जय

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने बदला ले लिया। आतंकी हमले के 15वें दिन में ही आतंकियों को निशाना बनाकर भारत सरकार ने अपना वचन पूरा किया। बता दें कि



भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। ऑपरेशन सिंदूर में सुखोई-30 और रफाल फाइटर जेट का भी इस्तेमाल किया गया।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जानकारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दी। यह अभियान बुधवार तड़के भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। यह कार्रवाई समझ-बूझकर, आनुपातिक और गैर-उग्र प्रकृति की थी, जिसमें नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को छोड़कर, विशेष रूप से आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था।

जैश-ए-मोहम्मद के सरगना का कुनबा खत्म, 14 की मौत

## हमले में मैं भी मर जाता तो अच्छा होता : मसूद अजहर

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार और दोस्तों की मौत हो गयी है। मसूद ने परिवार के लोगों की मौत पर रोते हुए कहा कि अगर वह भी मर जाता तो अच्छा रहता। अजहर ने एक बयान जारी कर अपने परिवार के सदस्यों के मारे जाने की जानकारी दी। मिसाइल हमले में मरने वालों में अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा जैश से जुड़े अजहर के चार करीबी आतंकियों की भी मौत हुई है। पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित



सुभान अल्लाह मस्जिद परिसर पर भारतीय सेना ने चार मिसाइल दागी। हमले में ये इमारत पूरी तरह तबाह हो गयी। जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर ने बयान में यह भी कहा कि उसके परिवार के लोग मारे गये हैं। क्रूरता के इस कृत्य ने सारी हदों को पार कर लिया है। बता दें कि मसूद अजहर को वर्ष 1999 में विमान आईसी-814 के अपहृत यात्रियों की रिहाई के ऐवज में जेल से छोड़ा गया था। उसके बाद से बहावलपुर जैश का अड्डा बना हुआ था।

**घुटने पर पाक, रक्षा मंत्री बोले- हम तनाव खत्म करने को तैयार**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर नयी दिल्ली नरम रुख अपनाता है तो पाकिस्तान, भारत के साथ तनाव खत्म करने को तैयार है। आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का यह बयान आया है। आसिफ के हवाले से खबर में बताया कि पाकिस्तान केवल तभी जवाब देगा जब उस पर हमला होगा। उन्होंने कहा, हम पिछले एक पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे। अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे। अगर भारत नरम रुख अपनाता है तो हम निश्चित रूप से इस तनाव को खत्म करेंगे।

पीएम मोदी ने कैबिनेट सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर की दी पूरी जानकारी

## एकदम सटीक हमला, ये होना ही था : प्रधानमंत्री

देश को सेना पर गर्व

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गयी एयर स्ट्राइक के बाद पीएम मोदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया। इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। यह ऑपरेशन बिल्कुल सटीक रहा और यह तो होना ही था। बुधवार को कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

**सेना पर गर्व :** बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन



को अंजाम दिया। उन्होंने ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और कहा कि ये तो होना ही था। उन्होंने कहा, पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। हमें हमारी सेना पर गर्व है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी आपरेशन की सरहाना की। पीएम ने सशस्त्र बलों की उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की।

कैबिनेट मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और सशस्त्र बलों की उनके सफल संचालन के लिए सराहना की। केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पीएम और सैन्य प्रतिष्ठान के साथ मजबूती से खड़ा है। सीमा पार घुसपैठ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आतंकी ठिकानों और शिविरों को निशाना बनाकर किये गये इस हमले को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रात भर चले ऑपरेशन पर लगातार नजर रखी। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया जहां से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित करने के तुरंत बाद पूरे मंत्रिमंडल ने मेज थपथपाकर इस कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की।

### केंद्र ने आज बुलायी सर्वदलीय बैठक



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने 8 मई को सुबह 11 बजे एक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित वरिष्ठ मंत्री सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बैठक का एजेंडा :** बैठक का एजेंडा विपक्षी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने पर केंद्रित है। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रूस हुए रवाना

रूस की विक्ट्री डे परेड में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, भारतवंशियों के साथ संवाद का भी होगा कार्यक्रम



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार को दो दिवसीय यात्रा को लेकर रूस रवाना हो गये। मास्को में 8-9 मई को आयोजित होने वाली विक्ट्री डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कई राष्ट्रीय अध्यक्ष भाग लेंगे। भारत की भागीदारी शांति और स्थिरता की दिशा में वैश्विक प्रयासों में भारत रूस राजनीतिक साझेदारी और साझा इतिहास के महत्व को रेखांकित करेगी। साथ ही, रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संवाद भी करेंगे। भारत और रूस की मैत्री सदैव ही गहरी रही है। रक्षा राज्य मंत्री की यह रूस यात्रा कई मामलों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### कार्टून कोना




### रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास



**मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने बुधवार एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित के संन्यास की खबर ठीक उस वक्त पर आई, जब सेलेक्शन कमेटी ने उन्हें टेस्ट टीम की कप्तानी से हटाने का फैसला कर लिया था और साथ ही इंग्लैंड दौरे पर टीम में जगह मिलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही थी। रोहित शर्मा ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था और 2019 में वो टीम इंडिया के ओपनर बने थे, जिसके बाद से ही वो टीम में स्थायी जगह बनाने में सफल रहे थे। 2022 में उन्हें टेस्ट टीम की कमान मिली थी।

काशिश न्यूज के जोहार टॉक्स में झारखंड के विकास पर हुई खुली चर्चा

## नयी उर्जा के साथ आगे बढ़ रहा झारखंड : स्पीकर

संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** होटल बीएनआर में मंगलवार को कशिश न्यूज की ओर से आयोजित जोहार टॉक्स कार्यक्रम में झारखंड के विकास संवाद किया गया। राज्य के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहलुओं पर केंद्रित इस आयोजन में सत्ता और विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं, मंत्रियों, विशेषज्ञों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दीप जला कर किया। स्पीकर श्री महतो ने कहा कि झारखंड अब नयी ऊर्जा और नयी सोच के साथ विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य,



कार्यक्रम का उदघाटन करते स्पीकर रवींद्रनाथ महतो।

कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह आयोजन राज्य के सकारात्मक विमर्श को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विधायक सरयू राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, वरिष्ठ भाजपा नेत सीपी सिंह, समेत कई नेताओं ने अपनेअपने विचार रखे। तमाम प्रतिनिधियों को कशिश न्यूज झारखंड-बिहार के संपादक अनुराग ठाकुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। दैनिक **खबर मन्त्र** इसकी मीडिया पार्टनर था।

### किशोर ने केंद्र पर साधा निशाना



संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड सरकार की प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर खुलकर बात की। कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुद्दढ़ करने और गरीब वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के लिये जारी की जाने वाली विशेष फंडिंग में कटौती की भी आलोचना की।

### सबको स्वास्थ सेवा हमारा लक्ष्य : इरफान

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कहा कि झारखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। हम टेक्नोलॉजी के सहारे दूरदराज के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। हमारे लक्ष्य में हर नागरिक का स्वास्थ्य शामिल है।

### शिक्षा में सुधार का प्रयास जारी: सोरेन

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने शिक्षा को राज्य की रीढ़ बताते हुए कहा कि झारखंड में शैक्षणिक सुधार की दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजेजानेवाले छात्रों की संख्या 50 से बढ़ा कर एक सौ करने जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

### पाक से टेंशन के बीच दिल्ली से रांची तक ब्लैकआउट

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिये थे। दिल्ली और रांची से लेकर पटना समेत देश भर के कई शहरों में ब्लैकआउट की स्थिति बनायी गयी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश में 244 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका नाम ऑपरेशन अभ्यास नाम दिया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान कई इलाकों में सायरन की तेज आवाज भी सुनी गयी। दिल्ली, झारखंड, हरियाणा, बिहार, आंध्र प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभ्यास किये गये। मॉक ड्रिल में किसी भी आपात स्थिति से निपटने में आने वाली चुनौतियों के लिए अभ्यास किया गया। इस दौरान हवाई हमलों, आग लगने की आपात स्थितियों और खोज एवं बचाव कार्यों जैसे कई प्रतिकूल परिदृश्यों का अनुकरण किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर, भारत की दूरदर्शिता का प्रतीक : अजय राय

**रांची।** भाजपा मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक अजय राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यह भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि ष्यह अभियान न केवल हमारी सुरक्षा एजेंसियों की रणनीतिक क्षमता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि भारत अब किसी भी आतंकी गतिविधि का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है : विहिप

**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के द्वारा 09 आतंकवादी ठिकानों पर हमलाकर उसका नामोनिशान मिटा दिया गया जो भारतीय सेना की श्रेष्ठ शौर्य प्रदर्शन व भारत के प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है। विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने गुरुवार को प्रेस वयान जारी कर कहा कि अपने सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। हमारी सेना ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिंदुओं बहनों के सुहाग का सिंदूर की मान रखते हुए 90 आतंकवादियों को मारकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों के अकाओं को यह पता चल गया कि 24 मिसाइलों के द्वारा आक्रमण हो जाता है और उन्हें पता भी न चलता, यह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सेना का शौर्य ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद एवं आतंकवादियों के खिलाफ हमला है। पाकिस्तान के किसी भी नापाक इरादा को चूर करने के लिए देशवासियों को भी चौकन्न रहना होगा तथा अपने सेना के कंधों से कंधा मिलाकर चलना होगा।


**कोर्ट नोटिस**

O.M संख्या-221/2024
पूजा मुण्डा वगैरह ..... वादी/प्रार्थी।
बनाम्
रूप चरण@ रामचरण मुण्डा...विरोधी पक्ष।

रूप चरण@ रामचरण मुण्डा, उम्र 39 वर्ष, पिता-जीत बाहन, निवसी-अमलो, पो.-अमलो, थाना-बेरमो, जिला - बोकारो, झारखण्ड :-

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने आपके विरुद्ध न्यायालय में उपर्युक्त भरण पोषण हेतू ओरिजिनल भरण पोषण वाद संख्या-221/2024 दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा -125 के अंतर्गत दाखिल किया है जिसकी अगली सुनवाई की तिथि 09/06/25 को मुकर्र किया गया है।

अतः उक्त तिथि को समय प्रातः 10:30 बजे सुबह आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की कारवाई एक पक्षीय कर दी जायगी।


### 138 पाराभेट और 50 सहकारी समितियों को कृषि मंत्री ने दिया निबंधन प्रमाण पत्र

# सहकारी समितियां रोजगार के क्षेत्र में कर सकती हैं बड़ा काम : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 138 पाराभेट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और 50 सहकारिता समितियों के बीच निबंधन प्रमाण पत्र वितरण किया। बुधवार को हेसाग स्थित निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में सहकारी समितियों का बड़ा योगदान है। झारखंड जैसे प्रदेश में जहां औद्योगिक विकास की संभावना बहुत कम दिखती है, वहां सहकारी समितियों की भूमिका बढ़ जाती है। आज के दिन कई राज्यों में सहकारी समितियां बड़े-बड़े काम कर रही है। इस सोच के साथ सहकारी समितियों के सदस्यों को एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। बगैर आपसी सामंजस्य से समितियों का विकास संभव नहीं है।



मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 11 हजार 755 समितियां रजिस्टर्ड है। कई समितियां बेहतर काम कर रही है, जबकि कई समितियां ऐसी भी है जो शिथिल पड़ी है उन्हें एक मौका जरूर दिया जाएगा ताकि वो अपने काम की गति बढ़ा सके। अगर ऐसा नहीं करते है तो उनका निबंधन रद्द किया जाएगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि महिलाओं को ये नहीं पता की राशि का उपयोग रोजगार के लिए कैसे करना है। सहयोगी समितियों को अपनी दिशा तय करनी होगी। पाराभेट के प्रशिक्षण से पशु चिकित्सा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भधारण के काम में गति मिलेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद पाराभेट को क्या करना ये जान लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पशु धन सहायक की बहाली में पाराभेट को भविष्य में प्राथमिकता मिले इसकी कोशिश विभाग के द्वारा जरूर की जाएगी। मोबाइल वेटनरी वैन में भी एक पाराभेट प्रशिक्षु होंगे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा को अगर उपयोग में नहीं लाएंगे तो प्रशिक्षण का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जो प्रशिक्षण दिया गया है उसको क्षेत्र के लोगों के साथ साझा करने से पशुपालकों को लाभ मिलेगा। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उप निबंधक जार्ज अफ्रेम कुजूर, उप निदेशक मनोज तिवारी, सहायक निबंधक अशोक तिवारी, सैमसन टोप्पो सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## बीएलओ मतदाताओं के साथ भारत के चुनाव आयोग का पहला इंटरफेस हैं : सीईसी

- **अब तमिलनाडु और पुदुचेरी के क्षेत्र स्तरीय चुनाव पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने अब तमिलनाडु और पुदुचेरी के क्षेत्र स्तरीय चुनाव पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण देने का एक और अभूतपूर्व कदम उठाया है। आईआईआईडीईएम दिल्ली में इस मिश्रित बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 264 बीएलओ पर्यवेक्षकों, 14 ईआरओ, 2 डीईओ और अन्य अधिकारियों सहित 293 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ मतदाताओं के साथ भारत के चुनाव आयोग का पहला इंटरफेस हैं एवं सही और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्ति करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही, पिछले कुछ हफ्तों के दौरान आईआईआईडीईएम में आयोजित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लगभग 2,300 प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। यह 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले कुछ वर्षों में देश भर में 1 लाख से अधिक बीएलओ सहित सभी स्तरों पर चुनाव पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप है।

बीएलओ पर्यवेक्षकों को फॉर्म 6, 7 और 8 सहित विभिन्न फॉर्मों को सही तरीके से भरना सुनिश्ति करने के लिए इंटरैक्टिव सत्रों, रोल प्ले के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। मॉड्यूल में आईटी समाधानों के उपयोग में व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। इन बीएलओ पर्यवेक्षकों को अन्य बीएलओ को प्रशिक्षित करने के लिए विधानसभा स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में सुसज्जित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को आरपी अधिनियम 1950 की धारा 24 (ए) के तहत जिला मजिस्ट्रेट (डीएम या समकक्ष रैंक के अधिकारी) और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास क्रमशः अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के खिलाफ पहली और दूसरी अपील के प्रावधानों से परिचित कराया गया। विदित हो कि 6-10 जनवरी 2025 तक विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) अभ्यास के पूरा होने के बाद तमिलनाडु और पुडुचेरी से कोई अपील दायर नहीं की गई थी।

## वादे के मुताबिक मोदी जी ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया : प्रतुल शाहदेव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकवादियों और उनको शह देने वाले को मिट्टी में मिला देंगे। वादे के अनुसार भारतीय सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ये 21वीं शताब्दी के 25वें वर्ष का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व वाला नया भारत है। यहां आतंकवाद के लिये जगह नहीं है। अब देश के सुरक्षा बल सीमा पार घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करता है। उम्मीद है पिछली बार एयर स्ट्राइक का सबूत मांग रहे लोगों को इस बार काफी सुबूत मिल गया होगा। ऑपरेशन सिंदूर ने उन महिलाओं के जख्म पर मलहम लगाने का काम किया है, जिनके सिंदूर को आतंकवादियों ने पहलगाम हमले में छीन लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग आगे भी जारी रहेगी। भारत ने पूरी दुनिया में संदेश दे दिया है कि आतंकवाद पर ना झुकेंगे ना झेलेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महिला मंच ने पढ़ी देशभक्ति कविताएं



**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बुधवार को महिला मंच ने देशभक्ति कविता पाठ किया। मौके पर प्रीता झा, सारिका भूषण, नंदनी प्रणय, रंगोली सिन्हा, उमा सिन्हा, भावना अम्बाष्ठ, कविता रानी, लोकृति गुप्ता, रश्मि सिन्हा, बिंदु प्रसाद, गीता रानी जैन, सुनीता श्रीवास्तव, रेणु झा रेणुका,प्रीता अरविन्द, रेखा जैन, मंजुला सिन्हा, सुनीता अग्रवाल, डॉ सुरिंदर कौर, पुष्पा सहाय, माधवी उपाध्याय ने कविता पाठ किया। गोष्ठी का संचालन रेणु झा और धन्यवाद ज्ञापन प्रीता झा ने किया।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत ने छेड़ी निर्णायक लड़ाई : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- झारखंड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और सेना को बधाई**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना को झारखंड की जनता की ओर से बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुये पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अपने चिर परिचित अंदाज में अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुये दुश्मन के घर में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। हमारे देश की ओर आंख उठाकर भी देखने वाले आतंकवादियों और उसके रहनुमाओं का सिर कुचल दिया जायेगा।

## पूर्व मंत्री के बेटे की शादी समारोह में सीएम ने की शिरकत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के सुपुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होने के लिये बोकारो जिला के ग्राम अलारगो स्थित उनके आवास पहुंचे। वहां उन्होंने नवदंपति को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिये अशेष शुभकामनायें तथा आशीर्वाद दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व मंत्री बेबी देवी तथा उनके परिजनों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## चार्जशीटेड आरोपियों की जमानत पर अब सुनवाई 22 को

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड आरोपी नंद लाल, डॉ दीना नाथ सिंह, मुनिंद्र तिवारी, शिव बहादुर सिंह, रघुवीर सिंह तोमर, संतोष कुमार चौधरी, राजीव कुमार सिंह और सुदामा कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 22 मई को होगी। याचिकाओं पर बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 22 मई निर्धारित की है। आरोपियों ने जमानत की गुहार लगाते हुये पिछले महीने याचिका दाखिल की है।

## रिश्वतखोर दारोगा की जमानत पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद नामकुम थाना का दारोगा चंद्रदीप प्रसाद की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बुधवार को एसीबी की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख निर्धारित की गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबीद्ध रांची की टीम ने बीते 4 अप्रैल को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। वह दहेज प्रताड़ना के एक केस को मैनेज करने के नाम पर आशीष कुमार यादव नामक व्यक्ति से रिश्वत ले रहा था।


**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-एमएल-आईएनएसटी-एचटीई-54, दिनांक: 05.05.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** हटिया कोचिंग डिपो में प्रति पाली 1 टन क्षमता वाली यांत्रिक लॉन्ड्री मशीनों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागत** (जीएसटी सहित): रु. 1,68,10,277.64; **बयाना राशि:** रु. 2,34,100; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** www.ireps.gov.in (PR-128)


## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी में बांटी गई मिठाई

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों हमारे देश के सैनिक द्वारा की गयी कार्रवाई पर गैलक्सी मॉल के पास मिठाइयां बांटी व आतिशबाजी की। तिरंगा झंडा लेकर संजय कुमार जायसवाल ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं, जिस तरह आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस ऑपरेशन सिंदूर ने उन बहनों को न्याय दिलाने का काम किया है। हमारा देश उन वीर सैनिकों का है, जो मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से ललित नारायण ओझा, शुभम कुमार जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, सुजीत वर्मा, ललन सिंह, राजू शर्मा, कुंदन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश कुमार, रिंकू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।




**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा (जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**

जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा नवाचार गतिविधि के तहत कोडरमा जिला के सभी प्रखण्डों में DeGS Computer Basic Training Centre का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत स्थानीय युवक/युवतियों को डिजिटल साक्षरता (बेसिक कम्प्यूटर) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को सूचना प्रोद्यौगिकी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए NSQF aligned प्रशिक्षण कोर्स कराने का निर्णय लिया गया है।

इस निमित स्थानीय युवाओं को सरकार प्रायोजित निःशुल्क NSQF aligned Courses (Information Technology) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी दिनांक **19.05.2025, 12:30** अप0 तक उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी, समहारणालय परिसर, कोडरमा, झारखण्ड–825410 पते पर या dc-kod@nic.in ई–मेल के माध्यम से NSQF aligned Courses (Information Technology) Course का विवरणी सहित भेज सकेंगें।

| | |
|---|---|
| इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि, समय एवं स्थान | स्थानः– समाहरणालय सभागार, कोडरमा<br>तिथि एवं समयः– 19.05.2025, 02:00 PM |

विस्तृत Terms and Conditions कोडरमा जिला के website koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।
नोटः– चयन में Autonomous body/PSU/Govt. Agency etc. को प्राथमिकता दी जाएगी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
DeGS, कोडरमा।

PR.NO.351844 District(25-26):D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**–: आम सूचना :–**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में होल्डिंग टैक्स जमा करने पर विषेश छुट का प्रावधान है। जिसके तहत दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेडर, भारतीय सेना एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। होल्डिंग टैक्स जमा करने हेतु नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :–

| क्र0 सं0 | स्थान का नाम | वार्ड सं0 | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | सुहागिन देवी आरोग्य मिशन (डॉ सुरेन्द्र सिंह), अस्पताल करकट, लातेहार | 01, 02 एवं 03 | 09.05.2025 |
| 02 | सोमेश्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | 04, 05, एवं 06 | 13.05.2025 |
| 03 | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | 07, 08 एवं 09 | 16.05.2025 |
| 04 | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | 10, 11, एवं 15 | 19.05.2025 |
| 05 | मध्य विधालय अम्बाटीकर लातेहार | 12, 13 एवं 14 | 22.05.2025 |

अतः सभी आमजनों से अनुरोध हैं कि अपने नजदीकी कैम्प में जा कर भी होल्डिंग टैक्स का भुगतान करते हुए विषेश छुट का लाभ ले सकते हैं। साथ ही वैसे आमजन नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है, वैसे सभी आमजनों से अनुरोध हैं कि उक्त कैम्प में आ कर होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व के बकाये होल्डिंग टैक्स की राशि में किसी प्रकार की छुट का प्रावधान नहीं है। साथ ही साथ ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्य भी किये जायेगें। विशेष जानकारी हेतु नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविध केन्द्र के टीम लीडर आदित्य कुमार (दुरभाष सं0– 9905900425) एवं कर संग्रहर्णकता बिरसा उरांव (दुरभाष सं0–7004793011) से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत,लातेहार

PR 351814 Urban Development(25-26).D


# पुलिस मुख्यालय में 23वीं ओएससीसी की बैठक आयोजित

- **झारखण्ड में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में समस्या, समाधान एवं आपसी समन्वय से संबंधित बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता




### नई परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण एक चुनौती

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने यह भी निर्देश दिया कि आने वाले नये प्रोजेक्ट हेतु भूमि अधिग्रहण, विधि–व्यवस्था एवं पाइपलाईन से तेल चोरी के अन्तराज्यीय गिरोह से संबंधित सूचनाओं का आदान–प्रदान संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक के साथ–साथ पुलिस मुख्यालय के नोडल पदाधिकारी से भी किया जाये। चूंकि नई परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण एक चुनौती है, जिसे जिला में कार्यरत सभी एजेन्सियों को ग्रामीणों के साथ लगातार संयुक्त प्रयास से हल किया जा सकता है। इस बैठक के दौरान स्थानीय एवं जिला स्तर पर भी लगातार समन्वय समिति की बैठक करने पर जोर दिया गया।

**रांची।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में 23वीं ओएससीसी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के झारखण्ड में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में समस्या, समाधान एवं आपसी समन्वय से संबंधित बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

इस बैठक में सर्वप्रथम अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा, ओएनजीसी बोकारो द्वारा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया साथ राज्य से नक्सलियों एवं अपराधिक गिरोहों पर शिकंजा कसने पर बधाई दी एवं स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा मिलने वाला सहयोग की प्रशंसा की। तदोपरान्त बैठक में उपस्थित अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा ओएनजीसी, एस मजुमदार, जीएम (एचआर), ईआरपीएल, आईओसीएल, सौरभ तोलंबिया, आईपीएस, एडवाइजर (सुरक्षा), गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं ओएनजीसी/ आईओ सीएल/गेल के अन्य पदाधिकारियों ने झारखण्ड स्थित ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्पन्न समस्याओं, उसके समाधान, आपसी समन्वय तथा 22वीं ओएससीसी की बैठक में लिये गये निर्णय पर बिन्दुवार चर्चा की। बैठक में ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान एवं कार्य करने में आ रही समस्याओं को रखा गया एवं उसके ऑप्रेशनल एरिया में आ रही समस्याओं को पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर हल करने पर जोर दिया गया।

### सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर बल

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा आपस में लगातार सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर बल दिया गया, ताकि छोटी से छोटी समस्याओं का भी त्वरित गति से सुगमता पूर्वक समाधान हो सके साथ ही उन्होंने इन सभी पीएसयू के अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सीसीटीभी कैमरा, जीपीएस मॉनिटरींग सिस्टम आदि तकनिकी उपकरण लगाने हेतु सुझाव दिया। सभी प्रतिष्ठानों के समस्याओं वाली जगहों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर उसके समाधान की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करने, डिपो/टर्मिनल के आस-पास ढाबा/दुकानों पर विशेष निगरानी रखने एवं पूर्व में पीएसयू से संबंधित लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पुलिस अधीक्षकों को दिया। उन्होंने इन पीएसयू से संबंधित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध उचित धारा में कांड दर्ज कर कठोर से कठोर कार्रवाई करने, सीमावर्ती राज्यों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के साथ अपराध से अर्जित अवैध संपति को चिन्हित कर वांछित कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया। इन पीएसयू के महत्वपूर्ण स्थापनाओं को लेकर नो ड्रोन फ्लाई जोन पर विशेष बल दिया गया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन पीएसयू के महत्वपूर्ण स्थापनाओं के कुछ क्षेत्रों में जंगल में आग लगा दी जाती है, जिससे खतरा उत्पन्न हो जाता है, इस संबंध में लोंगों को विशेष तौर पर जागरूक करने की कार्रवाई की जाय। देश की सुरक्षा के मद्देनजर उक्त संदर्भ में संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जाये।

बैठक के अंत में टी आर उन्नीकृष्णन नायर, एसेट मैनेजर, सीबीएम एसेट ओएनजीसी बोकारो द्वारा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता द्वारा अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा, ओएनजीसी बोकारो, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) डॉ संजय आनन्दराव लाठकर द्वारा टी आर उन्नीकृष्णन नायर, एसेट मैनेजर, सीबीएम एसेट ओएनजीसी बोकारो, पुलिस महानिरीक्षक (विशा), प्रभात कुमार द्वारा रथिस कुमार दास, ईडी (ओ एंड एम ईआर), गेल रांची, पुलिस उप-महानिरीक्षक (अपअनुवि) झारखण्ड, संध्या रानी मेहता द्वारा सौरभतोलंबिया, आईपीएस, एडवाइजर (सुरक्षा), गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं पुलिस अधीक्षक (वि शा), मूमल राजपुरोहित द्वारा राजेश कुमार, जीएम (एचआर), एसईआरपीएल, भुवनेश्वर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक रांची, बोकारो, दुमका, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक बोकारो, दुमका, हजारीबाग, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, धनबाद एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, देवघर, जामताड़ा, सिमडेगा व खूंटी उपस्थित थे।

# एयरपोर्ट से लेकर स्टेशन और घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुआ मॉक ड्रिल

■ दुश्मन के किसी हमले के दौरान बचाव के लिए तैयार दिखा अपना शहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के निर्देश पर जमशेदपुर शहर पर किसी एयर स्ट्राइक की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य का अभ्यास किया गया। इसमें जिला प्रशासन, जिला पुलिस एवं सिविल डिफेंस समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के वोलेंटियर्स ने भाग लिया।

यह मॉक ड्रिल टाटानगर स्टेशन से लेकर जमशेदपुर एयरपोर्ट और सर्किट हाउस जैसे पॉस आवासीय क्षेत्र में किया ही गया, दूसरी ओर स्कूलों एवं विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी राहत एवं बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास किया गया। सर्किट हाउस आवासीय एरिया में शाम छह बजे से शाम सात बजे तक ब्लैक आउट कर प्रशासन ने स्थिति का जायजा भी लिया।

**ऐसे हुआ अभ्यास**

सीसीआर के कंट्रोल रूम को सीएच एरिया के महारानी मेंशन में एयर स्ट्राइक की सूचना प्राप्त हुई है। जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सूचना का सत्यापन करते हुए आपदा प्रबंधन की क्विक रिस्पॉन्स टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए एसडीएम धालभूम एवं सिटी एसपी समेत सभी एजेंसी राहत एवं बचाव कार्य के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। यहां पहुंच कर दमकल विभाग और सिविल डिफेंस की टीम ने महारानी मेंशन में राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पहुंचे सीएच एरिया स्थित घटना स्थल पर और आवश्यक निर्देश दिए।

राहत बचाव कार्य समापन के पश्चात सिविल डिफेंस के पदाधिकारी अरुण कुमार ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त को रिपोर्ट किया। इसके पश्चात सेफ हाउस के रूप में चिन्हित निर्मल भवन में प्रभावितों से मिलने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पहुंचे।



1.

2.

3.

4.

1. स्टेशन पर राहत व बचाव कार्य के पूर्वाभ्यास का दृश्य। 2. महारानी मेंशन पर एयर स्ट्राइक की सूचना मिलने पर पहुंचे डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल,एसडीओ शताब्दी मजुमदार व सिटी एसपी कुमार शिवाशीष। 3.फोटो सीएच एरिया-2,कैप्सन : महारानी मेंशन में फंसे व्यक्ति को निकालने का अभ्यास का दृश्य। 4. घायल को एम्बुलेंस तक पहुंचाने का पूर्वाभ्यास।




शाम सीएच एरिया में ब्लैक आउट का दृश्य और यूं पहुंचे बचावकर्मी।

## स्पीड न्यूज

### आतंकी ठिकानों पर हमला प्रशंसनीय : वरुण कुमार



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जमशेदपुर इकाई के संस्थापक वरुण कुमार ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी चैन की नींद सो रहे थे, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किये गये। हम युद्ध के समर्थक नहीं हैं किंतु भारत की संप्रभुता पर हुए दुस्साहसिक हमले के प्रतिकार के लिए जबावी कार्रवाई आवश्यक मानते हैं'। ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किये।

### बेटी-बहनों के सिंदूर का बदला लिया : सुशील



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील कुमार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नये भारत की मजबूत सरकार ने सेना को खुली छूट देकर कहा था कि आप उचित समय पर उचित अंदाज में दुश्मनों को जवाब दें। पूरा भारत आपके साथ है। आज भारतीय सेना के फाइटर विमान ने आतंकी ठिकानों को जिस तरह सटीक तरीके से बिना किसी नुकसान के निशाना बनाया पूरी दुनिया भारत के शक्ति का लोहा मान रही है। हमारे फाइटरों ने पाकिस्तान के किसी भी सिविल क्षेत्र को कोई क्षति नहीं पहुंचायी।

### भारतीय सेना का शौर्य प्रशंसनीय : हरेंदु शर्मा



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक हरेंदु शर्मा का कहना है कि भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं त्वरित कार्रवाई की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। हमारी सेना दुश्मनों को धूल चटाने के लिए हर तरफ से तैयार है और ऑपरेशन सिंदूर इसका एक ज्वलंत उदाहरण है। भारत पर जो कोई भी आंखें उठायेगा, उसे हम छोड़ेंगे नहीं। जय हिंद, भारतीय सेना जिंदाबाद...।

### दुनिया ने देखा भारतीय सेना का शौर्य : राजीव



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक राजीव रंजन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम इसलिए दिया गया क्योंकि विगत दिनों पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की जो निर्मम हत्या कर दी गयी जिसके कारण हमारे कितनी मां बहनों का सिंदूर मांग से उजड़ गया और उनका परिवार तबाह हो गया। कल रात का हमला सिर्फ पीओके पर ही नहीं बल्कि पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। भारतीय सेना ने अपने पराक्रम का परिचय फिर से एक बार दिया है।

### भारत ने दिया हमले का कड़ा जवाब: प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने भारतीय सेना द्वारा बीती रात किये गये आपरेशन सिन्दूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आतंकी हमले का प्रतिउत्तर देते हुए पूरी दुनिया-भर को यह संदेश दे दिया कि अब आतंकवाद को जर से खत्म करने के प्रतिबद्ध है। आज हमारे पीएम मोदी मजबूर नहीं मजबूत इरादे वाले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देशवासियो से ये वादा किया था कि इस बार बड़ी एवं कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा : सुधांशु



**जमशेदपुर।** भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले कर पहलगाम हमले का करारा जवाब दिया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य की प्रशंसा करते हुए इसे हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण करार दिया।

# कॉमरेड कपूर बागी को हुल जोहार...

■ झारखंड आंदोलनकारी कपूर बागी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** झारखंड आंदोलनकारी कपूर बागी उर्फ कपूर टुडू के निधन की सूचना पर आज सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चांडिल प्रखंड के दलमा तराई क्षेत्र स्थित चाकुलिया गांव पहुंचे थे। यहां कपूर बागी के शव यात्रा सह अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहीं, कपूर बागी के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कपूर बागी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

बता दें कि दिवंगत कपूर बागी विस्थापित मुक्ति वाहिनी संगठन के संयोजक थे, जो हमेशा विस्थापितों व आदिवासियों के हक अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका में रहते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सगा भांजा थे। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे। हालांकि, इतने बड़े ओहदे वाले परिवार के रिश्तेदार होने के बावजूद दिवंगत कपूर बागी ने स्वयं उस परिवार से दूर रखकर सादगी भरी जीवन बिताया और हमेशा सरकार के गलत नीति नियमों के खिलाफ संघर्ष करते रहे।

बता दें कि वर्ष 2022 में कपूर बागी के छोटे भाई किशोर टुडू का निधन हो गया था और सबसे छोटे भाई अनूप टुडू का निधन भी आठ महीने पहले ही हुआ था। तीनों भाइयों का निधन किडनी फेल्योर की बीमारी से ही हुआ।




अपने फुफेरे भाई कपूर बागी को चाकुलिया गांव में अंतिम विदाई देते सीएम हेमंत सोरेन।

## भारतीय सेना जिंदाबाद सेना की स्ट्राइक से पूर्व सैनिकों में खुशी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के ठिकाने पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमले की खुशी में को लौहनगरी के पूर्व सैनिकों ने लड्डू वितरण किया। पूरा देश भारतीय सेना एवं भारतीय सरकार के निर्णय के साथ है। विगत रात में जिस तरह से भारतीय सेना के फाइटर विमानों ने आतंकवादियों के चिन्हित कैंपों, ट्रेनिंग सेंटर लॉन्चिंग पैड को उड़ाया। पूरा विश्व भारतीय सेना का प्रदर्शन देखकर खुशियां मना रहे हैं। भारतीय सेना ने सिविलनागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया बल्कि पूरे विश्व को संकेत दिया कि आतंकवादियों का जड़ से नाश करना ही भारतीय सेना का संकल्प है। बेटी बहनों के सिंदूर का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से लिया गया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गये। अगर पाकिस्तान की सेना कोई भी कार्रवाई की जाती है तो उसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना तैयार है।

## झामुमो की बैठक में पहलगाम शहीदों और कपूर बागी को दी गयी श्रद्धांजलि

■ 9 मई को सरना धर्म कोड लागू करने की मांग पर जिला मुख्यालय पर धरना देगा झामुमो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली की और से स्थान शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन कदमा उलियान में दिन के 11 बजे से जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक का संचालन सुनील कुमार महतो ने किया। इस बैठक में तय किया गया कि आगामी दिनांक 9/5/2025 दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय में सरना धर्म कोड लागू करने के लिए धरना दिया जायेगा जिसमें 10,000 लोग शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन के पूर्व संध्या में चार जगहों पर पार्टी का झंडा बांधा जायेग। बैठक में विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी के हाथों मारे गए निर्दोष लोगों की याद में एवं पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के भगिना कपूर बागी के निधन होने पर उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन, केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिप चेयरमैन बारी मुर्मू भी थे।

## भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

पूर्व सीएम रघुवर दास और विधायक पूर्णिमा साहू दास।

**जमशेदपुर।** भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किये। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले का जवाब है, जिसमें आतंकियों ने धर्म के आधार पर 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या की थी। भारतीय वायु सेना, थल सेना और नौसेना के संयुक्त अभियान ने मंगलवार रात 1:30 बजे बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरीदके, सियालकोट, बाघ, भिंबर, चाक अमरू और गुलपुर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सूत्रों के अनुसार, इस हमले में 80 से 90 आतंकवादी मारे गये हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम में धर्म के आधार पर की गई क्रूर हत्याओं का जवाब देते हुए हमारे वीर जवानों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। रात डेढ़ बजे शुरू हुए इस अभियान में दर्जनों आतंकवादी मारे गए। कहा कि भारतीय सेना ने बार-बार पाकिस्तान के कायराना हमलों का जवाब अपने शौर्य और पराक्रम से दिया है।

## श्रीनाथ विवि के छात्रों ने सीखी बंधनी-शिबोरी की बारीकियां

■ भारत-जापान की पारंपरिक पेंटिंग पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स में 6 और 7 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने भारत और जापान की पारंपरिक कपड़ा रंगाई की विधाओं – बंधनी और शिबोरी को करीब से समझा और सीखा। इस कार्यशाला का संचालन रिमी मंडल ने किया जिन्हें विश्वविद्यालय के द्वारा बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने छात्रों को पारंपरिक कलाओं की ट्रेनिंग दी। वर्कशॉप में आमंत्रित रिमी मंडल विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन के कला भवन से वस्त्र डिजाइन में एमएफए हैं।

# टाटा मोटर्स यूनियन कार्यालय में मना सम्मान सह विदाई समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभागार में अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हुए 8 कर्मचारियों को अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आर के सिंह के हाथों स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि परंपरा के तरह यूनियन द्वारा एक माह के भीतर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को एक साथ सामूहिक विदाई समारोह आयोजित कर सबों को विदाई देने तथा सम्मानित करने का प्रचलन है। अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह तथा सलाहकार प्रवीण सिंह सेवानिवृत्त कर्मियों को इस बात के लिए आश्वस्त किए कि जब कभी किसी काम के लिए यूनियन के मदद की आवश्यकता महसूस हो बेहिचक हम सबों को याद करें। पूरी यूनियन आपके साथ है।

महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि हमारे लिए कोई सुझाव हो तो आप यूनियन कार्यालय में दस्तक दें। हमारा मार्गदर्शन करें। कोई सहयोग चाहिए तो यूनियन को बतायें। आप स्वस्थ रहें ऐसी मेरी शुभकामना है। उन्होंने जानकारी में बताया कि सेवा निवृत्त कर्मचारियों को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली 75 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर कर 150,000 रुपये कर दी गई है। अब कोई भी सेवा निवृत्त कर्मचारी बीमार पड़ने पर ईलाज में 150,000 रुपये तक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यानि सीधे डबल। इसपर सबों ने तालियां बजाकर आभार जताया। इस विदाई सह सम्मान समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मी सपत्नी उपस्थित थे। कार्यक्रम को अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, ईआर पदाधिकारी चंदन, यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में यूनियन के अध्यक्ष, महामंत्री के अलावे सलाहकार प्रवीण सिंह, ईआर पदाधिकारी चंदन जी , तमाम यूनियन के पदाधिकारी, कमेटी मेंबर, टाटा फैंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

**निम्न कर्मचारियों का हुआ विदाई सह सम्मान**

- व्हीकल फैक्ट्री से सुशांतो बोईदियो।
- कैब एंड कॉल फैक्ट्री से सुभाष कुमार सिंह, शंकर, जसदेव सिंह।
- इंजन डिवीजन से निरोध चंद्र महतो , समरेश महतो।
- ईआरसी से रवि शंकर सिंह।
- टीएमएल ड्राइव (हिट ट्रिटमेंट) से विनोद कुमार कर्ण।

## एक नजर में

### मोदी के आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का प्रमाण है यह कार्रवाई : अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम और केंद्र सरकार के निवर्तमान मंत्री अर्जुन मुंडा ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था, जिससे भारत की क्षति हुई और ऐसे लोगों की जान की गई जो सैलानी के रूप में वहां घूमने गए थे। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। इस घटना ने पूरे देश के लोगों को विचलित किया है और इसी का जवाब देते हुए सेना ने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की है। मुंडा ने आगे कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसके खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

### हमें गर्व है भारतीय सेना पर, जिन्होंने सिंदूर का बदला लिया : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि भारतीय सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान पोषित आतंकवादी ठिकानों पर हमले के लिए हमें भारतीय सैनिकों पर गर्व है, हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने सिर्फ पहलगाम का बदला नहीं लिया बल्कि दुश्मन देश के साथ पूरे विश्व को एक कड़ा संदेश दिया है कि भारत की संप्रभूता और सम्मान पर जब भी हमला होगा भारत की सेना जवाब तो देगी वो भी घर में घुसकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में हमारी बहनो के सिंदूर को मिटाने वाले पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को मार गिराने का साहस भरा कार्य हमारी देश की सेना ने किया है।

### हमें पीएम मोदी और अपनी सेना के पराक्रम पर बेहद ही गर्व है : विद्युतवरण महतो



**जमशेदपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा की हमें अपने नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नाज और अपने पराक्रमी सैनिकों पर गर्व है। भारतीय सैनिकों ने जिस पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के कमर को तोड़ने का काम किया है वह ऐतिहासिक है। आतंकवादियों ने जिस तरह से बर्बरता पूर्ण तरीके से भारतीय माताओं और बहनों के सिंदूर को उजाड़ा था आज सैनिकों ने इसका करारा जवाब ऑपरेशन सिंदूर करके दिया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपरेशन सिंदूर नाम देकर उन मृत आत्माओं अपनी श्रद्धांजलि दी है। हमारे देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री सहित सारे सैनिक बधाई के पात्र हैं।

### पीएम, रक्षा मंत्री और अपनी सेना के पराक्रम पर हमें नाज है : डॉ जटाशंकर पांडे



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने प्रेस विग्यप्ति जारी कर भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर तथा पाकिस्तान के कुल 9 ठिकानों पर किये गए कार्यवाई की सराहना करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी तथा रक्षा मंत्री श्री राज नाथ सिंह जी इसके लिए बधाई के पात्र है। यह कार्रवाई देश की जनता की भावना के अनुरूप है। इसकी जितनी भी प्रसंशा की जाय कम है। इससे साबित हो गया कि यदि देश का नेतृत्व योग्य हाथो में रहेगा तो देश कुछ भी कर सकता है। साथ ही साथ भारत ने साबित कर दिया कि जो भी देश इसके तरफ आंख उठा कर देखेगा उसकी आँख फोड़ देगा। भारत सामरिक दृष्टिकोण से इतना सक्षम है कि जो भी इससे टकरायेगा उसकी छाती पर मूंग दल देगा तथा उसको मुंह की खानी पड़ेगी।

### जादूगोड़ा माइंस में एअर स्ट्राइक को लेकर अभ्यास



**जादूगोड़ा।** उयायुक्त के निर्देश पर जादूगोड़ा खान प्रबंधक एम वी वी एस बाबू की अगुवाई में यूसिल की जादूगोड़ा माइंस प्रांगण में में एअर स्ट्राइक को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान खान प्रबंधक एमवीवीएस बाबू ने आपदा के मौके पर कैसे सुरक्षित रहना है व बचाव के तरीके से लोगों जागरूक किया गया। इधर, मॉक ड्रिल के दौरान लगी आग को यूसिल की सुरक्षा ने जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्नि शमन दल ने बड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया व घायल व्यक्ति को रिस्क्यू कर बाहर निकला।

### मायुमं ने की सरकारी विद्यालय में अस्थायी अमृतधारा की शुरुआत



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा स्वास्थ्य, जलयोजन और सामुदायिक देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालय में अमृतधारा एवं जूस वितरण पहल की शुरुआत बुधवार से की गयी। इसका आयोजन आज बागबेड़ा, परसुडीह और सोनारी के विभिन्न सरकारी स्कूलों और मंदिर के पास में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने की। स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के लिए शाखा की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए अमृतधारा को आधिकारिक रूप से जनता को समर्पित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### तेज धूप के बाद बारिश, उमस से परेशानी



**मोहम्मदगंज।** मौसम में बदलाव के साथ बुधवार को तीखी धूप व गर्म हवाओं से दिनभर असहज महसूस हुआ। मगर, देर शाम आधे घंटे तक मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इससे गर्मी से राहत मिलने के बजाय उमस पैदा हो गयी। इससे लोगों ने बैचेनी महसूस किया। सड़कों पर कीचड़ फैलने से परेशानी हुई। लोगों का मानना है कि ऐसे मौसम चक्र से मौसमी बीमारियां फैलेंगी।

### लेवी लेने आया नक्सली एजेंट गिरफ्तार



**हुसैनाबाद, पलामू।** एसपी के निर्देश व हुसैनाबाद एसडीपीओ आइपीएस एस मोहम्मद याकूब हुसैनाबाद थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सोनू कुमार चौधरी के दल को एक बड़ी कामयाबी मिली है। ईंट भट्ठा पर लेवी लेने पहुंचे नक्सली एजेंट उपेंद्र यादव (35) पिता सरयू यादव, महुदंड कुरदाग थाना हुसैनाबाद को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। वह भाकपा माओवादी रीजनल कमांडर नितेश यादव के लिए काम करता है। उसे जेल भेज दिया गया है।

### आदर्श विद्यालय का हुआ मूल्यांकन



**पाटन पलामू।** स्कूल एवं साक्षरता विभाग के द्वारा स्कूलों के प्रमाणीकरण के लिए आदर्श विद्यालय सोय एवं श्री विद्यालय में किया जाना है। इसी क्रम में राजकीय तीर्थ प्रस्तुत विद्यालय में पाटन में प्रमाणीकरण के लिए जेईपीसी के द्वारा भेजी गयी पिंकी विश्वकर्मा ने मूल्यांकन किया। जिसमें बच्चों का अभिगमन और विद्यालय की आधारिक संरचना भौतिक संरचना का मूल्यांकन किया गया। मौके पर स्कूल के प्रचारक संतोष कुमार, दिलीप कुमार, कृपा शंकर वर्मा, रेणु कुमारी, ब्रह्मदेव प्रसाद, अभिमन्यु सिंह, पवन कुमार, सुनीता बैक थे।

### प्रसिद्ध बराही धाम निर्माण ट्रस्ट ने हिंदू धार्मिक संगठनों के साथ की बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर की प्रमुख धर्म स्थली महावीर जी भवन जपला में बुधवार को विख्यात प्रसिद्ध बराही धाम के निमार्ता व शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट ने आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल समेत अन्य हिंदू संगठन समेत सभी पूजा समितियों के साथ बैठक की गई। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के बराही में 551 फिट ऊंची माता रानी (दुर्गा मां) की भव्य मूर्ति व मंदिर निर्माण को लेकर 14 को भूमि पूजन में सहयोग पर चर्चा हुई। अध्यक्षता आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश कश्यप व संचालन राकेश तिवारी ने की। विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह, शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक रणधीर सिंह, नगर के पूर्व चेयरमैन शशी कुमार, रामेश्वर राम आदि ने भाग लिया। विधायक ने कहा कि सभी के लिए गौरव की बात है कि पहले लोग देश स्तर पर बड़े बड़े मंदिर व धाम को घूमने बाहर जाते थे लेकिन अब यह क्षेत्र खुद अपने आप में धर्म नगरी व पर्यटकों के लिए आकर्षक बनने वाला है। कार्यक्रम में डॉ अजय गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, सचिन आनंद, अजीत अग्रवाल, संजय सोनी, राजीव ठाकुर, राजू सोनी, अक्षय सिंह भी थे।

### भारतीय सैनिकों के पराक्रम पर देश का हर नागरिक गौरवान्वित : देवेंद्र



**मेदिनीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर कई आतंकवादियों को मार गिराने पर भारतीय सेना का हौसला बढ़ाने के लिए परशुराम सेना युवा वाहिनी ने मेदिनीनगर के रेड़मा चंद्रशेखर आजाद चौक पर जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। पूरा इलाका भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के गुंज से गुंजायमान हुआ। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि देश के सैनिकों के पराक्रम से देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जरूरत पड़ी तो सैकड़ों युवा सीमा पर जाने को तैयार हैं। प्रदेश सचिव आशुतोष पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी जिम्मेदार संगठन होने के नाते पहलगाम हमला होने पर पाकिस्तान का सबसे पहले पूतला फूंका और विरोध प्रदर्शन किया।

#### भारत ने लिया बदला, सराहनीय है : संजय वर्मन



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संजय वर्मन ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर हमला बोल कर बताया कि भारतीय महिलाओं की सिंदूर की कीमत क्या होती है? इससे पूरा विश्व खुश है। भारतीय सेना बधाई की पात्र हैं।

#### 21वीं सदी का भारत घर में घुस के मारेगा : अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना का पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत है घर में घुस कर मारेगा। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इस चरणबद्ध हमले से भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया है।

#### दुनिया याद रखेगी सरकार-सेना की ताकत : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने भारतीय सेना का पाकिस्तान पर जवाबी हमले पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। उन्होंने केंद्र सरकार व भारतीय सेना को हार्दिक बधाई दी है। कहा कि सरकार और सेना की ताकत को दुनिया याद रखेगी। दोनों पर देश को गर्व है।

#### देशवासियों को भारतीय सैनिक पर गर्व : ज्योति पांडेय



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक पर कहा कि 22 अप्रैल की पहलगाम घटना से हम सभी भारतीयों के मन में गुस्सा था। आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को इसी तरह करारा जवाब मिलना चाहिए।

#### दहशतगर्दों को मिला मुंहतोड़ जवाब : सन्नु सिद्दीकी



**मेदिनीनगर।** झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष सन्नु सिद्दीकी ने कहा कि देशवासियों के मन में गुस्सा और बदले की भावना थी। आतंकवाद को बढ़ावा और पनाह देने वाले पाकिस्तान को इसी तरह मुंह तोड़ जवाब मिलना चाहिए। कहा कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से दहशतगर्दों को मुंहतोड़ जवाब व दिल को सुकून मिला है।

## पाक को पिक्चर का ट्रेलर दिखाने के लिए देश के नायक को सलाम : अरुणा शंकर

■ यह 56 इंच सीने वाला नायक ही कर सकता...

खबर मन्त्र संवाददाता



अरुणा शंकर, प्रथम महापौर।

**मेदिनीनगर।** भारत के नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने पाकिस्तान को पिक्चर का ट्रेलर दिखाना शुरू कर दिया है। नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में बड़ी एयर स्ट्राइक को कल रात अंजाम दिया है। इस हमले में 9 टेरर लोकेशन को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान ने अब तक 6 लोकेशन पर 24 हमले की बात स्वीकार की है और इस बीच उसने जवाबी कार्रवाई की धमकी भी दी है। भारत ने भी तमाम तैयारियां कर रखी है और यहां तक की सभी एयर डिफेंस यूनिट्स को एक्टिव मोड पर डाल दिया गया है। भारत में आतंकवाद के खिलाफ चलने वाले इस युद्ध को ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया है। इस ऑपरेशन को भारतीय खुफिया एजेंसी राव ने सभी टारगेट की पहचान की थी इसके बाद पूरी प्लानिंग के साथ 9 ठिकानों पर हमला किया गया है। श्रीमंती शंकर ने कहा यह 56 इंच सीने वाले महानायक से ही उम्मीद की जा सकती है। आज हमारा पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि मैं देश के नायक और हमारे देश के जांबाज सैनिको को सलाम करती हूं।

## पीएम ने बता दिया भाजपा जो कहती है उसे कर के भी दिखाती है : सांसद

■ देश ने साबित किया मोदी है तो मुमकिन है...

खबर मन्त्र संवाददाता



अरुणा शंकर, प्रथम महापौर।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोदी है तो कुछ भी मुमकिन है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में देश के जांबाज सेनाओं ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घटना का बदला लेकर यह बता दिया कि भाजपा जो कहतीं हैं उसे करके दिखाती है। पहलगाम में हुए घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह ने कहा था कि आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर अपने मौत को आमंत्रण दिया। इस घटना में जो भी आतंकवादी, साजिश कर्ता, जोर भी संगठन और उसके कर्ताधर्ता है उन्हें चुन चुन कर मारेंगे। आज उस वचन को पूरा कर दिया। आज आपरेशन सिंदुर से पूरे देश के लोग अपने सेना पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।

सेना की कार्रवाई पर झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह बोले

## यदि सिंदूर मिटाओगे तो छिपने के लिए पूरी दुनिया कम पड़ जायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



ज्योतिरीश्वर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा

**मेदिनीनगर/ रांची।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मुंहतोड़ जबाव भारतीय सेना ने दिया है। सेना की इस कार्रवाई पर झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में हमारी प्रार्थनाएं हमारी सेनाओं के साथ हैं।

एक राष्ट्र हम सब एक साथ खड़े हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत है जो इसे छेड़ता है उसे भारत छोड़ता नहीं है, जो जन आकांक्षा और इच्छा थी उसके अनुरूप देश की सेना ने कार्रवाई कर आतंक के खिलाफ देश के रूख को स्पष्ट कर दिया है। इस कार्रवाई के साथ पाकिस्तान का आंतकीस्तान वाला चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस कार्रवाई के माध्यम से मोदी जी ने पाकिस्तान सहित वैसे देश जो आतंक को पनाह देने का काम करते हैं उन्हें यह स्पष्ट और सख्त संदेश दे दिया है कि भारत की बेटी का सिंदूर मिटाओगे तो छिपने के लिए पूरा संसार भी कम पड़ जायेगा। हम सभी को गर्व है अपने प्रधानमंत्री और देश की सेना पर, मोदी जी ने पहलगाम की घटना के बाद ही कहा था कि भारत का बदला हिंसा करने वाले देश के कल्पना से परे होंगा और आज यह साबित भी हुआ।

## मोदी सरकार के साहसिक कदम से गौरवान्वित हैं सभी देशवासी

■ आतंकवादियों को उनके घर में जाकर मारना सराहनीय पहल : कमलेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



कमलेश सिंह, पूर्व विधायक।

**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला एक घिनौनी और अमानवीय करतूत थी, जिसमें निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर निशाना बनाया गया, और कई परिवारों के सपने चकनाचूर हुए। साथ ही कुछ महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। श्री सिंह ने कहा कि इस कायराना हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने पाकिस्तान की सरहद में घुसकर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आतंकवादियों को साफ संदेश है कि अब भारत सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को उनके गढ़ में जाकर जवाब देता है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के शौर्य को सराहते हुए कहा कि अब नया भारत चुप नहीं बैठता, वह हर हिंसा और आतंक का हिसाब मांगता है। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन महिलाओं के उजड़े हुए मांगों का हिसाब लेना भी था, जिन्हें आतंकवादियों ने बिना किसी कारण के शिकार बनाया। श्री सिंह ने कहा कि यह निर्णायक कदम पूरे राष्ट्र को यह सिखाता है कि अब भारत न केवल आतंकवाद से लड़ने के लिए तैयार है, बल्कि आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सजा देने का साहस भी रखता है। झारखंड की जनता और पलामू की धरती भारतीय सेना के इस पराक्रम पर गर्व करती है और प्रधानमंत्री मोदी की इस निर्णायक नीति का पूरा समर्थन करती है। यह नया भारत अब आतंकवाद के खिलाफ संकल्प और कड़ी कार्रवाई से अपने अस्तित्व की रक्षा करेगा और आतंक के हर आका को याद दिलायेगा कि भारत का जवाब अब न केवल सटीक, बल्कि अंतिम और निर्णायक होगा।

### लूटकांड में दो गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना कांड संख्या 19/25, के आप्राथमिक अभियुक्त सुरेंद्र राम (20) पिता गना राम ग्राम सिरम पोस्ट लोहरसी, थाना पिपराटांड़ जिला पलामू वर्तमान पता ग्राम जयपुर, थाना नावा जयपुर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं नवाजयपुर थाना क्षेत्र के विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह मेदिनीनगर के लिए भेजा गया। कांड में छिनतई हुए दो मोबाइल में से एक मोबाइल इनकी निशानदेही पर बरामद किया गया है।

### चैनपुर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**चैनपुर पलामू।** शाहपुर पुल के पास वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चला। जिसमें ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट, आपत्तिजनक सामान की जांच की गयी। मौके पर ए एस आई आर सी चौधरी, संतोष कुमार, रोहित कुमार, नवीन दुबे के साथ अन्य जवान मौजूद थे। थाना प्रभारी ने कहा कि चालक वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।

### सर्जिकल स्ट्राइक पर हम पार्टी ने बांटी मिठाई



**मेदिनीनगर।** हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में कचहरी परिसर में मिशन सिंदूर की सफलता पर लोगों के बीच मिठाई बांट कर खुशियां मनायी गयी। साथ ही सरकार को बधाई दी गयी और भारतीय सेना का तहे दिल से आभार जताया। मौके पर जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, सचिव भारत कुमार दुबे, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पाठक, वारिस आलम, बिट्टू साह सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### पांकी : बसडीहा में भीषण सड़क दुर्घटना, चार की मौत



**पांकी पलामू।** थाना क्षेत्र के बसडीहा में जाइलो और अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। इनमें करमदयाल यादव, रतनपुर के गुलाबी यादव, श्यामलाल कुमार शामिल है। इलाज के दौरान युवराज सिंह की भी मौत हो गयी। बिदरा के सनदयाल सिंह का इलाज चल रहा है। जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच दोनों को पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल भेज दिया गया है। पांकी से मेदिनीनगर के तरफ जाइलो गाड़ी जा रही थी जबकि बाइक मेदिनीनगर से पांकी की तरफ जा रही थी। इसी बीच बसडीहा में दोनों में टक्कर हो गयी। घटना पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने गहरा शोक जताया है।

## दो जिले में बेहतर समन्वय से रोकें गैरकानूनी गतिविधियां : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

■ मादक पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण और तस्करी पर लगायें प्रभावी रोक



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह एन कोर्ड के अध्यक्ष शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सह एन कोर्ड के संयोजक सदस्य की संयुक्त अध्यक्षता में मादक पदार्थों के नियंत्रण को लेकर बैठक हुई। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में बैठक के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने मादक/ नशीले पदार्थों के निपटान, दुरूपयोग एवं तस्करी आदि समस्याओं की निगरानी एवं कार्रवाई की समीक्षा की। उपायुक्त ने नशीले पदार्थो के उत्पादन, प्रसंस्करण, तस्करी तथा अंतर्राज्यीय व अंतरजिला प्रवेश मार्गो से तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त शशि रंजन ने सिविल सर्जन एवं ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल दुकानों पर प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने भविष्य में नशीले पदार्थों की खेती नहीं करने को कही।

## डालटनगंज विधायक ने किया पक्की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सेना का एयर स्ट्राईक पहलगाम में मारे गये सैलानियों की सच्ची श्रद्धांजलि : विधायक आलोक चौरसिया



**सतबरवा।** डालटनगंज -भंडारिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक कर साबित कर दिया है कि दुश्मन देश को भारत से टकराने पर उन्हें क्या भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने भारतीय सेना के द्वारा एयर स्ट्राइक को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निहत्थे सैलानियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

श्री चौरसिया ने बुधवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हलुमांड गांव के देवी मंडप से केश्वर सिंह के घर तक तथा दुलसुलमा गांव में देवी मंडप से उपेंद्र ठाकुर के घर तक पक्की सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि आज आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ है जो दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखता है।

## 55 रोगियों का नि:शुल्क इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

■ श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह (अघोर आश्रम) के सुदना स्थित आश्रम में मंगलवार और बुधवार को मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धनबाद के नस रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार डागा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से 55 से अधिक रोगियों का निःशुल्क इलाज किया। शिविर की शुरुआत डॉ डग्गा ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर की। शिविर को लेकर सुबह से आश्रम परिसर में रोगियों की भीड़ लगने लगी थी। शिविर सुबह दस बजे से शाम तक शिविर में लोगों का इलाज चलता रहा। डॉ डागा ने बताया कि इस पद्धति से बिना कोई दवा के हजारों लोग ठीक हो चुके हैं। इस पद्धति में परहेज की आवश्यकता है।

## 12 को अंबेडकर पार्क में बुद्ध जयंती महोत्सव को सफल बनायें : शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, अंबेडकर चेतना परिषद, सामाजिक न्याय परिषद, झारखंड क्रांति मंच समेत विभिन्न बौद्धवादी समाजिक सगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शहर के अंबेडकर पार्क में आगामी 12 मई को पहली बार बुद्ध जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है।

## हैदरनगर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**हैदरनगर पलामू।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बुधवार को हैदरनगर बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। श्रीमती चौहान ने हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी पंचायत की सभी छह आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जिनमें चौकड़ी पूरब, चौकड़ी पश्चिम, चौकड़ी-3, सरगड़ा, बहेरा एवं बहेरा हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं शोभा कुमारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चौहान ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को मिलनेवाली सुविधाओं का जायजा लिया।

## मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल तीन फरार अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल

सुधीर यादव



गिरफ्तार आरोपी को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते पदाधिकारी।

**मनातू (पलामू)।** मनातू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना एवं सतत निगरानी के आधार पर अवैध मादक पदार्थ कारोबार करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध मनातू थाना में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान दो फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसमें शामिल अभियुक्त फरार चल रहे थे। जिन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में संतु सिंह (35), पिता स्व लाटे सिंह, संजय सिंह पिता सुकुल सिंह, सोमर सिंह पिता स्व ठाकुरी सिंह तीनों अभियुक्त ग्राम केदल, थाना मनातू, जिला पलामू के निवासी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इन तीनों को कड़ी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये आरोपी लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी और वन क्षेत्र से संबंधित अवैध गतिविधियों में संलिप्त थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। टीम का कहना है कि इस गिरोह का नेटवर्क और भी क्षेत्रों तक फैला हो सकता है, जिसकी जांच जारी है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने के लिए गहराई से तहकीकात कर रही है। जिला पुलिस पलामू ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को अपने क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी हो, तो तुरंत स्थानीय थाना या जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत गोपनीय रखी जायेगी। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार और वन अपराधों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जा रहे हैं और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## केंद्रीय विद्यालय पलामू के छात्र व छात्राओं के साथ जागरूकता संवाद अभियान आयोजित

■ केंद्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को साइबर जागरूकता की दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



नागरिक जागरूकता अभियान में शामिल स्कूली बच्चे।

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना परिसर में नागरिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में एक दल ने केन्द्रीय विद्यालय पलामू के नवम वर्ग के विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा से जुड़ी जानकारियों तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। चैनपुर थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को थाना की कार्यप्रणाली, दायित्व और पुलिस प्रशासन की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बाल श्रम निषेध, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग, सोशल मीडिया पर बढ़ते खतरों, इंटरनेट धोखाधड़ी से सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध के प्रति सतर्कता बरतने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आपातकालीन पुलिस सहायता सेवाओं जैसे 112 (आपातकालीन सहायता) और 1930 (साइबर ठगी की रिपोर्टिंग) के बारे में जानकारी दी। छात्र छात्राओं को पथ सुरक्षा के नियम, प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रक्रिया, वायरलेस संचार प्रणाली, पुलिस रैंक संरचना, सीरिस्ता कक्ष की भूमिका तथा सुरक्षा चौकी के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय पलामू के हिंदी शिक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय और संगीत शिक्षक सौरभ दुबे उपस्थित थे। उन्होंने इस प्रकार के शैक्षिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की।

# गढ़वा में 17-18 मई को जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

## राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का मिलेगा अवसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आगामी 17 और 18 मई को रामासाहू स्टेडियम, गढ़वा में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के पहले दिन यानी 17 मई को अंडर 14 (व-14) और अंडर 16 (व-16) बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें ट्रायथलॉन, दौड़, ऊंची-लंबी कूद, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो जैसे कई इवेंट्स शामिल हैं। 18 मई को सीनियर वर्ग (18 वर्ष से ऊपर) के महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (हजारीबाग) में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल बोर्ड से जारी प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए संयुक्त सचिव सुशील तिवारी (मो. 6201073740), कोषाध्यक्ष अजय कांत (मो. 7461906890) से संपर्क कर सकते हैं। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी विद्यालयों, कॉलेजों, क्लबों और खेल प्रेमियों से इस प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।

# अभाविप ने भारतीय सेना का किया जोरदार स्वागत

**कांडी।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर की गई निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने भारतीय सेना की वीरता और सरकार की नीति की सराहना की है। इस संबंध में अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि यह ऑपरेशन भारत की ₹एलजीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ संकल्प और राष्ट्र की गरिमा की रक्षा के लिए भारतीय सेना की अदम्य साहस का प्रतीक है। प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि सीमापार आतंक के गढ़ों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने न सिर्फ हमले का माकूल जवाब दिया है, बल्कि देशवासियों का मनोबल भी ऊंचा किया है।


प्रिंस कुमार सिंह

## स्पीड न्यूज

### पुलिस पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप


शरीर पर चोट के निशान

**डंडई।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक युवक, अनिकेत कुमार गुप्ता, द्वारा पुलिस पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। अनिकेत का कहना है कि पारिवारिक विवाद के बाद, जब वह थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें एक कमरे में ले जाकर रस्सी से लटकाकर पीटा, जिससे उनके शरीर पर कई चोटें आईं। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने भी इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई निंदनीय है और कानून के दायरे में रहकर ही कार्यवाही होनी चाहिए थी। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मामला पति-पत्नी के बीच का पारिवारिक विवाद था। उन्होंने स्वीकार किया कि युवक को शांत करने के लिए पुलिस कर्मियों ने कुछ डंडे और थप्पड़ मारे होंगे।

### भव्यधारा भारत गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप



गैस एजेंसी

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत एकमात्र भव्यधारा भारत गैस एजेंसी पर रिफिल गैस वितरण में भारी अनियमितता और कालाबाजारी के आरोप लगे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें निर्धारित मूल्य से 30 से 100 रुपए अधिक देकर गैस सिलेंडर खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि गैस गोदाम पर स्टॉक नहीं होने की बात कहने के बावजूद सिलेंडर खुले बाजार में 1100 रुपए तक में बेचे जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शादी विवाह के मौसम में गैस की खपत बढ़ गई है और इसका फायदा उठाकर एजेंसी के कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। एक उपभोक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसे बाजार से 1100 रुपए में सिलेंडर लेना पड़ा क्योंकि एजेंसी में सिलेंडर नहीं था। उसका कहना था कि यदि नाम उजागर हुआ तो उसे परेशान किया जा सकता है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार एलपीजी को बढ़ावा दे रही है। लेकिन रमना क्षेत्र में गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ता परेशान हैं।

# राजस्थान से लौटे विजेता पहलवानों का गढ़वा में भव्य स्वागत

## दौलत सोनी ने कहा -यह गढ़वा के लिए गौरव का क्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जयपुर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय ट्रेडिशनल कुश्ती प्रतियोगिता फेडरेशन कप 2025 में झारखंड की महिला और पुरुष कुश्ती टीम ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य और खासकर गढ़वा जिले का नाम रोशन किया। 1 से 4 मई तक चले इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक (8 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य) जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता से लौटने के बाद मंगलवार की सुबह जब ये खिलाड़ी गढ़वा रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो युवा समाजसेवी दौलत सोनी और उनकी टीम 'टीम दौलत' ने उनका भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर और जयघोष के साथ सम्मानित किया गया। दौलत सोनी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा यह हमारे जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। हमारे गढ़वा के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में परचम लहराया है। जितने खिलाड़ी गए, सभी ने पदक जीतकर यह साबित किया कि मेहनत और आत्मविश्वास से हर सपना पूरा किया जा सकता है। हम इन बच्चों के माता-पिता को भी सलाम करते हैं।



पहलवानों के साथ दौलत सोनी

स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में सोनम कुमारी (40 किग्रा व-15), महेक सिधानिया (45 किग्रा व-15), अनुराधा कुमारी (+70 किग्रा व-17), सोनाली कुमारी (45 किग्रा सीनियर), प्रियंका कुमारी (+70 किग्रा सीनियर), अभय कुमार (55 किग्रा व-17), गणेश कुमार यादव (60 किग्रा सीनियर), और पवन कुमार (75 किग्रा सीनियर) शामिल हैं। रजत पदक जीतने वालों में धीरज कुमार (65 किग्रा व-17) और नितेश कुमार (80 किग्रा सीनियर) का नाम है, जबकि कांस्य पदक शिवानी कुमारी (30 किग्रा व-13) ने जीता। महिला टीम की प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी और पुरुष टीम के कोच किशोर कुणाल ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर पिंटू कुमार बंगाली, विवेक सिन्हा, शुभाष गोण्ड, छोटन गोण्ड, छोटू ठाकुर, अनिमेष कुमार, पवन सोनी समेत टीम दौलत के कई सदस्य मौजूद थे।

# महिलाओं ने कॉफी विद एसडीएम में उठाई अवैध शराब के खिलाफ आवाज



एसडीएम के साथ महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड के दुलदुलवा गांव की महिलाओं ने मंगलवार को आयोजित कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम के दौरान अवैध शराब के बढ़ते प्रभाव पर गंभीर चिंता जताई।

अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साथ संवाद करते हुए महिलाओं ने गांव में शराब से उत्पन्न सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को खुलकर साझा किया। महिलाओं ने बताया कि शराब के कारण पारिवारिक कलह, बच्चों पर बुरा असर और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। लीलावती देवी ने कहा कि यदि महिलाएं संगठित होकर विरोध करें तो गांव में बदलाव संभव है। सीमा देवी ने अवैध शराब में मिलाए जा रहे जहरीले रसायनों से लोगों की जान को हो रहे खतरे का मुद्दा उठाया।

महिलाओं ने प्रशासन से बैनर, पोस्टर आदि की मांग की ताकि वे अपने स्तर पर जागरूकता अभियान चला सकें। इस पर एसडीएम संजय कुमार ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों को कठोर दंड दिया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को अपना नंबर भी साझा किया। जेएसएलपीएस के डीपीएम विमलेश शुक्ला ने भरोसा दिलाया कि उनके संगठन से जुड़ी महिला सहायता समूह की सदस्याएं गांव में नशा विरोधी अभियान की अग्रणी बनेंगी और इस लड़ाई को जनआंदोलन का रूप देंगी।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में पूरी ताकत से जुटेंगी। मौके पर पूजा देवी, सावित्री देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, सुनैना देवी, शबनम आरा समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।

# ग्रामीणों की पहल पर प्रेमी युगल ने राधाकृष्ण मंदिर में रचाई शादी



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के चंदना गांव में वर्षों से चल रहे एक अंतजार्तीय प्रेम प्रसंग का बुधवार को ग्रामीणों की पहल पर सुखद अंत हुआ, जब प्रेमी युगल ने राधाकृष्ण मंदिर में वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। यह विवाह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदना गांव निवासी दशरथ राम की 23 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी और मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव निवासी सीताराम चौधरी के 23 वर्षीय पुत्र विमलेश चौधरी के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली कि उनके प्रेम प्रसंग से गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है, तो उन्होंने हस्तक्षेप करते हुए मंगलवार रात दोनों को पकड़ कर अपने संरक्षण में रखा। बुधवार सुबह पंचायत बुलाई गई, जिसमें लड़के के परिजन झ उसकी मां, बहनोई और अन्य रिश्तेदार भी शामिल हुए।

# छह माह से वेतन नहीं मिलने पर मनरेगा कर्मियों में आक्रोश

## प्रखंड स्तरीय बैठक में जताई नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को बीओपी सोनू कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित सभी मनरेगा कर्मियों ने विगत छह माह से वेतन नहीं मिलने को लेकर गहरी नाराजगी जताई। बैठक में कर्मियों ने कहा कि लंबे समय से वेतन भुगतान लंबित रहने के कारण उन्हें कर्ज लेकर घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से तनावपूर्ण है, बल्कि मानसिक रूप से भी सभी को प्रभावित कर रही है। कर्मियों ने सरकार और विभागीय अधिकारियों से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की। बैठक में रोजगार सेवक नरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, मोहम्मद असलम खान, छोटन बैठा, नवीन पांडे, भरत शाह, धर्मेंद्र कुमार, मानस किशोर और वकार अंजुम समेत कई अन्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर वे मजबूर होंगे।


बैठक करते मनरेगा कर्मी

# भवनाथपुर में आगजनी की बड़ी घटना, लाखों की संपत्ति खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत के वसेरियालेवा गांव में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में आग लगने से सतेन्द्र राम के घर की लगभग 1.5 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। यह घटना रात 1:30 बजे की है, जब परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और घर पर केवल मंझली बहु सोनी देवी मौजूद थीं। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही उन्होंने घर से आग की लपटें उठती देखीं, तुरंत मोटर चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। बावजूद इसके, घर में रखा अनाज, कपड़े और आवास निर्माण के लिए सुरक्षित रखे गए लगभग 40 हजार रुपये पूरी तरह जल गए। ग्रामीणों की तत्परता के बावजूद आग इतनी भयंकर थी कि सब कुछ राख हो गया। पीड़ित सतेन्द्र राम ने आगजनी को शरारती तत्वों की करतूत बताते हुए प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह घटना उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से पूरी तरह तोड़ गई है। इस घटना पर दुख जताते हुए पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत जल्द सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


जानकारी देते पीड़ित


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

राज्यान्तर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने हेतु "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभार्थियों को माह दिसम्बर, 2024 से प्रतिमाह रूपये 2,500/– (दो हजार पाँच सौ) की दर से आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जा रहा है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के संकल्प ज्ञापांक– 922, दिनांक– 26.03.2025 के आलोक में इस योजना के लाभुकों को माह अप्रैल, 2025 से निम्नरूपेण भुगतान किया जाना है :–

1. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो।
2. माह मार्च, 2025 के पश्चात् लाभुकों को केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जायेगा।

अतः उपरोक्त के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत इस योजना से आच्छादित सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वह संबंधित बैंकों से सम्पर्क स्थापित कर अपने सिंगल बैंक खाता को आधार के साथ लिंक्ड (Seeding/Mapping) कराना सुनिश्चित करेंगे। आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में संबंधित लाभार्थियों का भुगतान बाधित हो सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची

PR 351845 (Ranchi)25-26*D



**जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय,गुमला**
**(जिला आयुष समिति, गुमला)**
**सदर अस्पताल कैम्पस, जशपुर रोड गुमला, पिन कोड – 835207**

पत्रांक :–............../आयुष    गुमला, दिनाक :– ...............

**–कार्यालय आदेश–**

जिला आयुष समिति, गुमला के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/स्वास्थ्य उपकेन्द्र/राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय/ जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक का चयन हेतु दिनांक – 26.05.2025 एवं 27.05.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से walk –In-Interview का सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला के साभागार में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरुष – 33<br>महिला – 13 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू 250/– प्रति योग सत्र देय होगा। |

योग प्रशिक्षक के walk –In-Interview की प्रखण्डवार सूची।

| | |
|---|---|
| दिनांक :– 26.05.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से<br>प्रखण्ड :– गुमला, घाघरा, डुमरी, चैनपुर, एवं भरनो | दिनांक :– 27.05.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से<br>प्रखण्ड :– बिशुनपुर, सिसई, रायडीह, बसिया, पालकोट एवं कामडारा, |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश :–

1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीवारी समाप्त कर दी जाएगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय , भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग–दर्शिका के अनुरूप होंगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घण्टे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
8. स्थानीय प्रमाणित (Certificate) योग प्रशिक्षक का सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। गुमला जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति मे योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुष के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
11. योग/अन्य wellness Activities के लिए आयुश्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य wellness Activities के लिए जगह निर्धारत किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन आदि आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
13. अधिक जानकारी के लिए www.gumla.nic.in पर अपेपज करें।

PR 351873 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी गुमला    सिविल सर्जन गुमला



**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या – 01/2025-26**

जिला परिषद सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 विभाग का नाम :–जिला परिशद सिमडेगा
2 विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिशद, सिमडेगा।
3 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.05.2025 से 27.05.2025 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक
4 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–28.05.2025 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–29.05.2025 (अपराह्न 2:30 बजे )
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8 कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र.सं. | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत टाटी के ग्राम बड़ीबृंगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 2 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत कुटुंगिया के ग्राम रामजड़ी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 3 | प्रखण्ड बांसजोर के ग्राम पंचायत कोम्बाकेरा के ग्राम रोबगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 4 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत बड़कीबिउरा के ग्राम बड़कीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 5 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत कुरडेग के ग्राम छोटकीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 6 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्रामपंचायत जोकबहार के ग्राम बेलगढ़ अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 7 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्राम पंचायत गरजा के ग्राम गरजा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 8 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत घुटबहार के ग्राम घुटबहार अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 9 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत कोनमेंजरा के ग्राम कोनमेंजरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 10 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत टुकूपानी के ग्राम टुकूपानी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 11 | प्रखण्ड केरसई के ग्राम पंचायत किनकेल के ग्राम किनकेल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) भवन निर्माण कार्य । | 1,43,00,000.00 | 7,15,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, सिमडेगा।

PR 351898 Simdega(25-26)D

रांची. गुरुवार. 08 मई 2025

# जय, हिंद की सेना

देश पर हुये आतंकी हमले का जबाव भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण केन्द्रों को ध्वस्त करके दे दिया। पूरा देश इस कार्रवाई का इंतजार कर रहा था। लगभग 100 से अधिक पाकिस्तान प्रशिक्षित आंतकी हमला देश झेल चुका है। इस कार्रवाई के पूर्व भी सर्जिकल स्ट्राइक हो चुका है लेकिन इस बार जबाबी कार्रवाई पिछली कार्रवाई से अधिक सख्त और योजनाबद्ध है। पूरे विश्व को इस विश्वास में लिया गया भारत आंतकी हमले से त्रस्त है। भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है। हालांकि, भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तानी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, अगर कोई ऐसा होता है जो हालात को बढ़ा सकता है। आतंकी शिविरों पर हमले सटीक क्षमता के माध्यम से किए गए, जिसमें विशेष टेक्नॉलजी हथियारों का उपयोग किया गया और वारहेड का सावधानीपूर्वक चयन किया गया जिससे कोई कोलेटरल नुकसान न हो। हरेक टारगेट का लक्ष्य स्पेसिफिक इमारत या इमारतों का समूह था, उन्होंने कहा कि सभी टारगेट्स को पूरी क्षमता के साथ तबाह कर दिया गया।किसी भी सैन्य ठिकानों को लक्षित नहीं किया गया। अब तक कोलेटरल नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर भारत ने पहलगाम जैसे सीमापार हमलों पर जवाब दिया है। पहलगाम हमले के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान की ओर से अपनी धरती पर या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल की हमारी खुफिया निगरानी ने संकेत दिया कि भारत के खिलाफ और हमले होने वाले हैं। पूरा विश्व आज भारत के साथ खड़ा है अगर पाकिस्तान कोई कार्रवाई करता है तो भारत उस स्थिति के लिये तैयार है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# पाकिस्तान प्रयोजित आतंक पर भारत का सटीक प्रहार




**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसे दुनिया ने देखा और हर देशभक्?त की आंखें उस दिन नम थीं अपने भारतीय नागरिकों के लिए। देशभर से एक ही आवाज उठ रही थी कि पाकिस्?तान के इस आतंकपरस्?त कदम का भारत सटीक जवाब दे। इसके बाद जिस तरह से कूटनीतिक स्?तर पर मोदी सरकार ने एक के बाद एक कदम आगे बढ़ाए और अंतिम कदम के रूप में यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) की मीटिंग में पाकिस्तान से जैसे तीखे सवाल किए गए, जिनके जवाब देते उसे नहीं बना। उसके बाद सीधे भारत का पाकिस्तान में नौ जगहों पर मिसाइलों से हमला करना आज यह बताने के लिए प्रयाप्त है कि भारत अब अपने हितों के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यदि कोई उसे आंख दिखाएगा तो उन आंखों को फोड़ देने में उसे देर नहीं लगनेवाली है।

वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह सयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है। वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि वह उत्साह से भर देता है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा ही था कि आतंक को इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा जो कल्पना से परे होगा और आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और वही हुआ। इस हमले में भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा है। इसके साथ ही भारत ने एक संदेश यह भी दिया है कि यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो भारत पुनः इस तरह का कदम उठाएगा।

इसके साथ ही भारत के ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ने जो प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं। जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था? तब इस प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था। दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया।



**- डॉ मयंक**

> ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है। इसमें लिखा ही था, प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा। और वह अब ले लिया गया है।

वस्तुतः भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है। मुरीदके में लश्कर ए तैयबा के हेडक्वार्टर पर हमला किया। मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है। फिर मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन के अड्डे को निशाना बनाया। इसी तरह से कोटली में टेरर कैंप, भिंबर में टेरर लॉन्च पैड, गुलपुर में टेरर लॉन्च पैड, चक अमरू में टेरर लॉन्च पैड और सियालकोट में आतंकी कैंप को निशाना बनाया है।

इसे यदि और गहरी स्पष्टता के लिए समझें तो मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख अड्डा। सरजल, तेहरा कलां - जैश-ए-मोहम्मद का दूसरा अड्डा। मरकज अब्बास, कोटली - जैश-ए-मोहम्मद का तीसरा आतंकी ट्रेनिंग स्थान। सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जैश-ए-मोहम्मद के चौथे स्थल। मरकज तैयबा, मुरीदके - लश्कर-ए-तैय्यबा का प्रमुख स्थान। मरकज अहले हदीस, बरनाला - लश्कर-ए-तैय्यबा का दूसरा प्रमुख स्थल। शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर-ए-तैय्यबा का तीसरा बड़ा प्रमुख आतंकी अड्डा। महमूना जोया, सियालकोट - हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी ट्रेनिंग स्थल और मस्कर राहील शाहिद, कोटली - हिजबुल मुजाहिद्दीन का दूसरा बड़ा आतंकी स्थल है, जहां पर यह भारत की एयर स्ट्राइक की गई है।

कुल मिलाकर यहां जो स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है, वह है कि भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे तीन प्रमुख आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर सटीक हमला किया है, जिसमें इन आतंकी संगठनों के ठिकाने बहुद हद तक तबाह हुए हैं। पूरी कार्रवाई भारतीय सशस्त्र बलों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण नाम से की है। भारतीय सेनाओं के संयुक्?त बयानों से यह स्?पष्?ट कर दिया गया है कि पाहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए, इन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। भारत अपने ऊपर होने वाले किसी भी वार को नहीं सहेगा, ब्लकि उसका कठोरतम तरीके से जवाब देता रहेगा।

यहां यह भी देखने में आया ही कि ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है। इसमें लिखा ही था, प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा। और वह अब ले लिया गया है। वहीं, भारतीय सेना का यह कहना कि ह्यपाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया गया है। यह स्पष्ट कर देता है कि भारत की लड़ाई किसी देश से नहीं, सीधे आतंकवाद के विरोध में है। फिर भी यदि पाकिस्तान की तरफ से कुछ भी भारत के विरोध में कोई बड़ा कदम उठाया जाता है तो भारत की तरफ से संकेत साफ है कि इससे भी भयंकर अटैक भारत अपनी ओर से करने के लिए तैयार है। निःसंदेह जिनसे बचना पाकिस्?तान के लिए कहीं से भी संभव नहीं होगा।

इसके साथ ही आज की कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले के वक्त आतंकवादियों की भारतीय प्रधानमंत्री के नाम संपूर्ण भारत की संप्रभुता को दी गई उस चुनौती को भी याद दिलाती है। जिसमें पुरुष पर्यटकों को धर्म देखकर गोली मारते वक्त इन आतंकियों ने कहा था कि 'मोदी को बता देना।'

तो जो बताने के लिए कहा गया, वास्तव में यह उस संदेश का एक छोटा-सा किंतु बहुत मुखर और प्रभावी जवाब है। यदि अब भी पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर जिहाद और आतंकवाद को भारत के विरोध में इस्तेमाल करता है, तो आज की भारत की कार्रवाई से आप यही मान सकते हैं कि आगे भारत आतंक के विरोध में बहुत बड़ा कदम उठाएगा।

## लेटर टू एडिटर

### आतंक का मुकाबला

**शहीद** नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर देश को संदेश दिया कि आतंकवादियों को तो उनके किए की सजा मिलनी चाहिए। कुछ राजनेता आतंकी घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। आतंकवादियों को सजा तो मिले, परंतु गंगा- जमुनी संस्कृति के संरक्षण के साथ हमें आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना है।

**-अनिल रांची**

### समता का संदेश

**लेखक,** स्वयं एक शिक्षाविद् होने के नाते, भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व विचारों से समाज को अवगत करवा रहे हैं। उनके द्वारा प्रेरणादायक लेख और शिक्षाएं समाज के मार्ग को आलोकित करती हैं। साथ ही, बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने की दिशा में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए।

**- अश्विनी सिंह, रांची**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**भारत** की सेना के हाथों लताड़ खाने के बाद पाकिस्तान सोशल मीडिया पर झूठ और भ्रम फैला रहा है कि भारत का राफेल मार गिराया है उसने। ऐसे झूठ से बचिए। सच्चाई ये है कि ऐसे सारे पोस्ट्स में पुराने वीडियो या तस्वीर यूज की गई है.. झूठ फैलाना पड़ रहा है पाकिस्तान को इसी से आप समझ सकते हैं कि सच्चाई क्या है। जय हिंद।

**- सुशांत सिन्हा, पत्रकार**

# ऑपरेशन सिंदूरः बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

सामयिक

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया- ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था- ₹मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।₹ प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले-बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा-खर्च तक रहा। दो-चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो 2014 तक जारी रहा। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा-पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़ कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटना की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। उसके बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है।

18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था।

इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था।

# ऑपरेशन सिंदूर के आगे क्या?

**डॉ. प्रभात ओझा**

सामयिक

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अंदर 6-7 मई की रात भारतीय सेना की कार्रवाई पिछले सभी स्ट्राइक से अलग है। जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, पहलगाम हमला भारत की आत्मा पर हमला है और हम इसका माकूल जवाब देंगे, यह कार्रवाई उसी तरह की है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है। इस अवसर पर किसी भी भारतीय नागरिक की यह पहली प्रतिक्रिया हो सकती है। सवाल इसके बाद की स्थितियों पर है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के वक्तव्य को देखा जाना चाहिए, जिसमें वे कहते हैं कि ऐसा कर हमने अपने अधिकार का प्रयोग किया है। वे 25 अप्रैल के संयुक्त राष्ट्र संघ के उस संकल्प को याद करते हैं कि दुनिया से आतंकवाद की समाप्ति के लिए एकजुट और संकल्पबद्ध कार्रवाई की जरूरत है। इससे भी आगे मिसरी ने जो जानकारी दी, वह है कि हमारे देश के अंदर पहलगाम की तरह एक और आतंकी हमला होने वाला था। ऐसा हम अपने उच्चस्तरीय खुफिया सूत्रों के हवाले से कह रहे हैं। ऐसे हमले रोकने के लिए ये कार्रवाई अत्यंत आवश्यक थी। यानी दुश्मन हमला करे, उसके पहले ही उसकी रीढ़ तोड़ दी जाय।

6-7 मई की रात की कार्रवाई के बाद के सवाल का जिक्र करते समय हमें पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर नजर डालनी चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। इससे तो लगता है कि भारत अपनी कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दे, तो पाकिस्तान चुप बैठ जायेगा। इसके विपरीत, अन्य बयानों से ऐसा नहीं लगता। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईपीआर) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान के एक और हिस्से को देखा जाय तो वह भविष्य का संकेत करता है। भारत की ओर से जहां कहा गया कि हमले सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही हुए, वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का कहना है कि भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए। मिसाइलें नागरिक इलाकों पर गिरीं।

पाकिस्तान जहां एक तफ भारत के रुक जाने पर स्वयं के भी रुकने की बात करता हं, वहीं अपने कथित नागरिक ठिकानों पर हमले की जानकारी से वह दुनिया की सहानुभूति बटोरना चाहता है। हालांकि अभी कई देशों ने यह उम्मीद जताई है कि भारत की इस कार्रवाई के बाद स्थिति सामान्य रहेगी। ऐसे देशों में चीन भी शामिल है, जो भारत-पाकिस्तान, दोनों को अपना पड़ोसी बताकर संयम बरतने की उम्मीद करता है। फिलहाल भारत ने इस कार्रवाई को ह्यऑपे?शन सिंदूरह्ण नाम देकर और इसकी जानकारी सेना की दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों से दिलाकर एक संदेश दिया है। संदेश साफ है कि पहलगाम में मां, बेटी, बहनों को जो आघात पहुंचा भारत ने उसे अपनी आत्मा पर आघात समझा। अब पाकिस्तान को समझना होगा कि यदि वह और आघात पहुंचाने की सोच रहा है तो और गंभीर खामियाजा भी वही भुगतेगा। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंत्रिमंडल की विशेष मुलाकात के बहुत गंभीर मायने हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े रहे हैं।)

राजधानी रांची का स्मार्ट सिटी धुर्वा सुंदर, बेहतरीन। **अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### परवरिश स्कूल में मनी टैगोर की जयंती




**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर की 164 वीं जयंती मनी। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार ने रविंद्र नाथ टैगोर एक महान कवि और लेखक थे। उन्हें गुरुदेव और कवि गुरु भी कहा जाता है। उन्होंने देश का राष्ट्रीय गान जन गण मन की रचना की है। प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि वे राष्ट्रकवि कवि गुरु और महान दार्शनिक है। इनकी साहित्यिक रचनाओं ने इन्हें और भी महान बना दिया है। इनकी साहित्यिक रचनाओं को और इन्हें हम हमेशा दिल से नमन करते हैं ये हमारे दिल में हमेशा रहेंगे। मौके पर विद्यालय की समन्वयक रश्मि कुजूर, विद्यालय की शिक्षिकाएं कंचन प्रसाद,रजनी कुमारी ,शानू साव,अर्चना कुमारी संगीता कुमारी, आकांक्षा मिश्रा , अंजलि ओझा,प्रियंका यादव,शांति कुमारी,पूजा कुमारी, पूजा सिंह चंचला सिंह, हर्षिता गुप्ता,नीती सोनी आदि उपस्थित थे।

### अग्रसेन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस मना। बच्चों ने दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि स्पधाओं में भाग लेकर तंदरुस्ती का संदेश दिया। खेल शिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि विश्व एथलेटिक्स दिवस एथलेटिक्स को बढ़ावा देने और सभी उम्र के लोगों को विभिन्न एथलेटिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। एथलेटिक्स एक ऐसा खेल है जिसमें दौड़ना, कूदना, फेंकना और चलना जैसी विभिन्न शारीरिक गतिविधियां शामिल होती हैं। इसे कई स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि खेलकूद फिजिकल फिटनेस, टीम वर्क, सामंजस्य, खेल के महत्वपूर्ण मूल्यों के साथ-साथ सोशल स्किल्स को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा चुनौतियों का सामना करने, सहनशीलता और सद्भावना का गुण भी पैदा करता है, जो एक प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोगी होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उचित संसाधन और अवसर देना चाहिए, जिससे वे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बन सकें। विभिन्न स्पर्द्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विजय शर्मा, सीमा लकड़ा, रीता राय का योगदान रहा।

### कोयला श्रमिक संघ का पुर्नगठन



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय कार्यालय बरका-सयाल में बुधवार को उरीमारी परियोजना कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थे। पुनर्गठित कमेटी में अनिल राम को अध्यक्ष, बिनोद कुमार सिंह को सचिव, सनी कुमार व रितेश पॉल को सह सचिव, बिंदेश्वर प्रसाद व गोकुल प्रसाद को संगठन मंत्री, महेश प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष तथा बिनोद सिन्हा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में हरी गंझू, जीतन महतो, अंजय कुमार सिंह और सुनील कुमार का चयन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने क्षेत्र में चल रहे बायोमैट्रिक हजारी प्रणाली में गड़बड़ी पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि जब तक मशीनें पूरी तरह से सही तरीके से कार्य नहीं करतीं, तब तक मजदूर हजारी नहीं बनाएंगे। उन्होंने इस पर जल्द सुधार की मांग की। बैठक में धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार, बालेश्वर कुमार, सनी कुमार, कृष्ण कुमार, गणेश भुंइया सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ए ला एंग्लाइज स्कूल में कराटे शिविर




भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को आत्मरक्षा और सेल्फ डिफेंस के लिए मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन मार्शल आर्ट सीतोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं को मार्शल आर्ट की बुनियादी तकनीकों से अवगत कराया गया। इस शिविर में 7 वर्षीय ऑरेंज बेल्टधारी नीति कुमारी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा और उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बाकी प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सफेद बेल्ट में शामिल थे। मौके पर सेंसाई कंचन दास ने बताया कि इस शिविर में 7 से 10 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्हें पीटी, बेसिक पंच और किक की विधिवत ट्रेनिंग दी गई। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में खुशी, आयुषी, प्रियम, दिव्यांशी, अंतरा, नताशा, कनक, मिस्टी, महक, आण्वी, अनुष्का, मोहित, अर्पित, नैतिक, हंसराज, अनमोल, अनित, अंशु, आयुष, आदित्य, प्रजल, ओंमकार आदि के नाम शामिल हैं।

# सेना व मोदी को सलाम: सांसद

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी : जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई है, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी।

सांसद मनीष जायसवाल ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि इस बार भारतीय सेना ने पीओके के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भी टारगेट्स को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि सेना ने 30 मिसाइलें दागी, जिनमें से 24 के हमले की पुष्टि पाकिस्तान ने की। बावजूद इसके, पाकिस्तान की वायुसेना एक भी मिसाइल को इंटरसेप्ट करने में नाकाम रही। सोशल मीडिया पर जय हिंद और भारत माता की जय के नारों के साथ देशभर में नागरिकों ने सेना के इस पराक्रम की सराहना की। मनीष



जायसवाल ने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में आज भारतीय सेना के पास उन्नत हथियार और पूर्ण स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि भटिंडा में एक संदिग्ध विमान क्रैश की खबर भी आ रही है, जिसे भारतीय सेना द्वारा मार गिराए जाने की संभावना जताई जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों के भीतर फिर से राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल कर दिया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

### आतंकवाद के खिलाफ साहसिक कदम : मनोज

**बरही।** पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक और साहसिक हमले के बाद पूरे देश में खुशी और गर्व का माहौल है। इसी क्रम में बरही विधायक मनोज यादव ने भी इस पर अपनी तीखी और उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस सैन्य कार्रवाई को पाकिस्तान में आधी रात को सूर्योदय जैसा बताया। विधायक श्री यादव ने कहा कि भारतीय सैन्य सेना ने आधी रात को पाकिस्तान की धरती पर सूर्योदय कराया है। यह यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बदली हुई नीति और रणनीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अब भारत किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए न सिर्फ तैयार है, बल्कि जवाब देना भी जानता है। विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान और पीओके में 9



आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये वे स्थान थे, जहां से भारत पर हमले की साजिश रची जा रही थी। मनोज यादव ने भी कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दोषियों को यह जवाब सबक के रूप में मिला है, जो भी भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे अब तुरंत और करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने देश की जनता से अपील की कि इस समय हमें एकजुट होकर सेना और सरकार के इस साहसिक कदम का समर्थन करना चाहिए

# सेविका-सहायिका के चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू करें : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने और पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पीएम जनमन के तहत उन क्षेत्रों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण पर चर्चा की गई जहां केंद्र मौजूद नहीं हैं। इसके साथ ही, स्कूल परिसरों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पर भी रिपोर्ट मांगी गई। डीडीसी ने अधिकारियों को पोषक क्षेत्रों में केंद्रों को चिन्हित करने और सेविका-सहायिका के चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी आंगनबाड़ी कर्मियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने और पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन एवं फेस ऑथेंटिकेशन कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए। पीएम मातृ वंदना योजना, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बैठक के अंत में डीडीसी ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने और सभी रिपोर्ट निर्धारित समय में प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने के लिए योजनाओं का ठोस क्रियान्वयन बेहद जरूरी है।



### अधिवक्ता भुवन ऋभु को मिला मेडल ऑफ ऑनर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक व प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) द्वारा प्रतिष्ठित मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। झारखंड, खासकर रामगढ़ से गहरा नाता रखने वाले ऋभु के संगठन के सहयोगी अग्रगति जिले में बाल अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने इसे पूरे जमीनी कार्यकताओं का सम्मान बताया और 2030 तक रामगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। डोमिनिकन रिपब्लिक में आयोजित इस वैश्विक कार्यक्रम में 70 से अधिक देशों के 1500 से ज्यादा विधिवेत्ता शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट में ऋभु द्वारा दायर 60 से अधिक जनहित याचिकाओं से भारत में बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर कई फैसले आए हैं। क्रेमाडेस ने उनके प्रयासों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षा का आधार बताया।

### डीएवी पब्लिक में ओरियंटेशन



**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में नर्सरी के छात्रों के लिए उनके अभिभावक संग एक ओरियंटेशन प्रोग्राम हुआ। सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद एवं सीएसआर के नोडल पदाधिकारी आशीष झा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जीएम ने फीता काटकर नर्सरी कक्षा के कक्ष को देखा। बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किए, सभी अभिभावक झूमे। अंत में विद्यालय प्राचार्य ने सभी मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तमन्ना ने जीता ब्रॉन्ज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रामगढ़ जिले की चोरधारा पंचायत के लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तीरंदाज तमन्ना वर्मा इस प्रतियोगिता में चयनित एकमात्र महिला तीरंदाज रहीं। उनका चयन 2024 में गुजरात में हुआ था। तमन्ना के साथ झारखंड से कंपाउंड श्रेणी में साहिल बनवार और दिव्यांशु सिंह ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में तमन्ना ने हरियाणा की तमन्ना गुलिया को हराकर



ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शरवरी सोमनाथ और वैष्णवी पवार ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। तमन्ना वर्मा ने यह मेडल अपनी दिवंगत दादी स्व. समुन्दरी देवी को समर्पित किया, जिनका निधन 15 अप्रैल 2025 को हुआ था। महज पांच दिन बाद तमन्ना राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए मैदान में उतरीं। इस मुश्किल वक्त में उनके कोच प्रकाश राम ने उन्हें संभाला और खेलने के लिए प्रेरित किया। रामगढ़ उपायुक्त महोदय द्वारा उपलब्ध कराई गई अर्चरी किट और बिरसा मुंडा एकेडमी सिल्ली के संस्थापक सुदेश महतो व नेहा महतो का भी तमन्ना ने विशेष रूप से आभार जताया।

# रामगढ़ में लोगों ने सेना के पराक्रम को किया सलाम

**अमित**

**रामगढ़।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन के अड्डे को तबाह करने के बाद भारत के लोगों में सेना के शौर्य को लेकर काफी खुशी देखी जा रही है। जैसे ही रामगढ़ छावनी क्षेत्र के लोगों को भारतीय सेना की कार्रवाई की जानकारी मिली कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है लोगों में खुशी का ठिकाना ना रहा। लोग यह कहते दिखे की पाकिस्तान का नापाक इरादे को भारत ने ध्वस्त कर दिया।

**सेना पर गर्व : मनमोहन सिंह लांबा**



सेना द्वारा आतंकवादियों के विरूद्ध चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर का गुरूनानक स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि सेना की कार्रवाई पर हम सभी को गर्व महसूस हो रहा है।

**सेना की कार्रवाई उचित: रूपेश गुप्ता**



व्यवसायी रूपेश गुप्ता ने कहा कि सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। हम सेना की इस कार्रवाई का समर्थन करते हैं।

**आतंकियों को दिया जवाब : शीतल**



भाजपा नेत्री शीतल सिंह ने कहा कि आतंकवादियों के इस कृत्य का सेना ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनके अड्डों को ध्वस्त कर दिया।

**फिल्म अभी बाकी है : शर्मा**



व्यवसायी श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि सेना की कार्रवाई तो केवल टेलर है, फिल्म अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि सेना आतंकियों के मंसूबे को नाकाम करके रहेगी।

**पाक को चुकानी पड़ेगी कीमत: आनंद**



अधिवक्ता आनंद सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदुर सेना के पराक्रम का परिचायक है। कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी गतिविधियों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**सेना पर हमे गर्व :गीतू बेसरा**



गीतू बेसरा ने कहा कि सेना की कार्रवाई से हम सभी को गर्व की अनुभूत हो रही है। सेना ने आतंकवादियों को उचित जवाब देने का कार्य किया है।

**आतंकियों को करारा जवाब : शैलेन्द्र**



सेवा निवृत सैनिक शैलेन्द्र ठाकुर ने सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि सेना ने आतंकवादियों के कृत्य का उन्हें सही और उचित जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब आतंकवादियों को यह समझ लेना चाहिए की वे कुछ करेंगे तो भारत चुप नही बैठेगा बल्कि उनके किये की उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

**कार्रवाई उचित: केसी मैथ्यू**



केसी मैथ्यू ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर हमारे सेना के पराक्रम को ललकारने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियो के कृत्य का सेना ने उचित जवाब दिया है।

**आतंकियों को खत्म करे सेना : आसिफ**



ऑपरेशन सिंदूर का कांग्रेस नेता मो आसिफ ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर सेना को चुनौती देने का प्रयास किया था। जिसका सेना ने उन्हे उचित जवाब दिया।

**एयर स्ट्राइक से आतंकवादियों की कमर टूटी : डॉ. गीता सिंह**

**सेना ने उचित जवाब दिया:** सेना महिला चिकित्सक डॉ गीता सिन्हा मानकी ने कहा कि पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या कर आतंकवादियों ने सेना के शौर्य को ललकारा था। कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद आतंकवादियों की कमर टूट गई है। हम सेना की कार्रवाई का समर्थन करते हैं और सेना के साथ हैं।

**सेना के साथ खड़ा है पूरा देश : सिनम सिंह**

राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी सिनम सिंह ने कहा कि सेना की कार्रवाई उचित है और पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। हम सभी को सेना के शौर्य पर गर्व है। छात्रा भार्गवी झा ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि सेना ने सही कार्य किया है क्योंकि आतंकवादियों पर कार्रवाई नही होने से उनके हौंसलते बढ़ते। इसलिए सेना ने सही और उचित कार्य किया है।

रामगढ़ में लोग जगह जगह मिठाइयां बांट कर खुशियां मना रहे हैं। लोगों ने कहा कि देश से आतंक को नेस्तानाबूद कर देना चाहिए। भारत जैसे शांतिप्रिय देश में पाकिस्तान बीच-बीच में आतंक फैला कर देश को अशांत करने का काम करता है। 22 मार्च को आतंकियों कायराना हमला किया गया था। पर्यटकों से धर्म पूछ कर उनके परिवार के सामने गोली मारी थी।

## एक नजर में

### राज्यपाल से मिले मनीष जायसवाल, विभावि के कुलपति नियुक्ति के लिए जताया आभार



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को रांची राजभवन राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्त करने पर धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि सांसद मनीष जायसवाल ने बीते 4 मार्च को राज्यपाल से मिलकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की मांग की थी। जिसके पश्चात प्रो. चंद्र भूषण शर्मा को विभावि का कुलपति नियुक्त किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि छात्रहित में यह निर्णय बेहद महत्वपूर्व है और इससे न सिर्फ.विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूती मिलेगी बल्कि छात्रों को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी ।

### सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो का धरना कल

बड़कागांव।केंद्र सरकार से आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो हजारीबाग जिला मुख्यालय में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन करेगा। केंद्र सरकार से जातीय जनगणना कराने के पूर्व सरना धर्म कोड की मांग की जाएगी । झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने कहा कि आदिवासी धरना कोड की मांग को लेकर 5 वर्ष पूर्व ही झारखंड विधानसभा से पास कर मंजूरी दिलाने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजी गई है परंतु अब तक आदिवासी सरना धर्म कोड नहीं मिलना झारखंड के आदिवासियों का अपमान है ।जब तक आदिवासी सरना धर्म कोड केंद्र सरकार के द्वारा नहीं दी जाती है तब तक जातिय जनगणना का विरोध जारी रहेगा।

### निर्दोष पर्यटकों को मिला न्याय : शेफाली गुप्ता



हजारीबाग। ओम आरोहणम की संस्थापिका और भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद देशवासियों के दिलों में उबाल था। ऐसे में मोदी सरकार और सेना ने आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर उन्हें करारा जवाब दिया है। शेफाली गुप्ता ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन ने आतंकवादियों को उनके किए की सजा दी है। मोदी सरकार ने यह साबित कर दिया है कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से ही निर्दोषों को न्याय दिलाया जा सकता है। उन्होंने इस ऑपरेशन के जरिए देश के सैनिकों की बहादुरी और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को सलाम किया। गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सोशल मीडिया पर भी शेफाली गुप्ता के इस बयान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। देशभर में लोग सेना और सरकार की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे हैं।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों का स्वागत



कुजू। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा में नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर सरस्वती वंदना से स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। बाद में जन प्रतिनिधियों ने सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर उपहार स्वरूप प्रदान किया। मौके पर कुजू पूर्वी पंचायत के मुखिया ललिता देवी, पंसस रेखा देवी, उप मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, फुलेश्वर साव, विद्यालय प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, लव कुमार, सरस्वती देवी, पार्वती देवी, तालु देवी, झालो देवी, सुरेंद्र सिंह, गीता देवी, उषा देवी, आरती देवी, बसंती देवी, रुस्तम अंसारी, महेश महतो आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा पंचायत में लहंगा वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा भुरकुंडा मंडल अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत के न्यू बैरक क्षेत्र में बुधवार को एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उपहार स्वरूप भेजे गए लहंगा सेट को एक जरूरतमंद गरीब बहन को सौंपा गया। इस अवसर पर लाभान्वित परिवारों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आत्मीय आभार प्रकट करते हुए उनकी संवेदनशीलता और समाजसेवा भावना के लिए कृतज्ञता जताई। बच्ची को लहंगा देते हुए भाजपा भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, एससी मोर्चा जिला प्रभारी जुगल नायक, मंत्री सह मुखिया अजय पासवान ने कहा कि यह सहयोग उनके लिए न सिर्फ एक वस्त्र का उपहार है, बल्कि आत्मसम्मान और मानवीय स्नेह का प्रतीक भी है। यह पहल समाज में जरूरतमंदों के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को और मजबूती देती है। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## कोडरमा जिला भाजपा ने वक्फ बिल जन जागरण अभियान कार्यशाला का किया आयोजन

# वक्फ बिल सुधार जनता के हित में : अनूप जोशी

- **वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान : पवन साहू**
- **वक्फ बिल सुधार गरीब मुस्लिमों के हक में : सोना खान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा वक्फ बिल जन जागरण अभियान कार्यशाला का आयोजन जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यालय सुभाष चौक झुमरीतिलैया में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने की। संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरशद खान एवं जिला महामंत्री कार्यक्रम के संयोजक विजय यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोना खान ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम गरीब मुस्लिमों के हित में है तथा यह उनकी गरीबी दूर करने के लिए है। गरीब मुसलमानों को केवल आज तक वक्फ के नाम पर ठगने का काम किया गया है, न तो वक्फ के पैसे से स्कूल बना, न अस्पताल बना, न गरीबों का भला हुआ।

वहीं पवन साहू ने कहा कि वक्फ की संपत्ति का केवल नेता और वक्फ कमेटी के लोग ही फायदा उठा रहे हैं। वक्फ की सम्पत्ति बिल्डर एवं मॉल बनाने वाले को भाड़े पर औने पौने दाम पर दे दी जा रही है, इस पर बिल आने से रोक लगेगी। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और वक्फ बिल पर कहा कि वक्फ का मतलब दान देना है, चाहे हिंदू हों या मुसलमान अपनी कमाई से दान देते हैं और वह पैसा गरीबों के लिए उपयोग होता है, परन्तु वक्फ का पैसा का चन्द लोग मिलकर मजा ले रहे हैं। मोदी की सरकार ने इसका पर्दाफाश किया और वक्फ कानून में संशोधन किया जो गरीब मुस्लिमों के विकास में काम आए और इनलोगों की गरीबी दूर हो सके। कार्यक्रम में रवि मोदी, सुरेश यादव, शिवेन्द्र नारायण, गोपाल कुमार गुतुल, सूरज प्रताप मेहता, सुभाष मोदी, सुनीति सेठ, रीता लोहानी, नरेन्द्र पाल, हरि पण्डित, सुधीर सेठ, महेश वर्मा, द्वारिका प्रसाद राणा, नवीन चौधरी, इंद्रदेव कुमार, राजेश कुमार वर्मा, निरंजन कुमार, अनवर असरफ, जाहिद अंसारी, सनाउल्लाह खान, अख्तर अंसारी, कलीम खान, गुड्डू खान, हसमत जहांगीर खान, शमीम आलम से अन्य लोग उपस्थित थे।

## चतरा पुलिस ने 7 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार कर तीन तस्करों को भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के सियारी जंगल के समीप से पुलिस ने 7 किलो 316.6 ग्राम अफीम, एक इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन, एक प्लास्टिक सील करने की मशीन, एक बाइक व एक स्क्रीन टच मोबाइल के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्करों में पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव निवासी चंद्रदेव दांगी का पुत्र मिथलेश कुमार, गिद्धौर उपरटोला निवासी सूरज दांगी का पुत्र चरित्र दांगी व राम लखन ठाकुर का पुत्र जितेंद्र ठाकुर शामिल है।

यह जानकारी सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इस दौरान सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गिद्धौर के सियारी जंगल के समीप बड़े पैमाने पर अफीम तस्कर अवैध अफीम की खरीद-बिक्री करने वाले हैं।

छापेमारी टीम का गठन कर सियारी जंगल के समीप से अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि रांची क्षेत्र से अफीम बरामद की गई है। साथ ही पुलिस ने 6 और भी अन्य तस्करों से गिद्धौर थाना में अवैध अफीम से संबंधित पूछताछ कर रही है। छापेमारी में पुलिस निरीक्षक सनोज चौधरी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, रांची पुलिस समेत अन्य शामिल थे।

## ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गर्व की बात : डॉ.नीरा



**कोडरमा।** विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना की जमकर तारीफ की है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह भारत की शौर्यगाथा और भारतीय सेना की वीरगाथा है। विधायक ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का समय है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह अभूतपूर्व है। सभी भारतीय सेना के इस अदम्य साहस को सलाम करते हैं। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताया और कहा कि कुशल नेतृत्व ने भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। ज्ञात हो कि भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक की, एक साथ 9 ठिकानों पर हमला किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर हमला कर आतंकवादी कैम्प को ध्वस्त किया गया।


## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना को बधाई : माकपा



**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना पर गर्व करते हुए उन्हें बधाई दी है। माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने पार्टी पोलित ब्यूरो के बयान के आधार पर कहा कि अपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाया गया था। सशस्त्र बलों के अनुसार ये हमले निश्चित स्थानों पर केंद्रित और गैर-उकसावेपूर्ण थे। भारतीय सेना ने पीओके के नौ आतंकवादी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सीपीआईएम सहित सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन किया था। सीपीएम पोलित ब्यूरो ने मांग की है कि इन कार्रवाइयों के साथ-साथ पाकिस्तान पर यह दबाव भी जारी रहना चाहिए कि वह पहलगाम में निर्दोष लोगों के नरसंहार के लिए जिम्मेदार आतंकियों को भारत को सौंपे और यह सुनिश्चित करे कि उसके क्षेत्र से कोई आतंकवादी शिविर संचालित न हो। साथ ही भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों की एकता और देश की अखंडता की रक्षा हो।

## घर से लाखों का हीरा जड़ित अंगूठी सहित कई सोने के जेवरात ले भागे चोर, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत घर में गृह स्वामी के रहते चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना को अंजाम देते वक्त चोर चोरी करने में इसलिए कामयाब हो गए होंगे क्योंकि चोरों को यह पता रहता है कि गर्मी के मौसम में लोग कूलर, एसी का उपयोग करते हैं और इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम देकर ना सिर्फ घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ किया, बल्कि पुलिस को भी चुनौती दे दी। घटना सोमवार देर रात की बताई गई। मिली जानकारी के अनुसार तिलैया थाने में दिए गए आवेदन में भादोडीह वार्ड नंबर 18 बायपास रोड निवासी गृहस्वामी युगल किशोर प्रसाद ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वे देर रात दरवाजा व खिड़की को बंद कर अपने कमरे में सोने चले गये। सुबह उठकर जब वह घर के आंगन में टहल रहे थे, तो उनकी नजर घर की खिड़की पर पड़ी। जहां उन्होंने देखा कि खिड़की का ग्रिल टूटा हुआ है। तभी गृह स्वामी ने तुरंत घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर रखा अलमीरा टूटा पड़ा है और अलमीरा में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को चोरी की घटना की जानकारी देते हुए पुलिस को सूचना दी। गृह स्वामी श्री प्रसाद ने बताया कि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए अलमीरा में रखा लाखों रुपए के जेवरात सहित नगद 85 हजार व अन्य जरूरी कागजात चोरी कर लिये।

**हीरा जड़ित अंगूठी सहित कई सोने के जेवरात हुए चोरी :** चोरी गए सामानों में हीरा जड़ित दो सोने की अंगूठी, हीरा जड़ित प्लेटिनम की एक अंगूठी, सोने का कंगन, एक सेट सोने का कान का टॉप, एक सोने की चेन, 8 पीस सोने की अंगूठी व पायल बिछिया सहित कई सोने के जेवरात तथा फिक्स्ड डिपजिट के कागज शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

## अतिक्रमण पर चला जेसीबी, अवैध निर्माण ध्वस्त

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** एसडीओ रिया सिंह के निर्देश पर सीओ हलधर कुमार सेठी के नेतृत्व में चित्रगुप्त नगर स्थित छठ तालाब नाला के पास गैरमजरुआ आम भूमि पर चल रहे अवैध निर्माण कार्य पर जेसीबी चलाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि गैरमजरुआ आम भूमि पर मकान बनाया जा रहा है, जो गैरकानूनी है। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त जमीन गैरमजरुआ आम है, जिस पर निर्माण कार्य हो रहा था। वहीं सीओ के नेतृत्व में जेसीबी से निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने अपनी निजी जमीन से आगे बढ़ाकर भी निर्माण किया था, जिसे भी हटवा दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी भूमि पर कोई भी कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर प्रखंड कर्मी, राजस्व कर्मचारी, तिलैया थाना के जवान आदि मौजूद थे।

## चतरा एसपी ने हंटरगंज थाना का किया निरीक्षण

**हंटरगंज/चतरा।** चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डे ने हंटरगंज थाना का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी से दैनिक कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए कुशलक्षेम जाना तथा प्राप्त शिकायतों के बारे में भी पूछताछ की। तत्पश्चात थाना कार्यालय पहुंच कर कार्यलेख पर मौजूद हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार एवं पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा से कुशलक्षेम जानते हुए कार्यों के बारे में जानकारी ली, थाने के अभिलेखों को चेक किया तथा रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही थाने में नियुक्त पुलिसकर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली व ड्यूटीरत कर्मचारियों को चेक किया। थाना में लंबित केस की फाइलों की जांच की। लंबित केस की समीक्षा करते हुए जल्द निष्पादन करने हेतु थाना प्रभारी और पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा को निर्देशित किया। इस दौरान एसआई पुरषोत्तम अग्निहोत्री, नीतीश कुमार, लालबहादुर सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना गेट के सामने सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ इंदर कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान बुधवार को चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहनों की चेकिंग की गई। थाना प्रभारी प्रभात कुमार और डीटीओ ने चालकों के ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट, ओवरलोड, फिटनेस इत्यादि की जांच की। वहीं वाहन चालकों को चालान काटने के बाद उनको छोड़ा गया। थाना प्रभारी और डीटीओ ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन आवश्य करें। मौके पर कई परिवहन विभाग कर्मी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर में कई मामले निष्पादित



**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देश पर बुधवार को हंटरगंज थाना परिसर में नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में थाना क्षेत्र के केदली, गेरूआ, समेत अन्य गांवों से लोग अपने अपने मामले लेकर पहुंचे थे। इनमें पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, गाली-गलौज, मारपीट समेत अन्य कई मामले शामिल थे। मौके पर पीएलवी अजय कुमार दास एवं हंटरगंज थाना सब इंस्पेक्टर पुरूषोत्तम अग्निहोत्री ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझा-बुझाकर मध्यस्थता कराया। मौके पर उपस्थित लोगों को नि:शुल्क कानूनी जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने काफी सराहना की तथा कहा कि इस नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर से लोग कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से बचते हैं। वहीं पीएलवी अजय कुमार दास और एसआई पुरूषोतम अग्निहोत्री के द्वारा बताया गया कि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें दोनों पक्षों का समय, पैसा बर्बाद होता है। छोटे-छोटे मामले मध्यस्थता के जरिए जल्दी सुलझाए जा सकते हैं। इधर लोगों ने एसआई और पीएलवी को यह कार्य के लिए बधाई दी। इस मौके पर एसआई बीर बहादुर सिंह भी मौजूद थे।

### संदिग्ध परिस्थिति में घर में मिला महिला का शव, पति गायब, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के डाहा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। घटना बुधवार दोपहर की है। इस मामले में पुलिस को महिला के मायके वाले गया जिले के मोहनपुर थाने के हमसोर निवासी मृतका के पिता महेश्वर यादव के माध्यम से बुधवार को सूचना मिली है। महिला की मौत के बाद से ही पति भी गायब है। मृतक महिला डाहा गांव में 30 वर्षीय गीता कुमारी पति बीरबल यादव की लाश उसी के घर से बरामद की है। मृतका का पति बीरबल गायब बताया जा रहा है। गांववालों के अनुसार मृतका ने घरेलू विवाद में जहर खा ली है। वहीं महिला मृतक के परिजनों का आरोप है कि मेरी बेटी को जब से शादी हुई है तब से उसका पति प्रताड़ित करते आ रहा है। मेरी बेटी की मृत्यु की खबर उसकी गोतनी ने फोन के माध्यम से दी। जब हमलोग उसके घर पहुंचे तो देखे कि बेटी का शव घर में पड़ा है। उसके बाद पुलिस को हमलोगों ने सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका का सारा आभूषण उसके शरीर से निकाल लिया गया था। इधर हंटरगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि किन परिस्थितियों में महिला की मौत हुई है। हालांकि पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

## श्याम बाबा की निशान यात्रा व भजन कीर्तन का आयोजन आज, कई श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के लिए रवाना



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम महिला मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 7 बजे से निशान यात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी कृतिका मोदी और पिंकी खेतान दी। वहीं उन्होंने बताया कि इस निशान यात्रा में बरही से भी श्याम प्रेमी शामिल होंगे। निशान यात्रा में बाबा श्याम का दरबार के साथ भजन कीर्तन करते हुए एड्डीबंग्ला स्थित श्याम मंदिर में निशान अर्पण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर श्याम मंदिर पोद्दार निवास में भजनों का कार्यक्रम आयोजत होगा। उक्त जानकारी आयुष पोद्दार ने दी। वहीं उन्होंने बताया कि बाबा का अलौकिक श्रृंगार के साथ भजनों का कार्यक्रम होगा। वहीं एकादशी को लेकर पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन होगा। मंदिर कमिटी के महावीर खेतान ने श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इधर श्याम शरण में आजा रे, श्याम मित्र मंडल, श्याम सेवा मंडल से जुड़े कई श्रद्धालु भक्त बुधवार को खाटू के लिए रवाना हुए, जो कि गुरुवार को दर्शन करेंगे और पूजा अर्चना में शामिल होंगे। खाटू जाने वालों में रवि दाहिमा, पप्पू सिंह, गिरधारी सोमानी, अविनाश कपसीमें, विकास बैसखीयार, धर्मेंद्र सिन्हा, नवनीत ओझा, रणधीर कपसीमें, शालिनी दाहिमा, प्रियंका ओझा, नव्या, नायशा, अराध्या सिन्हा के नाम शामिल हैं।

## 30 जून से पहले होल्डिंग टैक्स भुगतान करने पर मिलेगी विशेष छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **सेना के जवान, सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर को होल्डिंग टैक्स में मिलेगी छूट : सिटी मैनेजर**

**कोडरमा।** नगर परिषद झुमरीतिलैया के करीब 25 हजार होल्डिंग धारकों के लिए राहत भरी खबर है। नगर परिषद क्षेत्र में स्थित आवासीय भवनों के मलिक के जो सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, सेना में कार्यरत या सेना से रिटायर और ट्रांसजेंडर की श्रेणी में हैं, उनको विशेष छूट मिलेगी। जबकि सामान्य होल्डिंग धारक को पांच प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

**30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट :** नगर परिषद झुमरीतिलैया के सिटी मैनेजर रणधीर कुमार वर्मा ने कहा कि झारखंड नगर पालिका कर संपत्ति संशोधन अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून तक जमा करने पर पांच से दस प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वहीं कॉमर्शियल होल्डिंग धारक को पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई एक वित्तीय वर्ष में होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करता है, तो नियम अनुसार सामान्य होल्डिंग धारक को पांच प्रतिशत की छूट मिलती ही है, साथ ही विभाग के द्वारा प्रत्येक महीने पेनल्टी भी लगाई जाती है।

**क्वार्टर के दौरान भुगतान नहीं करने पर दूसरे क्वार्टर में लगेगी पेनाल्टी :** उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स कलेक्शन के लिए पहला क्वार्टर अप्रैल से जून तक इसके बाद दूसरा क्वार्टर शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि दूसरा क्वार्टर शुरू होने से पहले होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करने पर एक प्रतिशत तक का ब्याज भी लगना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के सीनियर सिटीजन को इस विशेष छूट का लाभ उठाना चाहिए। प्रयास करें कि होल्डिंग टैक्स का भुगतान 30 जून से पहले कर दें।

## सरकारी चापाकल में मोटर लगाकर उपयोग करने पर एसडीओ ने पांच हजार रुपए लगाया जुर्माना



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर एसडीओ रिया सिंह के निर्देश पर सरकारी चापाकल से अवैध जल दोहन मामलों में कड़ी चेतावनी और दंडात्मक कार्रवाई की गई। वहीं बुधवार को गुमो क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सरकारी चापाकल पर मोटर लगाकर अवैध रूप से पानी खींचने की शिकायत पर एसडीओ ने स्वयं मौके पर जाकर स्थल जांच की। सत्यापन के बाद मोटर जब्त करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया गया। सरकारी चापाकल में मोटर लगाकर उपयोग करने वालों में सुनैना तिवारी और जगदीश साव पर 5000-5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं एसडीओ ने कहा कि सरकारी संसाधनों का निजी उपयोग क्षम्य नहीं है और भविष्य में ऐसी हरकत करने वालों को और भी कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सप्लाई के समय कोई मोटर लगाकर पानी अपनी टंकी में भरता पाया गया, तो उस पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इससे अन्य नागरिकों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। जांच में नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक राजू राम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर शंभू कुमार रजक, चापाकल प्रभारी लाल मोहन प्रसाद, सुदर्शन श्रीवास्तव, लाखन सिंह, राजेश कुमार समेत होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## जिले में स्मार्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत

- **पहले ही दिन सामने आयी कई परेशानियां, 593 दुकानदारों के लिए महज 600 मशीनें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिले में स्मार्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली (स्मार्ट पीडीएस) की शुरुआत की गयी, मगर योजना लागू होते ही पहले ही दिन तकनीकी दिक्कतें और व्यवस्थागत चुनौतियां सामने आ गयीं। जिले के 593 राशन दुकानदारों के लिए महज 600 मशीनें हैं, जिससे 1,12,900 लाभुकों को अनाज और अन्य सामग्री मिलनी है। कोडरमा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने डीलरों को स्मार्ट पीडीएस के संचालन और वितरण प्रक्रिया की जानकारी दी। मौके पर जिला कार्यालय से ऑपरेटर रवि कुमार व संतोष कुमार मौजूद थे। डीलरों को बताया गया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के पीडीएस नियम अलग-अलग हैं, केंद्र की योजना में पीला, लाल कार्ड चलता है, जबकि राज्य सरकार की अपनी अलग व्यवस्था है, इससे डीलरों और लाभुकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हर महीने की पांच तारीख से राशन वितरण शुरू होता है, मगर सोमवार को जिले भर में सिर्फ 14 लाभुकों को ही अनाज मिल पाया, जबकि आमतौर पर पहले दिन ही सैकड़ों लाभुक राशन ले लेते हैं। इसका प्रमुख कारण पुरानी मशीनें, कमजोर नेटवर्क (2जी प्रणाली) और तकनीकी कर्मचारियों की कमी रहा।

### मशीनें लेकर जिला कार्यालय पहुंचे दुकानदार

कई राशन दुकानदार मशीनें लेकर जिला कार्यालय पहुंचे और नये सिस्टम को समझने की कोशिश की। वहीं उन्हें बताया गया कि मशीनें लगभग 10 साल पुरानी हैं और नयी प्रणाली के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रही हैं। 593 डीलरों और 600 मशीनों के रखरखाव के लिए सिर्फ दो तकनीकी ऑपरेटर नियुक्त हैं, जो खराब मशीनों को ठीक करने का काम करते हैं। मशीनों में समस्या आने पर लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे असंतोष बढ़ रहा है। वहीं डीलरों का कहना है कि जब तक केंद्र और राज्य सरकार के नियमों में एकरूपता नहीं लायी जाती और नयी मशीनों के साथ तेज नेटवर्क प्रणाली नहीं दी जाती, तब तक स्मार्ट पीडीएस को सही ढंग से लागू करना संभव नहीं है। हालांकि, जिला प्रशासन का कहना है कि धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान निकाला जायेगा और आने वाले दिनों में लाभुकों को तकनीक से जुड़े फायदे मिलने लगेंगे।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में टैगोर दिवस मनाया गया



**कोडरमा।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में रविंद्र नाथ टैगोर जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के कॉफ्रेंस हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने टैगोर के जीवन और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक साकेंदर, सीसीए संयोजिका अर्चना एवं बच्चों के द्वारा रविंद्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं छात्रा नैवेद्यी झा ने टैगोर के जीवन पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उनकी साहित्यिक उपलब्धियों, रचनाओं और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। वहीं छात्रा महिमा महतो ने अपनी शानदार सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी से विद्यार्थियों की जिज्ञासा को नई दिशा दी। उन्होंने रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्नों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। वहीं छात्र दक्ष जैन ने अपने प्रेरणादायी सुविचारों के माध्यम से टैगोर के आदर्शों को सभी के सामने प्रस्तुत किया। वहीं प्राचार्या निरजा ने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर न केवल एक महान साहित्यकार थे, बल्कि वे समाज सुधारक और शिक्षाविद भी थे। टैगोर की रचनाएं हमें जीवन के गहरे अर्थों को समझने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देती हैं। मौके पर आशी अग्रवाल, चौताली घोष, मुकेश कुशवाहा, साकेंदर, अर्चना, प्रशासक प्रतीक, रश्मि, सोनी, रतन, काशी, दीपक, प्रदीप, चंदन, सुरज, मुकेश साव, विकास आदि मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मॉडल संयुक्त राष्ट्र महासभा का भव्य समापन

- **बच्चों ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बन मोहा मन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया में आयोजित मॉडल संयुक्त राष्ट्र महासभा (एमयूएन) का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें देश-विदेश से अतिथियों ने भाग लिया। समारोह में सेजिरो हीरोहामा (मुख्य परिचालन अधिकारी, कूराकू ग्रुप, जापान), प्रो. डॉ. चंदन सिंह (सीईओ, सीसीएन इमीग्रेशन सर्विसेज व टेक बिज अल्बर्टा लिमिटेड, कनाडा) और जितेन्द्र मेहता (प्रेसिडेंट, एक्सपीरियंस जापान ऑनलाइन माध्यम से जुड़े) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही डॉ. अरुण मिश्रा एवं अजय अग्रवाल जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों की उपस्थिति रही तथा निर्णायक की भूमिका बखूबी निभायी। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। लगभग 30 देशों के 120 छात्र प्रतिनिधि के रूप में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों के राष्ट्र प्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा की। वहीं अतिथियों ने न केवल विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की, बल्कि उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण और नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जापान के सेजिरो हीरोहामा ने भारत-जापान संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कृति और व्यापार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग के विशाल अवसर हैं। वहीं कनाडा के प्रो. डॉ. चंदन सिंह ने कहा कि भारत, कनाडा और यूरोप के बीच मजबूत होते संबंधों को समझने और भविष्य के लिए कूटनीतिक सोच विकसित करने हेतु छात्रों को ऐसे मंचों से जुड़ना चाहिए। वहीं एक्सपीरियंस जापान के प्रेसिडेंट जितेन्द्र मेहता ने भारतीय और जापानी संस्कृति के साझा मूल्यों की चर्चा करते हुए कहा कि जापान में भारतीय संस्कृति की गूंज है और वहां शिक्षा और निवेश के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। वहीं अजय अग्रवाल ने छात्रों के मंचन, तथ्यों की प्रस्तुति और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार है, और ऐसे आयोजनों से उनमें सार्वजनिक वक्तृत्व कला और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सबा आलिया (ऑस्ट्रेलिया) सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार सृष्टि राणा, (चीन) हाई कमेंडेशन पुरस्कार, सृष्टि कुमारी (लीबिया) स्पेशल मेंशन पुरस्कार, वैष्णवी कुमारी (इजराइल) पोजिशन पेपर पुरस्कार, ब्राजील दल (शाहरोज अहमद, शिवम कुमार, सिमरन कुमारी, आयुषी प्रगति) सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल पुरस्कार से पुरष्कृत किया गया। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और वैश्विक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करते हैं। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं सहयोगियों की सराहना की। मौके पर प्रवीण कुमार, सत्येन्द्र सिंह, पायल सिंह, शंकर कुमार, सुभय कुमार, चंदन पांडेय, आशुतोष गौतम, शगुफ्ता परवीन, दीपक सराफ, सीमा जैन, कुंतल जेतवा, अनुष्का कुमारी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में स्टाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित



कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ व स्टाफ वेलफेयर सेल के संयुक्त तत्वधान में स्टाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रोफेशनलिज्म एन्ड एथिक्स, ई-गवर्नेंस एप्लिकेशन इन द इंस्टीटयूशन तथा रीसेंट चौलेंजेज फॉर टीचर एजुकेशन इंस्टीटयूशन था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.रवि कांत, प्रोफेसर व हेड, डिपार्टमेंट अफ टीचर एजुकेशन सह डीन, स्कूल अफ एजुकेशन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी अफ साउथ बिहार मौजूद रहे। अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार द्वारा पौधा व शॉल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कराया। वहीं मुख्य अतिथि रवि कांत ने उपर्युक्त तीनों विषयों पर तीन सत्रों में विषय से संबंधित बातों और विचारों को आसान शब्दों में उपस्थित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समक्ष रखा। वहीं उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही है जिसे अपने विद्यार्थियों के सफल और आगे बढ़ने पर खुशी मिलती है। उन्होंने एक शिक्षक के नैतिक कर्तव्यों, जिम्मेदारी, आदि को विभिन्न उदाहरणों के साथ समझाया। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉ.संजीव कुमार, डॉ.संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो.सेराज, विनोद यादव, किशोर वर्मा, आनंद कुमार, रविभूषण सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, शाहिद खान, गौरव सिन्हा, सेण्टू कुमार, कुंदन, चंदन आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

## मनरेगा लोकपाल ने की समीक्षा बैठक योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा



कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मनरेगा लोकपाल।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय में मनरेगा लोकपाल शहबान शेख ने प्रखंड के कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मनरेगा योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं आगामी दिशा-निदेर्शों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान लोकपाल शहबान शेख ने बेंदोरा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत चल रही सभी लंबित और सक्रिय योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्णय लिया। इस क्रम में उन्होंने सीमोन बड़ा का कुआं, सुचिता उरांव और रामदयाल कुजूर का टीसीबी और बीणा प्रेम तिग्गा द्वारा संचालित आम बागवानी स्थल का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा लोकपाल ने पाया कि कई स्थलों पर योजनाओं से संबंधित बोर्ड नहीं लगे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य स्थलों पर योजना बोर्ड तुरंत स्थापित किए जाएं, ताकि लाभार्थियों और आम जनता को योजनाओं की जानकारी मिल सके। इस महत्वपूर्ण बैठक और निरीक्षण में कनीय अभियंता संजय उरांव, सुमित खलखो और रोजगार सेविका अनुकम्पा टोप्पो भी उपस्थित थे। सभी ने लोकपाल के निदेर्शों का पालन करते हुए कार्यों को तेजी से संपन्न करने की बात कही। मनरेगा लोकपाल की इस सक्रियता से यह स्पष्ट होता है कि सरकार ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के प्रति कितना गंभीर है। इसके अलावा योजनाओं की समय पर समीक्षा और उचित मार्गदर्शन से स्थानीय स्तर पर विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। चैनपुर प्रखंड में आयोजित यह बैठक न केवल योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार लाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों की आजीविका को भी सवस्थ बनाएगी।

## बचपन द लिटिल किंगडम गुमला में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी गयी



जयंती पर रविंद्रनाथ टैगोर को श्रद्धंजलि देते बच्चे ।

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल और बैंक कॉलोनी स्थित प्राइमरी विंग में बुधवार को कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्ले स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन की कहानी मनोरंजक ढंग से सुनाई गई। जिससे वे महान कवि और विचारक के प्रारंभिक जीवन से परिचित हुए। वहीं प्राइमरी विंग के छात्रों ने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से रवींद्रनाथ टैगोर की जीवन गाथा और उनके महान कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया। बच्चों ने आत्मविश्वास से भरे अपने भाषणों में टैगोर के साहित्यिक योगदान, उनके दार्शनिक विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक चंद्रशेखर गिरि ने रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 7 मई 1861 को जन्मे रवींद्रनाथ टैगोर न केवल एक महान कवि थे, बल्कि एक दार्शनिक, संगीतकार, नाटककार और शिक्षाविद भी थे। उन्होंने भारत के गौरव को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनकी रचनाएं, जिनमें गीतांजलि जैसी कालजयी कृतियाँ शामिल हैं। आज भी हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने शांतिनिकेतन और विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनका राष्ट्रगान जन गण मन हर भारतीय के हृदय में बसा हुआ है। उनकी विरासत और उनके विचारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। जिन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेरणादायक कार्यक्रमों ने सभी को रवींद्रनाथ टैगोर के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाई।

## कुंआ का पानी पीने को हैं ग्रामीण विवश, आधा अधूरा सोलर जलमीनार कई गांव में छोड़ा गया

# घाघरा प्रखंड के खपिया चेगरी में पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के खपिया चेगरी गांव में पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। वही लोग कुंआ का पानी पीने को विवश है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त गांव में 25 परिवार के लोग निवास करते हैं। जो प्रातः उठते ही एक किलोमीटर लंबी दूरी तय कर पेयजल हेतु कुंआ से पानी लाते हैं। नहाने और अन्य दिनचर्या कार्यों के लिए कोयल नदी जाना पड़ता है।

खासकर बच्चे साथ में जब पानी लाने के लिए कुंआ और कोयल नदी जाते हैं तो मन में डर बना रहता है। कोई दुर्घटना ना हो। कई बार जनप्रतिनिधियों को भी बोला गया। लेकिन इस पर कोई भी पहल नहीं की गई।



अधूरे सोलर जलमीनार के साथ ग्रामीण।

गांव में विगत एक वर्ष पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से सोलर जलमीनार का आधा अधूरा स्ट्रक्चर लगाई गई है। जो अब तक पूरा नहीं किया गया। हम लोगों में काफी खुशी थी कि अब हम लोगों की पेयजल समस्या से छुटकारा मिल पाएगा।

लेकिन उक्त योजना को ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा किया गया और छोड़ दिया गया। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से पेयजल समस्या से छुटकारा दिलाने को लेकर उक्त सोलर जलमीनार को शुरू करने का आग्रह किया। ताकि लोगों की परेशानी कम हो।

इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता रजनीश कुमार से दूरभाष पर पक्ष पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े सोलर जलमीनार योजना को जल्द पूरा कराया जाएगा। ताकि लोगों के पेयजल समस्या दूर हो सके। मौके पर नीलम उरांव,सोमारी देवी, झीबी उरांव, मंटु उरांव, महेश्वर चिक बढ़ाइक, संजय उरांव,बुधु उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# हमे सिर्फ आतंकी को खत्म नहीं करना है बल्कि आतंकवाद को खत्म करना है : सांसद

### भारतीय सेना की करवाई सराहनीय

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार और भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर बड़ी करवाई करते हुए पहलगाम आतंकी हमला का बदला पाकिस्तान से लिया है।

पाक में एयर स्ट्राइक होने से देश के लोग काफी उत्साहित हैं और भारतीय सेना का आभार जाता रहे हैं। वही लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी पाकिस्तान में हुए एयर स्ट्राइक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कांग्रेस शुरू से ही आतंकवाद के खिलाफ है और आतंकवाद के खिलाफ वो हमेशा से भारत सरकार और सेना के साथ है। ये एयर स्ट्राइक भारत का शक्ति प्रदर्शन है और इस तरह से आगे एक ठोस करवाई होनी चाहिए ताकि यहां के लोग खुद को सुरक्षित महसूस करे और सुरक्षित वातावरण में रह सके ताकि आगे कोई भी आतंकी हमला न हो।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण चीज है हमे सिर्फ आतंकी को खत्म नहीं करना है, बल्कि आतंकवाद को खत्म करना है।

# गुमला : शहीद टी किंडो को सीआरपीएफ व पुलिस जवान सहित लोगों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर निवासी शहीद टी किंडो को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के संत पीटर विद्यालय स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद टी किंडो 1997 में त्रिपुरा में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को याद करते हुए चैनपुर टोगो संत पीटर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा सीआरपीएफ बटालियन 158, जिला पुलिस और आम लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। सीआरपीएफ और पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने शहीद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फूल चढ़ाए। इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट और थाना प्रभारी ने कहा कि शहीदों की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका बलिदान हमें देश सेवा की भावना को और बढ़ाता है।



कार्यक्रम में शहीद टी किंडो के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। शहीद के परिजन, उनके माता-पिता और अन्य परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी ने एक साथ मिलकर शहीद के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने यह दशार्या कि शहीद टी किंडो के प्रति लोगों में कितना प्रेम और सम्मान है। यह कार्यक्रम न केवल शहीद की स्मृति को जीवित रखने का एक प्रयास था, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण संदेश भी था कि देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों का कृतज्ञता के साथ सम्मान किया जाना चाहिए।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत संरचना पर ही खर्च हो डीएमएफटी की राशि : सुखदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** डीसी-सह-अध्यक्ष डीएमएफटी, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), लोहरदगा के शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सदस्य के रूप में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए। बैठक में सांसद विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधियों, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्डों व शहरी क्षेत्रों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिला के 10+2 विद्यालयों में विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति, लैब तकनीशियन, स्वास्थ्य विभाग के लिए मानव बल की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। गांवों की योजनाओं के लिए योजनाएं ग्राम सभा से पारित कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

### पुस्तकालयों के लिए क्रय किये गये पुस्तकों का बेहतर इस्तेमाल हो



सांसद ने बैठक में कहा कि डीएमएफटी की राशि जिला के शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत संरचना के सुदृढ़िकरण पर ही खर्च होना चाहिए। जहां भी खनन हो रहा है उसके 25 किमी के दायरे में क्षेत्र के विकास में डीएमएफटी की राशि खर्च हो। बगड़ू व पाखर क्षेत्र के लोगों के लिए गर्मी के दिनों में हो रही पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज पानी के टैंकरों की व्यवस्था करे। साथ ही अगर जन प्रतिनिधि अपनी समस्या लेकर हिंडाल्को का कार्यालय जाते हैं तो उनकी समस्या सुनी जाए और जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। जिला, प्रखण्ड व विभिन्न महाविद्यालयों में निर्मित पुस्तकालयों के लिए क्रय किये गये पुस्तकों का बेहतर इस्तेमाल हो ताकि छात्र-छात्राओं व वहां अध्ययन करनेवालों को उसका भरपूर लाभ मिल सके। होमी जहांगीर भाभा संस्थान का बेहतर उपयोग के साथ-साथ उसकी मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल द्वारा किस्को में दो स्थानों पर पथ निर्माण व पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए योजना व बीएस कॉलेज पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया। विशुनपुर विधायक प्रतिनिधि अजहर इकबाल द्वारा प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालयों में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ लोहरदगा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, जिप सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, सभी प्रमुख, खनन प्रभावित क्षेत्र स्थित पंचायतों के मुखिया, हिंडाल्को के प्रतिनिधि सभी संबंधित पदाधिकारीगण व डीएमएफटी शासी परिषद के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## घाघरा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक हुए घायल



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुहीपाट जामटोली गांव में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों में खंभिया ग्राम निवासी लक्ष्मण महली, रोशन लोहार के नाम शामिल है। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा दोनों का इलाज किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर लक्ष्मण व रोशन उसके एक अन्य साथी लुकइया केवट खम्भिया गांव से कुहीपाट जामटोली शादी घर आया था। बाइक से वापस तीनों लौट रहे थे। इसी क्रम में जामटोली के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे दोनों घायल हो गए। जबकि उनके एक लुकैया को कोई चोट नहीं लगी।

# पीसीएण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक

### समिति के पुनर्गठन हेतु निर्धारित गाइडलाइन का पुनः अवलोकन कर कार्यवाही करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में पीसीएण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पुनर्गठन एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि समिति के पुनर्गठन हेतु निर्धारित गाइडलाइन का पुनः अवलोकन करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति हेतु एक कार्यपालक दण्डाधिकारी को नामित किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान निदा अल्ट्रासाउंड थाना रोड, सिसई तथा जागृति अल्ट्रासाउंड बाजार टांड, सिसई में पूर्व में सोनोग्राफर चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण अस्थायी रूप से सेवा बंद रखने का निर्देश दिया गया था। किंतु अब चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर समिति के पुनर्गठन उपरांत इन केंद्रों को पुनः संचालन की अनुमति प्रदान की गई। समिति के पुनर्गठन हेतु उपायुक्त द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। जिसमें सिविल सर्जन गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को शामिल करने का निर्णय लिया गया। यह टीम अन्य एनजीओ से सदस्यों का चयन भी सुनिश्चित करेगी।



इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, लायंस क्लब के अध्यक्ष, स्वयं सहायता महिला समिति मुरकुंडा गुमला की संचालिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड के विद्यालयों में छात्रों के बीच पुस्तक का किया गया वितरण



पुस्तक वितरण कार्यक्रम में शामिल अतिथि व छात्राएं।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बालक मध्य विद्यालय और बालिका मध्य विद्यालय में गत दिनों एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर की मुखिया शोभा देवी, प्रधानाध्यापिका तथा विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए मुखिया शोभा देवी ने बच्चों को ज्ञान के महत्व और पुस्तकों के प्रति रुचि जगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तकें एक महत्वपूर्ण साधन हैं, जो हमें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करती है। बालक मध्य विद्यालय के कक्षा 6 और 7 के छात्रों के लिए पुस्तकें वितरित की गईं, जबकि कन्या मध्य विद्यालय के सभी छात्राओं को शिक्षाप्रद पुस्तकें दी गईं। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय में पढ़ाई के प्रति अपनी जिज्ञासा और उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापिका ने इस अवसर पर बताया कि हमारा विद्यालय लगातार शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। पुस्तकों का वितरण इस ओर एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम का समापन में चैनपुर मुखिया शोभा देवी एवं स्कूल के प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षको ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ किया गया। इस पहल ने न केवल बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य किया, बल्कि उन्हें पढ़ाई के प्रति और अधिक प्रेरित किया।

## पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना का हमला पहलगाम का बदला है: आशिक अंसारी

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के प्रवुक्ता मो. आशिक अंसारी ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय जवानों के द्वारा किये गये हमले को पहलगाम हमले का बदला करार देते हुए वीर जवानों सैनिकों को बहुत बहुत बधाई एवं मुबारक बाद दी है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवानों ने पहलगाम आतंकी हमले का बहादुरी से बदला लिया। पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों को भारतीय सेना ने नेस्तनाबूद कर दिया है। इस तरह के एयर सटाइक पाकिस्तान के आतंकी संगठनों पर लगातार करने की जरूरत है।

# ऑपरेशन सिंदूर को सफल अंजाम देना हर भारतीयों के लिए गर्व का पलः ओम प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने पहलगाम में हुए नृशंस घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर ऑपरेशन सिंदूर को सफल अंजाम तक पहुंचाने वाले जांबाज सैनिकों को भारत का गर्व बताते हुए उन्हें बधाई दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों को भारतीय सेना ने तबाह और बर्बाद कर उनकी कमर तोड़ दी है। पहलगाम की घटना के 15 वें दिन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ने इस सैन्य कार्रवाई कर विश्व में देश का मान सम्मान के साथ आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्णय लिया है। भाजपा नेता ओम सिंह ने कहा है कि आज पाकिस्तान बिलबिला रहा है। मौके पर बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, श्री चंद प्रजापति, संजय बर्मन, देवाशीष कार, अनुपम प्रकाश कुंवर, अजय पंकज, आजाद शत्रु, दीपक सर्राफ, परमेश्वर भगत, जितेंद्र महतो, लक्ष्मी नारायण भगत, लाल नवल नाथ शाहदेव, विनोद राय, दिलीप पटनायक, ओम गुप्ता, अतुल, हर्षित शामिल थे।

## अंडर 23 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने गुमला की टीम देवघर रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर 23 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में राज्य भर की टीमें भाग लेंगी। गुमला से कोच ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में गुमला अंडर 23 महिला की टीम बुधवार की शाम देवघर के रवाना हुई। देवघर में 9, 10 और 12 मई को गुमला का मैच निर्धारित है। वहीं 15 और 16 मई को गुमला की टीम दुमका में अपना मैच खेलेगी। गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी और खेलप्रेमियों ने महिला टीम को शुभकामना देते हुए देवघर के लिए रवाना किया। टीम में मेघा तिर्की, दयंती लकड़ा, अलीशा तिर्की, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, संजना कुमारी, सीमा कुमारी, मुनिता कुमारी, आंचल कुमारी, प्रेरणा कुमारी, अंतरा कुमारी, अनुष्का यदुवंशी, श्वेता कुमारी, शिमला कुमारी, अनामिका उरांव और प्रीति कुमारी शामिल है।

# लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करे, मापदंड के अनुरूप करें कार्य : डीसी

### कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए डीसी ने संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। डीसी ने छात्रवृत्ति योजना के तहत शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत जिन बच्चों ने अब तक इस योजना का लाभ नहीं लिया उसकी जांच करने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकृत व अग्रसारित करने को लेकर निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान डीसी ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित



बैठक में निर्देश देते डीसी कर्ण सत्यार्थी व उपस्थित अधिकारी।

सभी 12 आवासीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल, बिजली, भवन की स्थिति, विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं, जैसे मुद्दों पर निर्देश दिए। जिले में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रावास एवं स्कूलों में शौचालय एवं पेयजल की समस्या पर विस्तृत समीक्षा की गई। उरांव छात्रावास में शौचालय की स्थिति खराब रहने पर उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग को यथाशीघ्र मरम्मती कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। एस एस प्लस टू हाई स्कूल में पेयजल की समस्या को दुरुस्त करने की बात कही। डीसी ने विद्यालयों में जर्जर भवन, शौचालय और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर संवेदक द्वारा कार्य नहीं किया जाएगा तो इस स्थिति में संबंधित पदाधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने छोटे-छोटे लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य अपूर्ण या तय मापदंड के अनुरूप नहीं रहने पर सम्बंधित विभाग को यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने सभी पदाधिकारियों को कहा कि सिर्फ कागजों में रिर्पोट प्रस्तुत न करें। वास्तव में धरातल पर काम करें। डुमरी जलापूर्ति योजना और अंजन ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में साइकिल वितरण योजना की भी समीक्षा की गई। डीसी ने शत-प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण करने एवं इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग के तहत दिए जाने जाने वाले ऋण योजना के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि ऋण योजना से लाभान्वित लोगों से संपर्क कर ऋण वापसी के लिए कार्य करें। जेटीडीएस और पीवीटीजी समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने एफपीओ के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने पीवीटीजी समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीसी ने अन्य कई बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल विभाग, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता माइनर इरीगेशन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने बंदियों का वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण किया आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मंडल कारा में बंद बंदियों का 30 दिवसीय वस्त्र निर्माण (दर्जी) प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बंदियों का कौशल विकास कर आत्मनिर्भर बनाना है जिससे वे बाहर निकलने पर अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। इस अवसर पर जेलर सुबोध कुमार, एल डी एम नितिन किशोर, जेएसएलपीएस के विपिन चंद्र, आरसेटी निदेशक सुरेश भगत, संकाय दीपक कुमार, ट्रेनर अनिता राणा आदि मौजूद थें। कारापाल सुबोध कुमार ने कहा की इस तरह के प्रशिक्षण से हमारे अंदर सकारात्मक बदलाव आता है, हम



हुनरमंद होते है, जिससे कठिन समय में इसका प्रयोग कर आर्थिक लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा की इस तरह का प्रशिक्षण आरसेटी के सहयोग से आने वाले समय पर जेल के अंदर आयोजित किये जाते रहेंगे। किशोर ने कहा इस तरह से बंदियों को स्वावलंबी बना कर उन्हे मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। श्री भगत ने बतलाया की आर सेटी द्वारा 2 वर्षों तक मार्गदर्शन किया जाता है, प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को जरूरत के अनुसार बैंको से वित्तीय सहायता दिलाने में भी मदद किया जाता है। इस प्रशिक्षण में महिला, पुरूष के वस्त्र निर्माण के अलावा उद्यमी दक्षता, बैंकिंग, जोखिम, समय प्रबंधन, समस्या समाधान, बाजार प्रबंधन के अलावा विभिन्न व्यवसायिक खेलों से उद्यमी बनने की जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षु भाग ले रहे है।

# ऑपरेशन सिंदूर को सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष सभी ने सराहा

## कहा कि देश हित में हम सभी हैं एकजुट, सेना के हर कदम के साथ देश खड़ा है









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** बीते 22 अप्रैल को पलहगाम में पाक परस्त आतंकियों के द्वारा दो दर्जन से अधिक सैलानियों की निर्ममता से हत्या किए जाने के बाद से भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर मंगलवार की देर रात्रि पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर करीब 100 आतंकियों को ढेर किए जाने के बाद से पूरा देश एकजुट नजर आ रहा है। बुधवार की अहले सुबह जैसे ही भारतीय सैन्य कार्रवाई की जानकारी हुए सत्ता पक्ष के साथ पूरा विपक्ष इस सैन्य कार्रवाई की जमाकर प्रशंसा किया। कहा कि जब राष्ट्र हित की बात हो तो पूरा देश एकसाथ है। भारतीय सेना का शौर्य अब पूरा विश्व देखेगा कि किस प्रकार आतंक का सफाया होता है।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि आज का दिन हमारी सेना के लिए गौरव का दिन है। देश के लिए गर्व का दिन है। भारतीय सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम में की गई निर्दोष लोगों की बर्बरतापूर्वक हत्या का बदला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना आतंकवाद को सफाया करने को प्रतिबद्ध है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार व भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी सरकार एवं सेना आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने में समक्ष है। भारत की सेना आतंकियों के घर में घुसकर मारने की क्षमता रखती है, जब भी पाक परस्त आतंकवाद फन उठाने का प्रयास करेगी, हमारी सेना ऐसे ही इनके मांद में घुसकर मारेगी व मुंहतोड़ जवाब देगी।

भाजपा नेता आदर्श रविराज ने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं टिकने वाला है। पाकिस्तान को कई टुकड़ों में बांट दिया जाएगा। आंताकिस्तान की भूमि जहां भी भारत विरोधी षड्यंत्र रचे जाएंगे उसे नेताबूत कर दिया जाएगा। भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखलाया है, कि वो किसी भी चुनौतियों से निपटने में सक्षम है।आंताकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा है। वरिष्ठ झामुमो नेता सितमोहन मुंडा ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सभी देश की सेना के साथ खड़े हैं। आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार एवं सेना जो भी कदम उठाएगी उसके साथ पूरा देश खड़ा है। आज का दिन विश्व पटल पर भारत की क्षमता भारतीय सेना पराक्रम को सिद्ध करने वाला है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पूरा देश केंद्र सरकार एवं सेना के साथ है। आतंकवाद का समूल नाश करने में हमारी सेना सक्षम है, जब चाहे देश की सेना पाकिस्तान में घुसकर आतंक का सफाई कर सकती है। माकपा नेता अयूब खान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों के द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी शिविर और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाया गया था। जिसका हम सभी समर्थन करते हैं। केंद्र सरकार को पाकिस्तान पर दबाव को बनाए रखना चाहिए साथ ही भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए लोगों की एकता और देश की अखंडता सुरक्षित रहे।

## बरवाडीह : रेलवे कैंप कोर्ट में 18 यात्रियों पर कार्रवाई, 2700 रुपये जुर्माना वसूला गया


जांच अभियान चलाते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट परिसर में गुरुवार को रेलवे न्यायालय के मजिस्ट्रेट प्रजेश निगम की अध्यक्षता में विशेष कैंप अदालत का आयोजन किया गया। इस विशेष अदालत का उद्देश्य रेलवे एक्ट से जुड़े लंबित मामलों का त्वरित निपटारा करना और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना था। अभियान के तहत आरपीएफ टीम ने सवारी ट्रेनों में चलाकर चेन पुलिंग, दिव्यांग बोगी और महिला बोगी में अवैध रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों की पहचान की। इस दौरान कुल 18 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे कुल 2700 रुपये जुमार्ना वसूला गया। आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर आर. के. मिंज ने जानकारी दी कि रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यह विशेष अदालत और नियम पालन अभियान एक साथ चलाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे अभियानों से यात्रियों में रेलवे कानून के प्रति जागरूकता बढ़ती है और अव्यवस्था पर रोक लगती है।

रेलवे प्रशासन की इस पहल से यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। मौके पर पैश्कार अरुण करकेटा, हिमाचल राय, सुशील कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, पवन कुमार यादव समेत अन्य आरपीएफ कर्मी उपस्थित थे।

# एस्सार प्लांट के सुरक्षा प्रहरियों ने प्रबंधन से नौकरी यथावत रखने की लगाई गुहार

**कर्मियों ने प्रबंधन पर लगाया बिना किसी सूचना के 32 कर्मियों को हटाने का आरोप**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** परिस्मापन की प्रक्रिया में चल रहे एस्सार पावर प्लांट की सुरक्षा में लगे एसआईएस, साक्षी एवं फ्रंटलाइन के कर्मियो ने प्रबंधन से उनकी नौकरी को यथावत रखने की मांग की है। कर्मियों ने रश्मि मेटालिक कम्पनी से सुरक्षा प्रहरियों की छटनी नहीं करने की मांग करते हुए कहा कि एस्सार पॉवर लिमिटेड ने वर्ष 2007-08 में थर्मल पावर संयंत्र स्थापित करने हेतु चतरो, अरघे, अनगड़ा, तुपी, महुआमिलान गांव के रैयत से भूमि लिया था। जिसमे मुआवजा राशि के साथ जमीन अधिग्रहण किये गए विस्थापितों व प्रभावित परिवार के सदस्यों को कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर रोजगार मुहैया कराया गया था। वर्ष 2012 में कम्पनी किसी कारणवश बंद हो गयी। जिसके बाद परिसमापन के पश्चात 15 दिनों पूर्व रश्मि मेटालिक कम्पनी ने हैंडओवर लिया है। उक्त कम्पनी यहां आते ही बगैर जानकारी के मंगलवार से 32 सुरक्षा प्रहरियों को हटा दिया गया है। हमलोगों ने जमीन कम्पनी हित में दिया है। परंतु रश्मि मेटालिक हमे बेरोजगार कर रही है। सुरक्षा कर्मियों ने कम्पनी वापस जाओ समेत कई नारे लगाए। बताया गया कि एसआईएस के 8 सुरक्षा कर्मी साक्षी के 12 व फ्रंटलाइन के 12 सुरक्षा कर्मियों को मंगलवार से निकाल दिया गया है। जिसके बाद से सुरक्षा कर्मियों में रोष व्याप्त है। उन्होने पुनः बहाल करने को लेकर कंपनी से गुहार लगाई है। मांग करने वालों राजन यादव, शिवलोक प्रजापति, सुमित लोहरा, चंद्रदेव उरांव, सुनील यादव, अशोक तुरी, कैलाश प्रजापति, छोटू तुरी, मुकेश यादव, माधव मुंडा, सुनील कुमार व अन्य शामिल हैं। इस संबंध में रश्मि मेटालिक कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज रंजन भड़ ने बताया कि अभी कंपनी आयी है। अभी मैंन पॉवर की आवश्यकता कम है। वर्तमान में 42 गार्ड कार्यरत है वही 32 को काम से हटाया गया है, कार्य बढ़ने पर उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। इस संबंध में सुरक्षा कंपनी को सूचना दे दी गयी है।

## पीसीसी पथ की स्थिति बनते ही कुछ ही सप्ताह बाद से सड़क की स्थिति बद से बदतर

➲ 17 लाख रुपए के लागत से बनाये गये इस पीएससी पथ निर्माण के कुछ ही दिनों बाद जर्जर हो गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चंदवा पूर्वी पंचायत के कंचन नगरी स्थित शंकर वॉच हाउस से लेकर तिलैया टांड़ तक बन रहे पीसीसी पथ की स्थिति बनते ही कुछ ही सप्ताह बाद से सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है।उक्त पीसीसी पथ का निर्माण लघु सिंचाई विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। जिसके संवेदक बी डी ट्रेडिंग फॉर्म है 17 लाख रुपए के लागत से बनाए गए इस पीएससी पथ निर्माण के कुछ ही दिनों बाद जर्जर हो गया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त पीएससी पथ की जांच कराने की मांग की है। गौर तलब हो कि उक्त पथ के निर्माण डीएम एफ टी फंड से कराया गया ।इस संबंध में लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता विनय कुमार ने कहा कि पीएससी पथ निर्माण के तुरंत बाद सड़क पर वहान चलने के कारण वहां की यह स्थिति हुई है। इसके बावजूद हमने संवेदक से क्षतिग्रस्त स्थानों पर पुनर्निर्माण के लिए कहा है।

## 22 साल से ताले में बंद आदिवासी छात्रावास : मरम्मत के नाम पर 32 लाख डकार गई सिस्टम की भूख


खंडहर में तब्दील आदिवासी बालिका छात्रावास।


धूल फांकता छात्रावास का सामान।

➲ न बिजली, न पानी, न छात्राएं... सिर्फ धूल, ताले और लूट का इतिहास बाकी बचा है इस इमारत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड के बरवाडीह में एक इमारत खड़ी है, लेकिन इसमें न जिंदगी है, न उम्मीद, बस है तो सरकारी भ्रष्टाचार की बदबू और सियासी संवेदनहीनता का ढांचा। 2001-02 में 24 लाख की लागत से बना यह आदिवासी बालिका छात्रावास आज भी ताले में बंद है। 22 साल में एक भी बच्ची ने इसकी देहरी नहीं लांघी, लेकिन इस बंद इमारत के नाम पर सरकारें 32 लाख रुपये मरम्मत में फूंक चुकी हैं। 2018 में जब रघुवर दास ने संज्ञान लिया, तो उम्मीदें जगीं। 20 लाख झोंके गए मरम्मत में, फिर 2019 में 12 लाख और। नतीजा? भवन अब भी वीरान है, न बिजली, न पानी, न रसोई, न बिस्तर, न सड़क। खरीदे गए बिस्तर-अलमारियां धूल खा रही हैं, और बच्चियां झोपड़ियों में पढ़ाई का सपना देख रही हैं।

### बेटियों के सपनों पर लगा सरकारी ताला


यह इमारत अब सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि आदिवासी बच्चियों की टूटी उम्मीदों और छीने गए हक की चुप चीख बन चुकी है। सवाल सिर्फ भवन का नहीं, उन बच्चियों की अस्मिता और भविष्य का है, जिनके नाम पर योजनाएं बनती हैं, फंड जारी होते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है।

### सरकार चुप, सिस्टम लुटेरा, इंसाफ कब मिलेगा ?

अगर अब भी कुछ नहीं बदला, तो यह ईंटें गवाही देंगी कि कैसे एक पीढ़ी का सपना योजनाओं की कब्रगाह में दफन कर दिया गया। बरवाडीह की ये इमारत चेतावनी है, की ऐसा वर्तमान भविष्य को भी खा सकता है।

# डेढ़ महीने से अंधेरे में आदिवासी बोले : क्या हम इंसान नहीं?

## बिजली संकट ने ग्रामीण जीवन किया बेहाल, बच्चों की पढ़ाई और जनसंपर्क ठप


समस्या बताते हरातू पंचायत के ग्रामीण।


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत हरातू पंचायत में बीते डेढ़ महीने से बिजली पूरी तरह गुल है। आदिवासी बहुल इस पंचायत में अंधेरे ने डेरा डाल रखा है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बच्चों की पढ़ाई ठप है, खेती-किसानी ठहर गई है और संचार के साधन भी बंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही यहां बिजली 24 घंटे में सिर्फ दो-चार घंटे ही आती थी, लेकिन अब एक माह से ज्यादा समय से पूरी पंचायत अंधेरे में है। मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहा, जिससे लोगों का एक-दूसरे से संपर्क भी टूट गया है। गर्मी और मच्छरों ने रातें और भी कठिन बना दी हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी इलाका होने के कारण यहां की समस्याओं को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। ग्रामीणों का सवाल है, क्या हम आदिवासी इस देश के नागरिक नहीं हैं ? क्या हमें मूलभूत सुविधाओं से यूं ही वंचित रखा जाएगा? गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक में आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार सभी को बिजली देने की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत हरातू जैसे पंचायतों में बिल्कुल अलग है। खेती, पंपिंग, छोटे उद्योग और घरेलू कामकाज सभी ठप हो चुके हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हरातू पंचायत में बिजली बहाल की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस अंधेरे में डूबे हरातू को रोशनी कब लौटाता है, या फिर यह मांग भी बाकी शिकायतों की तरह सरकारी फाइलों में गुम हो जाएगी।

# महीनों से जलापूर्ति बाधित होने के कारण आम नागरिकों को हो रही है भारी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड के बुकबुका, दक्षिणी चूरी, मध्य चूरी, हुटाप, खलारी एवं मायापुर पंचायतों में इन दिनों पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। महीनों से जलापूर्ति बाधित होने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संतोष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जलसहिया और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। यह आवेदन सावित्री बाई फुले शक्ति केंद्र के सचिव सरोज चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर स्थानीय विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रामीणों की पानी की समस्या से बीडीओ को अवगत कराया। आवेदन में इन पंचायतों में जलापूर्ति में अनियमितता और लंबे समय तक पानी न आने की शिकायत की गई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि जल विभाग द्वारा कई महीनों से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे इन गांवों के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। खासकर गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण कर लेती है। मौके पर माया देवी, अंजली देवी, रूबी देवी, रीता देवी, दिलीप पासवान, सुभाष, देवंती देवी, कौशल्या देवी, सुंदरी देवी, मोनी देवी, सहित अन्य मौजूद थे।



### पानी के संकट से त्रस्त ग्रामीणों को बीडीओ से त्वरित समाधान की उम्मीद

पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे बुकबुका, दक्षिणी चूरी, मध्य चूरी, हुटाप, खलारी एवं मायापुर पंचायतों के ग्रामीणों को अब प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार से त्वरित समाधान की उम्मीद है। महीनों से पानी की आपूर्ति बाधित रहने के कारण ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी ने महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से प्रभावित किया है। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए बीडीओ द्वारा बुलाई गई आपात बैठक में जल विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बैठक में जलापूर्ति को सुचारू रूप से बहाल करने और उन्हें इस संकट से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अब सबकी निगाहें इस महत्वपूर्ण बैठक के नतीजों पर टिकी हुई हैं।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गुरवे ग्राम के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शंकर गंझु 32 वर्ष पिता सीटा गंझु ग्राम चमातु थाना बालूमाथ निवासी अपने रिस्तेदार के घर गुरवे थाना बारियातु गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के क्रम में गुरवे ग्राम में मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। बता दे की शंकर गंझु सीसीएल की कोल परियोजना मगध में कार्यरत है।

# दो शिक्षक के भरोसे चल रहा है विद्यालय, दम तोड़ रही है शैक्षणिक व्यवस्था

**संजय राम**

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़गोमा मे दो शिक्षक भरोसे प्रथम वर्ग से आठवीं कक्षा तक का शिक्षण कार्य किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक अविनाश राम व सहायक शिक्षक चिंतामनी यादव विद्यालय मे कार्यरत हैं। प्रधानाध्यापक को शिक्षण कार्य के अलावे कार्यालय व अन्य कई विभागीय कार्य मे अधिकतम समय देना पड़ता है। सहायक अध्यापक को छात्रों की उपस्थिति बनाने मे अधिक समय लगना स्वाभाविक है इससे सहज समझा जा सकता है की विद्यालय मे अध्यनरत छात्र छात्राओं का भविष्य कितना बेहतर होगा। क्षेत्र के छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रथम वर्ग से आठवीं कक्षा तक दो सौ तेरह छात्र छात्रा नामांकित हैं। 2025 के सत्र मे 37 छात्र आठवीं पास कर लिया है जिसमे 176 छात्र-छात्रा पढ़ाई कर रहे हैं। 30 से 35 छात्रों मे कम से कम एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए था। नामांकित छात्रों के मुताबिक यदि क्लासवाइज को भी छोड़ दिया जाय तो पांच से छः शिक्षक होना चाहिए था। कमोवेश सभी विद्यालय मे यही हाल जिसके कारण शैक्षणिक व्यवस्था दम तोड़ रही है। सरकारी विद्यालय मे विशेष कर गरीब दलित मजदूर के बच्चे पढ़ते हैं। जिन्हे सरकार मध्याहन भोजन, साईकिल, ड्रेस किताब कॉपी सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराती है। परन्तु शिक्षा देने वाले पर्याप्त शिक्षक ही नहीं है तो गरीब के बच्चों को कैसा शिक्षा मिल रहा है यह बताने से बेहतर आप समझ सकते हैं।



मध्य विद्यालय गड़गोमा।


रामनाथ गंझु।

### दो तरह का है शिक्षा नीति : खरवा

भोगता विकास संघ केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु ने मीडिया से बात करते हुए कहा की देश के संविधान लागू हुए लगभग 75 वर्ष बित गया लेकिन गरीब बच्चों के लिए सरकारी विद्यालय है और माध्यम व बड़े लोगों के लिए सीबीएसई, एनसीइआरटी व आईसीईआरटी जैसे संस्थानों मे शिक्षा लेते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर किसान मजदूर सुदूवर्ती गांव टोले के अंतिम व्यक्ति के बच्चे जेसीईआरटी के तहत सरकारी विद्यालय मे शिक्षा प्राप्त करते हैं। लेकिन क्षेत्र के सरकारी विद्यालय मे शिक्षकों की आभाव के कारण छात्रों की भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। रामनाथ गंझु ने सम्बंधित विभाग से विद्यालय मे शिक्षक प्रतिनियुक्त करने की मांग की है। यदि विद्यालय मे शिक्षक प्रतिनियुक्त नहीं किया गया तो ग्रामीणो से सहयोग लेकर आंदोलन किया जायेगा।

# चंदवा : 24 सूत्री मांग को लेकर 16 को प्रदर्शन

**चंदवा।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ विस्थापित प्रभावित बेरोजगार ट्रक मालिक, चालक-उप चालक संघ के द्वारा आगामी 16 मई को 24 सुत्री मांगों को लेकर मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। उक्त रैली तेतरियाखाड़ कोलियरी के समीप से निकलकर नगड़ा, तसतबार, बड़का बालूमाथ होते हुए चंदवा स्थित सीसीएल ऑफिस पहुंचेगी जहां संघ के द्वारा मांगो को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। इस संबंध में संघ के सदस्यों के द्वारा बताया गया कि विगत दो माह से तेतरियाखाड़ कोलियरी में व्याप्त समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा इस पर कोई भी पहल नहीं की जा रही है। अगर जल्द ही मांगो पर विचार नहीं किया गया तो मजबूरन हमें आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करना पड़ेगा। आंदोलन के दूसरे चरण के प्रथम दिन मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी सूचना प्रबंधन समेत जिला प्रशासन समेत पुलिस अधिकारियों को दे दी गई है। कोयला लगभग 4 लाख टन जो कोयल जल रहा है उसे शीघ्रता शीघ्र बेचा जाए ताकि कोयला जलने से बच सके, सीसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य पाने के लिए अब कोयला स्टॉक में किसी भी कीमत पर मिलावट न करें जिससे कोयल की गुणवत्ता खराब ना हो, अच्छा कोयले का ग्रेड जी 12 है जबकि खराब कोयले का ग्रेड जी 11 है। इसी बिसंगति के कारण स्टॉक बढ़ते जा रहा है इसे यथाशीघ्र सुधार किया जाए, कोयला स्टॉक में ही तीनों कंटाघर स्थित है जो नियम विरुद्ध है कांटा घर को कोयले के स्टॉक से अलग रखा जाए, खदान का जमा पानी सूखने के लिए वीहद पैमाने पर हैवी पंप शीघ्र लगाया जाए, पीएनएमपीएल आउटसोर्सिंग कंपनी 4 वर्षों के बाद भी पर्याप्त उत्खनन के लिए मशीन अभी तक नहीं लगाया है जिसके चलते उत्पादन एवं कोयले की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है उसे यथाशीघ्र पर्याप्त मशीन उपलब्ध करवाया जाए, तेतरियाखाड़ कोलियरी में पर्याप्त भ्रष्टाचार व्याप्त है भ्रष्टाचार के कारण ही कोयला स्टॉक का बढ़ना अन्य कारणो में से एक है कोलियरी में भ्रष्टाचार शीघ्रता शीघ्र समाप्त की जाए, पेलोडर लोडिंग बंद करा कर मैन्युअल लोडिंग कराया जाए। भूत वर्तमान की तरह ही भविष्य में भी ट्रकों द्वारा साइडिंग तक कोयले की दुलाई सुनिश्चित किया जाए। समेत कई मांगे शामिल है।

# बोकारो: सीएम हेमंत पहुंचे अलारगो नव विवाहित दंपति को दिया आशीष





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/चंद्रपुरा।** बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को उपायुक्त विजया जाधव द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के पुत्र एवं पुत्रवधू के विवाहोत्सव पश्चात आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शामिल होने चंद्रपुरा के अलारगो पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के सुपुत्र अखिलेश महतो के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए तथा नवदंपति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री मिथलेश ठाकुर की पत्नी, चंदनक्यारी के जेएमएम विधायक उमाकांत रजक, बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीय, बोकारो डीएसपी, बोकारो डीसी विजया जाधव, बेरमो डीएसपी वशिष्ठ नारायण सिंह, चंद्रपुरा सीओ, बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह, कथारा थाना प्रभारी, गांधी नगर थाना प्रभारी, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अमन सिंह, जेएमएम नेता मदन मोहन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।फोटो क्रमांकः ल्लीद्९२-117अ &117ु

# बोकारो इस्पात प्रबंधन की झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के यूनियनों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** झारखंड में अवस्थित सेल की विभिन्न खदानों में कार्यरत यूनियनों क्रमशः एटक इंटक बीएमएस सीटू एचएमएस जेएमएमएस और स्थानीय यूनियनों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के काउंसिल सदस्यों के साथ बोकारो स्टील प्रबंधन की तीन दिवसीय बैठक का आयोजन बीएसएल के प्रशासनिक भवन में किया गया।

इस बैठक में यूनियनों के महासचिवों के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने भाग लिया। सेल-बीएसएल की ओर से बैठक में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक-माइंस विकास मनवटी सहित मुख्य महाप्रबंधक-मानव संसाधन अंजनी कुमार शरण मुख्य महाप्रबंधक- माइंस एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख उपस्थित थे। बैठक के आरंभ में बीएसएल द्वारा किए गए कई अहम पहलों व गतिविधियों से संबंधित जानकारी यूनियन प्रतिनिधियों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के काउंसिल सदस्यों के साथ साझा किया गया। यूनियन मीट में शामिल यूनियन प्रतिनिधियों के अलग-अलग समूहों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठक का उद्देश्य खदानों में कार्यरत कर्मचारियों की कठिनाइयों से जुड़े पहलुओं पर सार्थक चर्चा करने व कार्यस्थल पर प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में समग्र रूप से बेहतरी लाने और खदान समूह को नई ऊंचाइयां प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करना था। बैठक में उपस्थित अधिशासी निदेशकों व वरीय अधिकारियों ने यूनियन प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और अपने विचार रखे।

## बेरमो : करगली मे जस्ट ट्रांजीशन और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन पर कार्यशाला आयोजित

# कोयला क्षेत्रों के भविष्य पर हुआ मंथन

जस्ट ट्रांजीशन आज का ज्वलंत मुद्दा है, जो कोयला क्षेत्रों के भविष्य से जुड़ा है : के एस गैवाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके एरिया करगली ऑफिसर क्लब में बुधवार को डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन और स्वनीति इनिशिएटिव के तत्वावधान में 'जस्ट ट्रांजिशन और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बोकारो जिले में कोयला पर निर्भरता को समझना और कोयला आधारित उद्योगों में आर्थिक विविधीकरण के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसरों की तलाश करना था। कार्यशाला में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। इस दौरान, कोयला उद्योग के भविष्य और इससे प्रभावित होने वाले समुदायों की आजीविका से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वनीति इनिशिएटिव के फेलो ऋषि किशोर ने बोकारो जिले में किए अध्ययन के परिणामो को पीपीटी द्वारा प्रेजेंटेशन किया। इसके बाद बीएंडके एरिया के जीएम (ऑपरेशन) के एस गैवाल ने स्वनीति के अध्ययन रिपोर्ट एवं कार्यशाला आयोजन पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा जस्ट ट्रांजीशन आज का ज्वलंत मुद्दा है, जो कोयला क्षेत्रों के भविष्य से जुड़ा है। एरिया वित्त महाप्रबंधक ज्ञाननेदु चौबे ने कोयला बंदी से वित्तीय प्रभावों और सीएसआर फंड के उपयोग पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सीएसआर प्रशिक्षणों की क्षणिक प्रकृति और वैकल्पिक ऊर्जा की ओर बढ़ने की प्रक्रिया में लगने वाले समय की बात कही। उन्होंने स्थानीय स्वरोजगार में स्वयं सहायता समूहों और संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। एटक नेता लखन लाल महतो ने कोयला खदानें बंद होने की स्थिति में पेंशन की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। बीएमएस के रविन्द्र मिश्रा ने सीएसआर के तहत दिए जाने वाले प्रशिक्षणों के बंद होने और आउटसोर्सिंग कंपनियों के कारण लोगों के पलायन और दुर्घटनाओं का शिकार होने का मुद्दा उठाया। इंटक के श्यामल सरकार ने झारखंड में 71 कोयला खदानों और सीसीएल में कार्यरत 32,000 कर्मचारियों का उल्लेख करते हुए ऊर्जा संक्रमण के संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को जमसं के टीनू सिंह, विकास सिंह,ओम शंकर सिंह, एटक के सुजीत घोष, चन्द्रशेखर झा, सीटू के पंकज महतो ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि कोयला क्षेत्रों में 'जस्ट ट्रांजिशन' को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करने और दीर्घकालिक रणनीतियां तैयार करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में बीएंडके एरिया के कई अधिकारी, कर्मचारी सचिन सिंह, रोशन सिंह, स्वनीति से सत्येंद्र कुमार, अंजना, दीक्षा पाण्डेय, भैया साहेब, डीईएफ से अंजर रजा, मैत्री सिंह, सुरेश राम, आदि उपस्थित थे।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन की ओर से बुलाई गयी हड़ताल को लेकर ढोरी जीएम को सौपा पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीटू और झाकोमयू ने संयुक्त रूप से 20 मई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के समर्थन मे ढ़ोरी महाप्रबंधक को एक मांग पत्र भी सौंपा। यूनियन नेताओं ने कहा इस हड़ताल के पीछे केंद्र सरकार के चार श्रम कोड और मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में हड़ताल करना है। कार्यक्रम मे सीटू नेता गोवर्धन रविदास, कुंज बिहारी प्रसाद व मनोज पासवान और झाकोमयू के ढ़ोरी क्षत्रिय सचिव जयनाथ मेहता ने कहा कि इस मांग पत्र में, ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार के चार लेबर कोड और किसान एवं मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई की देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है।

### 20 मई को हड़ताल

वामपंथी दलों ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है। इस हड़ताल के पीछे प्रमुख कारण केंद्र सरकार के चार लेबर कोड और मजदूर एवं किसान की 17 सूत्री मांगें हैं। वामपंथी दल 20 मई को दो घंटे का चक्का जाम भी करेंगे। 19 मई को चक्का जाम के लिए मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 20 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चक्का जाम कर गिरफ्तारियां दी जाएंगी।

## बोकारो : बिस्को ने एसबीआई सेक्टर-4 में किया पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाईजेशन (बिस्को) द्वारा गत माह में किये गए विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के विजेताओं को तथा समाज के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले सदस्यों को विशेष रूप से पुरस्कृत करने हेतु स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक बोकारो स्टील सिटी शाखा सेक्टर 4 में पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार श्रीवास्तव बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास एवं महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया। तत्पश्चात रश्मि सोनल सुनीता राय सुबोध रजक अवधेश प्रसाद हिमांशु शेखर मिश्रा रीता श्रीवास्तव पूजा सिन्हा श्रीजनी सेन गुप्ता द्वारा बिस्को संगठन गीत प्रस्तुत किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में महासचिव राघव कुमार सिंह ने विस्तार से अपनी बातों को रखते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारण से इस कार्यक्रम के आयोजन में विलंब हुआ है- हम सबों को इसका खेद है। बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष एसएन दास ने बिस्को संगठन का संक्षिप्त परिचय देते हुए बिस्को द्वारा सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम का संचालन सुबोध रजक एवं धन्यवाद विनोद कुमार सिन्हा ने किया। पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक और बीमा के संयुक्त सहयोग से बना यह संगठन अद्भुत है। सामाजिक सांस्कृतिक तथा क्रीड़ात्मक विकास में इस संगठन की भूमिका काफी अहम है। कार्यक्रम में जगदीश बाबला के निर्देशन में कुमारी श्रीजनी सेनगुप्ता सुबोध रजक रश्मि सोनल हिमांशु शेखर मिश्रा रीता श्रीवास्तव पूजा सिन्हा ने अपने गायन से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की सफलता में संस्था के महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ विभाष झा, रामाशीष सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दीपनारायण कुमार, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, सुबोध कुमार रजक, राकेश कुमार मिश्रा, सितारे अहमद, प्रशांत कुमार, अवधेश कुमार, ज्ञान स्वरूप सिन्हा, अरुण कुमार, कृष्णकांत कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेरमो : कोयला चोरों के बुलंद हौसले के सामने सुरक्षाकर्मी दिखते हैं बेबस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कथारा।** बुधवार को अहले सुबह 04:15 बजे जब सीसीएल सुरक्षा कर्मी यानी क्षेत्रीय गश्ति दल एवं जारंगडीह गश्ति दल, जारंगडीह कोयला स्टॉक पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग उक्त स्थल पर कोयला चोरी में लिप्त थे। चोरों की संख्या लगभग 08 से 10 की थी। गश्ति दल द्वारा कोयला चोरों को उस स्थल से खदेड़ा। उक्त चोरों को खदेड़ने के उपरांत गश्ति दल वापिस जाने लगे। वापिस जाने के क्रम में लगभग 15-20 की संख्या में कोयला चोर मोटरसाइकिल से गश्ति दल का पीछा करने लगें।चोरों द्वारा कथारा गायत्री कॉलोनी के पास जारंगडीह गश्ति दल के वाहनों को घेर लिया। जिसके उपरांत कोयला चोरों द्वारा गली गलौज करते हुए गश्ति वाहन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे गश्ति वाहन का दाहिनी साइड का शीशा टूट गया। इसके अतिरिक्त चोरों द्वारा गश्ति दल में मौजूद जवानों के साथ मारपीट भी की गई। जिससे निम्न लोग चोटिल हो गएः सुरेश राम, सुरक्ष प्रभारी, जारंगडीह धर्मराज एवं उमेश सिंह, सुरक्षा प्रहरी।कोयला चोरों द्वारा आए दिन ऐसी मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। इसके अतिरिक्त चोरों द्वारा धमकाया गया कि ये उनका रोज का धंधा है तथा उन्हें कोई नहीं रोक सकता। अब सवाल उठता है कि कोयला चोरों के आगे सीसीएल के सुरक्षा कर्मी इतने बेसस क्यो नजर आते हैं। वही दुसरी तरह इस घटना को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि कोयला चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि सुरक्षा कर्मी को घेरकर तथा उस पर हमला कर घायल तक कर डालता है और सुरक्षा कर्मी हाथ बांधे पिटते रहते हैं।

जरुरत है इन कोयला चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की जिसके लिए सीसीएल के जीएम व स्थानीय पुलिस प्रशासन को सख्ती से निपटना होगा और कोयला चोरों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी तभी इन कोयला चोरों की निडरता समाप्त होगी।

## डीपीएस चास में 'परिवर्तनकारी छात्र अभिमुखीकरण' कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस चास द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम में किशोरावस्था परामर्श के महत्वपूर्ण जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र का संचालन प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सलोनी प्रिया संस्थापक और निदेशक-उम्मीद और गुंजन और उम्मीद टीम के मुख्य सदस्यों ने किया। उनकी विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि ने छात्रों को किशोरावस्था के भावनात्मक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक बदलावों का पता लगाने में मदद की जिससे उन्हें आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ सुसज्जित किया गया। सलोनी प्रिया ने कहा कि किशोरावस्था को एक समस्या के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि एक यात्रा के रूप में समझा जाना चाहिए। गुंजन ने युवा दर्शकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर निर्देशित किया जिससे उन्हें विकल्पों सहकर्मी दबाव और आत्मनियंत्रण की शक्ति पर विचार करने में मदद मिली। कार्यक्रम का समापन निदेशक और प्रिंसिपल डॉ मनीषा तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि हमें आप जैसे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपने छात्रों को देखकर गर्व महसूस होता है।

## स्पीड न्यूज

### बाइक की भिडंत में एक की मौत, दो घायल



दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्य पथ पर विजयपुर पुल के पास दो बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें एक बाईक सवार की मौके के पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवघर जिला के चित्रा कोलवरी निवासी अरमान गुप्ता अपने साथी भाष्कर के साथ ग्लैमर बाइक से मसलिया की ओर जा रहा था। जहां सामने से आ रही तेज गति बुलेट से टकरा गया। जिससे मौके पर ही ग्लेमर बाईक सवार की मौत हो गई। मृतक बाईक सवार की पहचान देवघर जिला के चित्रा कोलवरी निवासी अरमान गुप्ता एवं घायल भाष्कर कुमार के रूप में हुई। वहीं तीसरे घायल बुल्लेट सवार की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पीजी सेमेस्टर-3 वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-25 के पीजी सेमेस्टर-3 परीक्षा 2024 का वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया है। उक्त परीक्षा में कुल 87.71 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मालूम हो कि विश्वविद्यालय ने उक्त परीक्षा 5 से 16 अप्रैल तक आयोजित की थी। अब महज 21 दिनों में परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने बताया कि अभी सिर्फ वाणिज्य संकाय का परिणाम जारी किया गया है। एक सप्ताह के अंदर कला, मानविकी और विज्ञान संकाय का परिणाम भी प्रकाशित कर दिया जाएगा। उक्त संकायों के विषयों का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है। जैसे ही मूल्यांकन प्रक्रिया सम्पन्न होगी परिणाम जारी कर दिया जायेगा।

### भाजपा नेता की पत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व सांसद



बेरमो। फुसरो नगर परिषद के करगली रेलवे क्वार्टर निवासी सह भाजपा नेता सत्येन्द्र सिंह की धर्मपत्नी स्व सुनिला देवी के श्राद्ध कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह सहित सैकड़ो गणमान्य लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### बेहोश होकर सड़क पर गिरी महिला की हुई मौत

गोड्डा। बिहार के धोरैया थाना क्षेत्र के पैर गांव के विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतक महिला का नाम सोनी देवी, उम्र करीब 19 वर्ष बताया गया है। मृतक विवाहिता अपने सौतेले पुत्र को छोड़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल जाने के क्रम में बेहोश होकर गिर गयी, जिसके बाद मौत हो गयी। हालांकि महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया। विवाहिता को उसके ससुराल वाले बांका जिले के धौरेया थाना के पैर गांव से लेकर आये थे। मौत की सूचना के बाद महिला के शव को लेकर जाना चाह रहे थे, लेकिन गार्ड ने उन्हें रोका और अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना नगर थाना को दी। इसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और घटना को लेकर पूछताछ की।

## एक नजर में

### सीसीएल कथारा क्षेत्र में ऑपरेशन ब्लैकआउट को लेकर नागरिक मॉक ड्रिल का आयोजन



कथारा। कथारा क्षेत्र में बुधवार को 'ऑपरेशन ब्लैकआउट' के अंतर्गत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को व्यापक नागरिक मॉक ड्रिल के प्रति जागरूक किया गया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में क्षेत्र की सामूहिक प्रतिक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक एकजुटता की परीक्षा लेना था। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि संकट के समय केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि समर्पित भावना और संगठित प्रयास ही किसी आपदा से लड़ने का वास्तविक हथियार हैं। इस अवसर पर कथारा जीएम संजय कुमार ने कहा कि आज का यह आयोजन हमें यह सिखाता है कि सुरक्षा किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है, जिसमें हर नागरिक सहभागी है। ऑपरेशन ब्लैकआउट जैसी मॉक ड्रिल हमें सजग, सतर्क और संगठित बनाती हैं। उन्होंने भारतीय सेना को विशेष रूप से बधाई दी, जिन्होंने हाल ही मिशन सिन्दूर के अंतर्गत 9 आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर देश की सुरक्षा को एक नई ऊंचाई दी है। भारतीय सेना की यह कार्रवाई न केवल आतंकवाद के खिलाफ एक साहसिक कदम है, बल्कि यह समर्पण, दृढ़ निश्चय और राष्ट्रप्रेम का प्रेरक उदाहरण भी है। हम सभी भारतीय सेना को उनके अद्वितीय पराक्रम और अनुकरणीय वीरता के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।

### गोड्डा नगर परिषद कर्मियों का अल्टीमेटम, 12 मई तक मांगें नहीं मानी गयी तो 13 से होगा आंदोलन

गोड्डा। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने एक बार फिर से अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है। वहीं अपनी मांगों को लेकर सभी सफाई कर्मी मंगलवार शाम 3 बजे नगर परिषद के पुराने भवन में एकत्रित हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा की। वहीं कर्मियों का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने पहले लिखित और मौखिक समझौता किया था लेकिन अब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं, इससे सभी कर्मी नाराज हैं। कर्मियों की प्रमुख मांगों में दैनिक कर्मियों की बकाया बढ़ोतरी का एरियर सहित भुगतान, नियमित कर्मियों का बकाया वेतन और पीएफ का एकमुश्त भुगतान, दैनिक कर्मियों की ईपीएफओ राशि का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मियों की बकाया पेंशन का भुगतान, नियमित कर्मियों को एससीपी का लाभ। वहीं कर्मियों ने चेतावनी दी है कि 12 मई तक मांगें नहीं मानी गईं तो 13 मई को मशाल जुलूस निकालेंगे। 14 मई को काम करते हुए धरना देंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना को आभार: जतीन



दुमका। सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने सेना का आभार प्रकट किया। सरकार और सेना ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर'। पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में भाजपा गोड्डा के पूर्व विधायक समेत सात को मिली जमानत

दुमका। आदर्श आचार संहिला उल्लंघन मामले में भाजपा गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल की बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेशी हुई। पूर्व विधायक की एमपी-एमएलए विशेष अदालत एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में पेशी हुई। पूर्व विधायक समेत अन्य आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिली। हलांकि पूर्व में एमपी-एमएलए विशेष अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश सिन्हा की अदालत से अग्रिम जमानत मिल चुकी थी। आज बुधवार को न्यायालय के समक्ष बेल बॉड भरा। मामले में पूर्व विधायक अमित कुमार मंडल, गौतम मंडल, संतोष कुमार, कमलाकांत मंडल, राहुल मंडल एवं निरंजन मंडल समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। मामला विधानसभा चुनाव के समय गोड्डा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 210/24 के तहत धारा 121,132,3(5) बीएनएस एवं लोक संपति अधिनियम 126 के तहत मामला दर्ज हुई थी।

### बेरमो : शिकायतों की जांच के लिए विद्यालय पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक



बेरमो। बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए 6 मई को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नैनाटांड़ पहुंचे। शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षक पर लगे गंभीर आरोपों की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही। जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के साड़म के नैनाटांड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते 3 मई को स्कूल के शिक्षक कुंजलाल राम द्वारा कुछ छात्राओं के साथ गलत व्यवहार एवं गलत तरीके से छूने का मामला प्रकाश में आया। दूसरे दिन 4 मई रविवार होने के कारण मामला शांत रहा।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में श्रम मंत्री संजय यादव के केस में अगले तिथि में होगी बहस

दुमका। आदर्श आचार संहिता मामले में श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव एमपी -एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई एमपी-एमएलए विशेष अदालत सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी के अदालत में हुई। सुनवाई विधानसभा चुनाव 2014 में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई। बुधवार को केस में सफाई बयान दर्ज होना था। अब अगली तिथि में बहस होगी। जिसमें थाना कांड संख्या 652/ 23 के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामला तत्कालीन बीडीओ पायल राज के लिखित आवेदन पर हुआ। मामला दर्ज वर्तमान राजद प्रत्याशी संजय यादव के खिलाफ पार्टी कार्यालय एवं झंडा-पोस्टर लगाने को लेकर, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### बोकारो महिला समिति ने गायत्री मंदिर प्रांगण में लगाया वाटर कूलर

बोकारो। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 09 स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में महिला समिति बोकारो द्वारा भेंट स्वरूप वाटर कूलर का अनावरण महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी ने किया। वाटर कूलर से श्रद्धालुओं तथा गायत्री परिवार के समस्त कार्यकताओं को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल सुचारू रूप से चौबीस घंटे उपलब्ध हो सकेगा। वाटर कूलर के अनावरण कार्यक्रम में वर्षों से गायत्री परिवार से जुड़ी हुई महिला समिति की पूर्व उपाध्यक्ष प्रीति शरण भी शामिल थीं। महिला समिति की उपाध्यक्ष अल्का मनवटी सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया सह-कोषाध्यक्ष अंजलि सुरभि प्रभारी अनिशा झा विद्यालय प्रभारी नीतू तथा आशा राज सैनिटरी तथा सिलाई केंद्र प्रभारी प्रीति राजेश तथा समिता मोहंती ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष योगदान किया।

## पेज एक का शेष

### काशिश न्यूज के जोहार टॉक्स में झारखंड के विकास पर हुई खुली चर्चा

### औद्योगिक कारिडोर बनायेंगे: यादव

श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सरकार की श्रमिक हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुये कहा कि झारखंड के श्रमिक आज अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं। राज्य सरकार उन्हें योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर पहुंचा रही है। हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्ता करना है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से झारखंड के धनबाद और सरायकेला के साथ साथ दोनों जिले के बीच करीब 100 किलोमीटर का क्षेत्र चिन्हित किया जा रहा जिसे इंडस्ट्रियल कारिडोर के रूप में विकसित करने की तैयारी है। फाइल अंतिम चरण में है जल्द कैबिनेट में चर्चा के लिए लाया जायेगा।

### विपक्ष की भी रही दमदार मौजूदगी

कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने विमर्श को और व्यापक बना दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, विधायक उज्जवल दास, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंच से अपने विचार रखे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यहां विचारधाराओं का टकराव नहीं बल्कि समाधान की दिशा में संवाद हुआ। हर वक्ता ने झारखंड को एक सशक्त और समावेशी राज्य बनाने की भावना के साथ अपने विचार रखे।

स्पीड न्यूज

### अहमदाबाद के नमो स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (नमो स्टेडियम) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पाकिस्तान जेके के नाम से गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) के ई-मेल पर मेल किया गया है। आईपीएल मैच को लेकर पुलिस और बम स्क्वॉड ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्टेडियम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान जेके के नाम से भेजे गए ई-मेल में एक लाइन की धमकी है। इसमें लिखा है कि वी विल ब्लास्ट योर स्टेडियम। इस ई-मेल के बाद पुलिस, साइबर पुलिस समेत बम स्क्वॉड स्टेडिम के चप्पे-चप्पे पर जांच कर रहा है।

### सीबीआइ निदेशक का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा

नयी दिल्ली। सरकार ने सीबीआइ के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए और बढा दिया है। केन्द्रीय कार्मिक, जन शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए बढाने को मंजूरी दे दी है। सूद भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं। नये निदेशक का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कुछ दिन पहले ही बैठक हुई थी। नये निदेशक के नाम पर सहमति नहीं बन सकी।

### पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र 48 घंटे के लिए किया बंद

नयी दिल्ली। भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमलों के बाद पाक ने बुधवार को नागरिक विमानन अपने हवाई क्षेत्र को 48 घंटे के लिए बंद करने की घोषणा की। पाकिस्तान ने पहले केवल इस्लामाबाद और लाहौर के हवाई क्षेत्र को बंद करने का ऐलान किया था और उड़ानों को इन दोनों क्षेत्रों की सभी उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया गया था।

### अमृतसर में तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़। बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र अमृतसर में एक अभियान चलाकर तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि खुफिया शाखा की विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीमों ने अमृतसर के अवानबसु गांव में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से 25 ग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल, मैगजीन और 4 जिंदा कारतूस, 2000 रुपये की ड्रग मनी, 4 स्मार्टफोन, एक मोटरसाइकिल और एक ट्रैक्टर बरामद किया।

### दहशतगर्दी की जड़ पर हमला हो : अखिलेश

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यह लड़ाई लंबी है और दहशतगर्दी की जड़ पर हमला करना होगा। यादव ने कहा कि जब आतंकवाद की जड़ पर हमला होगा तो यह जो टहनियां दिखाई दे रही हैं वे अपने आप सूख जाएंगी। यह लड़ाई लंबी है और सीमा की सुरक्षा के लिए हमेशा सजग रहना पड़ेगा।

### शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

मुंबई। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए एफटीए व एफआईआई के मजबूत रुख से बुधवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 105 अंक उछलकर 80,746 अंक पहुंचा, वहीं निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414 अंक पर पहुंच गया।मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली से मिडकैप 1.36 फीसदी छलांग लगाकर 42,970 और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377 पर पहुंचा।

# पाक तनाव बढ़ायेगा तो फिर मिलेगा जवाब

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों स्थाई सदस्यों से डोभाल ने की बात

- **सीमा पार आतंकवाद पर जीरो-टोलेरेंस की नीति के तहत अपनी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की है, अब मंशा तनाव को आगे बढ़ाने की नहीं है : अजीत डोभाल**

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने के कुछ ही घंटों बाद भारत की कूटनीति तेज हो गई। पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एनएसए ने जहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों स्थाई सदस्यों (अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों से टेलीफोन पर बात कर भारत का पक्ष रखा। वहीं शाम को चार बजे विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में यूएनएससी के पांचों स्थाई सदस्यों और नौ अस्थाई सदस्यों के भारतीय राजदूतों को बुला कर ऑपरेशन सिंदूर के पीछे की वजहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए डोभाल ने कई देशों में स्थित अपने समकक्षों से बात की। भारत का रूख साफ है कि उसने सीमा पार आतंकवाद पर जीरो-टोलेरेंस की नीति के तहत अपनी आत्मरक्षा में यह जवाबी कार्रवाई की है लेकिन अब उसकी मंशा तनाव को आगे बढ़ाने की नहीं है। हालांकि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो भारत उसका जवाब देने को भी पूरी तरह से तैयार है। यह बात भारत ने चीन को खास तौर पर बताई है। उधर, बुधवार को जैसे-जैसे दुनिया भर में भारत की तरफ से पहलगाम हमले का बदला लेने के बाद पाकिस्तान के भीतर हमला करने की सूचना पहुंची, अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आने लगी। सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें भारत की कार्रवाई की सूचना मिली है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों देशों के बीच शांति स्थापित होगी।



**डोभाल ने अमेरिका के विदेश मंत्री से की बात :** ट्रंप के उक्त बयान के कुछ ही देर बाद एनएसए डोभाल ने अमेरिका के विदेश मंत्री व कार्यवाहक एनएसए मार्को रूबियो से बात की। रूबियो ने भी कहा कि उनकी नजर पूरे हालात पर है। मैं भारत व पाकिस्तान से आग्रह करता हूं कि वह संवाद जारी करें और तनाव को खत्म करें।

ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूएई, सउदी अरब, ब्रिटेन, रूस जैसे तमाम देशों ने दक्षिण एशिया के इन दो परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच के बढ़ रहे सैन्य तनाव पर गहरी चिंता जताई है और भारत व पाकिस्तान से कहा है कि वह अब कोई ऐसा कदम नहीं उठाएं जिससे हालात और खराब हो। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में जो बात कही, उसी आधार पर ही सभी देशों को बताया गया है। भारत ने सोच समझ कर, सटीक तरीके से आतंकी शिविरों पर हमला किया है लेकिन अब मौजूदा तनाव की स्थिति को और खराब नहीं करना चाहिए।

अब आगे भारत की कार्रवाई पूरी तरह से पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। एनएसए ने यह बात चीन के विदेश मंत्री व एनएसए वांग यी को भी कही। डोभाल ने कहा कि भारत की इच्छा मामले को बिगाड़ने का नहीं है लेकिन अगर पाकिस्तान बिगाड़ता है तो भारत जवाब देने को भी पूरी तरह से तैयार है। चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसके विदेश मंत्री या राष्ट्रपति के साथ भारत का कोई संवाद नहीं हुआ है। 22 अप्रैल की घटना के बाद पीएम मोदी ने यूएनससी के पांच स्थाई सदस्यों में से चार सदस्यों के राष्ट्र प्रमुखों से और विदेश मंत्री ने 10 अस्थाई सदस्यों में से नौ के विदेश मंत्रियों से बात की है। उधर, पाकिस्तान को तुर्कीए ने भी पूरा समर्थन दिया है।

## विश्व के नेताओं ने की संयम बरतने की अपील

- **दोनों देशों के बीच जल्द खत्म होगा संघर्ष : ट्रंप**
- **भारत-पाक संयम बरते कार्रवाई से बचे : चीन**
- **दुनिया दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है : संयुक्त राष्ट**
- **इजरायल ने किया भारत के आत्मरक्षा का समर्थन**
- **पाकिस्तान और भारत को संयम दिखाना चाहिए : रूस**

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के मंगलवार देर रात चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर किये गये हमलों पर सधी हुई प्रतिक्रिया करते हुये दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि मैंने इसके बारे में सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। उम्मीद है कि यह जल्दी ही खत्म हो जायेगा। वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई-कई दशकों से लड़ रहे हैं, अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाये।

चीन ने हालांकि भारत की कार्रवाई को अफसोसजनक करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के पड़ोसी भी हैं, चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों से शांत रहने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने की अपील की है, जो स्थिति को और जटिल बना सकती है।

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिये कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिये उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया इन दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

गुटेरेस ने न्यूयार्क में जारी एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि दुनिया भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

रूसी विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान और भारत को संयम दिखाना चाहिए। प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम चिंतित हैं और दोनों देशों से संयम की अपील करते हैं।

ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव कम करने में मदद के लिए तैयार हैं। हमारा संदेश यह होगा कि हम पाकिस्तान और भारत के मित्र तथा साझेदार हैं। हम क्षेत्रीय स्थिरता, वार्ता और तनाव कम करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करने के लिए तैयार हैं। यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और तनाव कम करने का आग्रह किया है। शेख नाहयान ने दक्षिण एशिया में और अधिक क्षेत्रीय तनाव से बचने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का सबसे प्रभावी साधन है।

# जैश सरगना का पूरा कुनबा मिट्टी में मिला

- **ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर की पत्नी समेत 15 लोगों की मौत**
- **बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब भी ढेर**
- **जैश का 15 एकड़ में फैला मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह ध्वस्त**





एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संघीय सरकार ने माना है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर की मां के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। मसूद का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल है। पाकिस्तान सरकार ने फिलहाल बहावलपुर में आतंकी ठिकाने पर हुए भारत के हमले में मसूद अजहर के परिवार के सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है।

मसूद अजहर ने एक बयान में कहा है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर की बड़ी बहन, उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी व अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। हमले में अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया। इस हमले में आतंकी कारी मोहम्मद इकबाल की भी मौत हुई है। कारी इकबाल ही कोटली में चलने वाले आतंकी कैंपों का कमांडर था। कारी इकबाल के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है।

भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने बर्बाद कर दिए। इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह रहा। मरकज सुभान अल्लाह जैश-ए-मोहम्मद का सबसे महत्वपूर्ण आतंकी केंद्र था, जो बहावलपुर में 15 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यह केंद्र पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों की योजना और प्रशिक्षण का गढ़ रहा है। मरकज सुभान अल्लाह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहावलपुर के बाहरी इलाके में एनएच-5 कराची-तोर्क हम राजमार्ग पर कराची मोड़ के पास स्थित है।

यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य प्रशिक्षण और प्रचार केंद्र है। जैश-ए-मोहम्मद का यह परिचालन मुख्यालय 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले सहित कई आतंकी योजनाओं से जुड़ा हुआ है। 2015 में अफ्रीकी देशों (यूके सहित) से जुटाए गए धन से इसका निर्माण किया गया था। इस केंद्र में 600 से अधिक आतंकी रहकर प्रशिक्षण ले रहे थे।

## भारत का आतंकवाद पर जोरदार प्रहार : राजनाथ

**सेना ने सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके रच दिया इतिहास : रक्षा मंत्री**



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने वाले शिविरों को नष्ट करने के लिए सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके इतिहास रचा है। सिंह ने बुधवार को मानेकशॉ सेंटर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 66वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिविरों को नष्ट करने के लिए सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजना के अनुसार, लक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया और किसी भी नागरिक आबादी को नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केवल आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिविरों और अन्य बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी, जिसका उद्देश्य उनका मनोबल तोड़ना था। मैं पूरे देश की ओर से सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं।

## हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या का जवाब है ऑपरेशन सिंदूर : अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी होगी।

## खड़गे और राहुल ने किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है।

## 140 करोड़ भारतीयों के सपनों को लेकर चलते हैं हमारे रॉकेट

### मील का पत्थर है देश की अंतरिक्ष प्रगति : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष विजन वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन दर्शन में निहित है।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन (जीएलईएक्स) 2025 को संबोधित किया। दुनिया भर से आए



प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने जीएलईएक्स 2025 में भारत की उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि अंतरिक्ष केवल एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय रॉकेट पेलोड से कहीं अधिक ले जाते हैं। वे 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष प्रगति महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मील का पत्थर है और यह इस बात का प्रमाण है कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है।

# नारी शक्ति ने दुनिया को सुनाई ऑपरेशन सिदूंर की सच्चाई

- **सोफिया कुरैशी और उनके पति सेना की मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में अधिकारी हैं**
- **बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भाग लेने वाली एकमात्र महिला कमांडर रहीं**



- **18 दिसंबर 2017 में वायुसेना में विंग कमांडर बनीं व्योमिका सिंह**
- **चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल**

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिखाया। दुनिया के समक्ष भारतीय सेना के पराक्रम से भरे इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की आधिकारिक जानकारी रखने के लिए भारतीय सेना की ओर से बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस की अगुवाई दो महिला सैन्य अधिकारियों ने की। इनमें एक भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और दूसरी भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह। जिसके बाद भारतीय सेना की ये दोनों महिला अधिकारी सुर्खियों में हैं। मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने 1997 में एम.एस. यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद भारतीय सेना को चुना और कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स में शामिल होकर कई सफलताएं हासिल कीं। उनके दादा भी भारतीय सेना से जुड़े हुए थे। सोफिया आज खुद और उनके पति दोनों भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। साल 2016 में कर्नल सोफिया ने भारतीय सेना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वे पहली महिला अधिकारी बनीं जिन्होंने भारतीय दल का नेतृत्व किया और 18 देशों द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भाग लेने वाली एकमात्र महिला कमांडर रहीं। उनके नेतृत्व में भारतीय दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल और संकल्प शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शांति मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। संयुक्त राष्ट्र के पीसकीपिंग ऑपरेशन्स के तहत छह वर्षों की सेवा के दौरान, वे 2006 में कांगो में तैनात रहीं। शांति स्थापना और मानवीय सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना में कमीशन हुईं विंग कमांडर व्योमिका सिंह बेहतरीन विंग कमांडर में से एक हैं। उनके पास लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने का बेहतरीन अनुभव है। चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल है। उनके पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव और उन्हें ऊंचे पहाड़ी इलाकों में उड़ान की विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में कई ऑपरेशन किए हैं। व्योमिका सिंह को वायुसेना में शामिल होने के 13 साल बाद विंग कमांडर का पद मिला। 18 दिसंबर 2017 में वे विंग कमांडर बनीं। व्योमिका सिंह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और एनसीसी में भाग लिया। वह अपने परिवार की पहली सदस्य हैं, जिन्होंने सशस्त्र बलों में सेवा की है। वायुसेना में शामिल होकर व्योमिका सिंह ने अपने बचपन का सपना पूरा किया। उनके नाम व्योमिका का अर्थ है- आकाश में निवास करने वाली।

